

प्रयागराज, गुरुवार, 6 अप्रैल, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अन्दर : पृथ्वी की खराब बल्लेबाजी से नाराज हुए सहवाग



अन्दर : राजा को कोई फर्क नहीं पड़ता

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# नेताओं के लिए अलग कानून नहीं: एससी

## सीबीआई-ईडी के खिलाफ विपक्षी दलों की अर्जी खारिज, लगा बड़ा झटका

**फैसला**

**विपक्षी दलों ने कोर्ट की इस टिप्पणी के बाद अपनी याचिका वापस ली**

**जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा- संसद में अपनी चिंताओं को उठा सकते हैं**



**नई दिल्ली।** सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों के मनमाने इस्तेमाल को लेकर 14 विपक्षी दलों की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने बुधवार को कहा कि राजनेताओं के लिए अलग से गाइडलाइन नहीं बनाई जा सकती। विपक्षी दलों ने कोर्ट की इस टिप्पणी के बाद अपनी याचिका वापस ले ली।

सीजेआई ने यह भी कहा कि जब आप ये कहते हैं विपक्ष का महत्व कम हो रहा है तो इसका इलाज राजनीति में ही है, कोर्ट में नहीं। सीजेआई ने यह भी कहा कि कोर्ट के लिए तथ्यों के अभाव में सामान्य गाइडलाइन जारी करना खतरनाक होगा। बता दें कि कांग्रेस के नेतृत्व में 14 विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर सीबीआई और ईडी के मनमाने इस्तेमाल का आरोप लगाया था। याचिका में इन दलों ने गिरफ्तारी, रिमांड और जमानत को लेकर नई गाइडलाइन जारी करने की मांग की थी।

विपक्षी दलों की तरफ से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील पेश की। सिंघवी ने कहा कि साल 2013-14 से लेकर 2021-22 तक सीबीआई और ईडी के मामलों में 600% की वृद्धि हुई है। ईडी ने 121 नेताओं की जांच की, जिनमें से 95% विपक्षी दलों से हैं। वहीं सीबीआई ने 124 नेताओं की जांच की, जिसमें से 95% से अधिक विपक्षी दलों से हैं।

इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सिंघवी से पूछा, क्या हम इन आंकड़ों की वजह से कह सकते हैं कि कोई जांच या मुकदमा नहीं होना चाहिए? क्या यह बचाव का कारण हो सकता है? कोर्ट ने कहा कि एक राजनीतिक दल का नेता मूल रूप से एक नागरिक होता है और नागरिकों के रूप में हम सभी एक ही कानून के अधीन हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने याचिका की वैधता और व्यावहारिकता पर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने सिंघवी से पूछा कि क्या वह जांच और केस से विपक्षी दलों के लिए सुरक्षा की मांग कर रहे हैं? क्या उनके पास नागरिक के रूप में कोई विशेष अधिकार है? सिंघवी ने स्पष्ट किया कि वह विपक्षी नेताओं के लिए कोई सुरक्षा या छूट नहीं मांग रहे, बल्कि केवल कानून की निष्पक्षता चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष को कमजोर और डराने के लिए एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है और यह लोकतंत्र और कानून के शासन के लिए नुकसानदेह है। सरकार कोर्ट द्वारा निर्धारित 'ट्रिपल टेस्ट' का भी उल्लंघन कर रही है। यानी किसी की गिरफ्तारी के लिए वजह, जरूरत और अपराध के अनुरूप सजा को ध्यान में रखना। हालांकि चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ सिंघवी के तर्कों से सहमत नहीं हुए और कहा कि आपकी याचिका पूरी तरह राजनेताओं के लिए ही है। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि याचिका में आम नागरिकों के अधिकारों और हितों को ध्यान में नहीं रखा गया है। याचिका में ऐसा नहीं लगता कि जांच एजेंसियों की कार्रवाई से आम नागरिक कहीं प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सिंघवी संसद में अपनी चिंताओं को उठा सकते हैं। इसके बाद सिंघवी ने याचिका वापस लेने का फैसला किया और कहा कि सत्ता के दुरुपयोग को लेकर जब उनके पास मजबूत तथ्य सामने आएंगे तो वे फिर कोर्ट आएंगे।

### क्या थी 14 विपक्षी दलों की याचिका

गिरफ्तारी व रिमांड के लिए सीबीआई व ईडी अधिकारी ट्रिपल टेस्ट का इस्तेमाल करें। कोर्ट गंभीर शारीरिक हिंसा छोड़ अन्य अपराधों में गिरफ्तारी पर रोक लगाए। अगर आरोपी तय शर्तों का पालन नहीं करता है तो उन्हें कुछ घंटों की पूछताछ या फिर हाउस अरेस्ट की अनुमति ही दी जानी चाहिए। जमानत एक अपवाद वाले सिद्धांत का पालन अदालतों द्वारा एऊव उइकके केसों में भी किया जाना चाहिए। जहां पर ट्रिपल टेस्ट का पालन किया गया है, वहां पर जमानत से इनकार किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाने वाले विपक्षी दलों में कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, आरजेडी, बीआरएस, आम आदमी पार्टी, एनसीपी, शिवसेना, (यूटीबी), जेएमएम, जेडीयू, सीपीआई(एम), सीपीआई, समाजवादी पार्टी और जम्मू-कश्मीर नेशनल कांग्रेस का नाम शामिल थे।

# पेपर लीक में तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष अरेस्ट

**कदम**

**बंदी संजय कुमार को आधी रात घर से उठाकर ले गई पुलिस**

**प्रधानमंत्री के दौरे से तीन दिन पहले गिरफ्तारी**



**नई दिल्ली।** तेलंगाना में एसएससी बोर्ड का पर्चा लीक मामले में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंदी संजय को पुलिस ने मंगलवार आधी रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस करीमनगर स्थित उनके आवास पर पहुंची और उन्हें गाड़ी में बैठाकर ले गई। इस दौरान भाजपा समर्थकों और पुलिस के बीच टकराव की स्थिति भी बनी।


पुलिस बंदी संजय को पहले यद्रादी भुवनगिरी जिले के बोम्माला रामाराम पुलिस स्टेशन ले गई। भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक पुलिस कार्रवाई का विरोध करने यहां भी बड़ी संख्या में पहुंच गए। इसके बाद पुलिस ने संजय को बुधवार सुबह करीब 11 बजे जनगांव जिले के पालाकुर्थी में मेडिकल एग्जाम के लिए ले गई। उन्हें बुधवार को ही वारंगल कोर्ट में पेश किया जाएगा। बंदी संजय के खिलाफ करीमनगर और वारंगल में दो एफआईआर दर्ज हुई हैं। ये दोनों एफआईआर भाजपा कार्यकर्ताओं के हंगामे और छात्रों को विरोध प्रदर्शन करने के लिए उकसाने के आरोप में की गई हैं। पुलिस के मुताबिक, 4 अप्रैल को वारंगल में राज्य में सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट बोर्ड के हिंदी का एग्जाम शुरू होने के कुछ ही देर में पेपर लीक हो गया था। पूर्व जर्नलिस्ट और मौजूदा भाजपा कार्यकर्ता भूराम प्रशांत ने इस पेपर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सकुर्लेट कर दीं। इस केस में मुख्य आरोपी का भाजपा से कनेक्शन होने के कारण पुलिस ने बंदी संजय कुमार को गिरफ्तार किया है।

# शिवलिंग की कार्बन डेटिंग पर सुनवाई टली

**कोर्ट नाराज**

**जवाब दाखिल नहीं करने पर हाईकोर्ट ने एएसआई के अधिकारियों को लगाई फटकार**

**एएसआई ने अभी तक नहीं दाखिल किया जवाब**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी केस में शिवलिंग की कार्बन डेटिंग केस की सुनवाई बुधवार को भी नहीं हो सकी। शिवलिंग की कार्बन डेटिंग जांच के मामले में हाईकोर्ट ने अरक को 20 मार्च को हुई सुनवाई में जवाब दाखिल करने का अंतिम मौका दिया था। जस्टिस अरविंद कुमार मिश्र की एकल पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। बुधवार को भी एएसआई के अधिकारियों ने जब जवाब दाखिल नहीं किया तो हाईकोर्ट ने गहरी नाराजगी जाहिर की। अब इस मामले की अगली सुनवाई 17 अप्रैल को होगी। पिछली सुनवाई में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से कोर्ट ने पूछा था कि क्या शिवलिंग को नुक्सान पहुंचाए बिना कार्बन डेटिंग जांच की जा सकती है? याची अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने बताया कि इस जांच से शिवलिंग की आयु का पता चल सकेगा पर अभी तक एएसआई ने हाईकोर्ट में कोई जवाब दाखिल नहीं किया है। इसपर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए जवाब दाखिल करने का एएसआई को अंतिम मौका दिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए 20 मार्च को को एएसआई से फिर पूछा कि क्या बिना नुकसान पहुंचाए कार्बन डेटिंग जांच की जा सकती है? 16मई 2022 की कमीशन कार्यवाही के दौरान मिले कथित शिवलिंग का साइंटिफिक सर्वे एएसआई से कराए जाने की मांग को लेकर दाखिल वाद जिला अदालत वाराणसी ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति कायम रखने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट कर रही है। ऐसे में सिविल कोर्ट को आदेश पारित करने का अधिकार नहीं है। जिला जज वाराणसी के 14 अक्टूबर 2022 को कार्बन डेटिंग की मांग वाली अर्जी खारिज करने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास और रेखा पाठक की ओर से यह सिविल रिवीजन दाखिल की गई है। अगली सुनवाई 5 अप्रैल यानी आज होनी है।

## ईडी केस में भी मनीष को 17 अप्रैल तक जेल

**नई दिल्ली।** कथित शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ जो केस दर्ज किया है उसमें अदालत ने उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत पर सुनवाई के बाद उन्हें 17 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गौरतलब है कि ईडी द्वारा दर्ज मामले में आज सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया है। इससे पहले अदालत ने सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में भी मनीष सिसोदिया को 17 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा हुआ है। ऐसे में अब उनका 17 अप्रैल से पहले जेल से बाहर आ पाना मुश्किल है। मनीष सिसोदिया के वकील विवेक जैन ने अदालत में दलीलें रखते हुए कहा कि मनीष सिसोदिया और उनके परिवार के अकाउंट में एक भी पैसा नहीं आया है। ईडी ने उनके घर पर छापा भी मारा था और बैंक अकाउंट भी चेक किया था।

# सीएम योगी ने बांटे नियुक्ति पत्र

**उपहार**

**यूपी को मिले 795 अफसर, बोले सीएम-अब मुन्नाभाई पहले ही पकड़ लिए जाते हैं**

**आज उत्तर प्रदेश के बारे में लोगों की धारणा बदली है**



**लखनऊ।** मिशन रोजगार के तहत सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अलग-अलग विभागों के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस तरह यूपी को 795 नए अफसर मिले हैं। लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में योगी ने कहा कि पहले भर्तियों में भ्रष्टाचार इस कदर था कि जो योग्य नहीं था, वो आयोग का अध्यक्ष होता था। आज उत्तर प्रदेश ऐसा राज्य है, जहां परीक्षा के पहले ही मुन्नाभाई जैसे सॉल्वर उठा लिए जाते हैं। सीएम योगी ने कहा कि आप सभी चयनित युवा कार्मिकों का अभिनंदन करता हूं। उत्तर प्रदेश मे कार्य करना एक गौरव की बात है, ये माना जाता है, जिसने यहां कार्य किया। वह देश में कही भी कार्य कर सकता है, ये कार्मिक की धारणा है। उत्तर प्रदेश में शासन की नीतियों के आधार पर कार्य करना बड़ी जिम्मेदारी होती है। शासन की छवि कार्मिकों के आचरण से ही मजबूत होती है।

उन्होंने कहा कि हमारी टीम ने केंद्र और राज्य के योजनाओं को धरातल पर शत प्रतिशत उतारने के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य किया। इससे उत्तर प्रदेश के विकास की गति तेज हुई। आज उत्तर प्रदेश के बारे में लोगों की धारणा बदली है। उत्तर प्रदेश आज उदाहरण है। आपकी पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि आपने इस सरकार के समय आवेदन किया। कोई सिफारिश नहीं करनी पड़ी। आज आपको नियुक्ति पत्र दिया। नियुक्ति विभाग ने आपको कॉल करके बुलाया। अगर शासन की नियत मे खोट हो, भ्रष्टाचार का बोलबाला हो तो कुछ नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि हमने जब 2017 मे शासन संभाला तब सरकारी पद खाली पड़े थे। एक लाख 64 हजार पुलिसकर्मी की भर्ती हुई। सपा शासन में ढअउ की 54 कंपनियां खत्म कर दी गयी थी।

## किसान-मजदूरों ने निकाली संघर्ष रैली

**नई दिल्ली।** केंद्र की नीतियों के विरोध में दिल्ली के रामलीला मैदान में संघर्ष रैली का आयोजन किया गया। यहां देश के अलग-अलग राज्यों से आए किसान और मजदूर संगठनों ने एकजुटता दिखाई है। रैली में बड़ी संख्या में देश के अलग-अलग राज्यों से किसान और मजदूर पहुंच रहे हैं। रैली का आयोजन अखिल भारतीय किसान सभा, सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन और अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन ने संयुक्त रूप से किया है। इस रैली में देशभर से आए किसान, मजदूर और खेत मजदूरों के साथ आशा, आंगनवाड़ी और मनरेगा वर्कर्स मौजूद हैं। इस प्रदर्शन को देखते हुए एआईकेएस मोर्चा की तरफ से कहा जा रहा है कि हमारा सवाल देश की नरेंद्र मोदी सरकार से है कि दो करोड़ लोगों को नौकरी देने का वादा किया गया था, लेकिन हम सरकार से पूछना चाहते हैं कि आखिर वह नौकरी कहां गईं और कितने लोगों को नौकरी दी गई है। मोर्चा ने कहा है कि आज देश में दिहाड़ी मजदूरों का एक बड़ा मुद्दा भी है।




## मार्शल ने भाजपा विधायक को टांगकर बाहर किया

पटना। बिहार में हिंसा को लेकर विधानसभा में बजट सत्र के आखिरी दिन भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया। भाजपा विधायक जीवेश मिश्रा को 5 मार्शलों ने टांगकर सदन से बाहर निकाला। इस पूरे वाकये का वीडियो सामने आया है। रामनवमी के दौरान हुई हिंसा को लेकर बुधवार को ये विधायक सदन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जवाब मांग रहे थे। स्पीकर ने उन्हें 2-3 बार बैठने को कहा। जब वे नहीं माने तो स्पीकर ने मार्शल बुलाकर विधायक जीवेश मिश्रा को बाहर निकालने का आदेश दे दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। जब कार्यवाही फिर से शुरू हुई तो स्पीकर ने समापन भाषण देकर उसे अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दिया।




# 12वीं की किताब से 'गांधी की हिन्दू-मुस्लिम एकता' और 'आरएसएस पर बैन' के अंश हटे

**बदलाव**

**एनसीआरटी ने कहा, किसी तरह की काट-छांट नहीं**



नई दिल्ली। राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की नए शैक्षणिक सत्र के लिए 12वीं कक्षा की राजनीतिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में कुछ बदलाव हुआ है। इसमें 'महात्मा गांधी की मौत का देश की संप्रदायिक स्थिति पर प्रभाव और गांधी की हिन्दू मुस्लिम एकता की अवधारणा ने हिन्दू कट्टरपंथियों को उकसाया' जैसे अंश नहीं हैं। इसके अलावा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) जैसे संगठनों पर कुछ समय के लिए प्रतिबंध सहित कई पाठ्य अंश को भी हटा दिया गया है। एनसीईआरटी ने हालांकि यह दावा किया है कि इस वर्ष पाठ्यक्रम में कोई काटछांट नहीं की गई है और पाठ्यक्रम को पिछले वर्ष जून में युक्तिसंगत बनाया गया था। पिछले वर्ष पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाने और कुछ अंशों के अप्रसांगिक होने के आधार पर एनसीईआरटी ने गुजरात दंगों, मुगल दरबार, आपातकाल, शीत युद्ध, नक्सल आंदोलन आदि के कुछ अंशों को पाठ्यपुस्तक से हटा दिया था। पाठ्यपुस्तक को युक्तिसंगत बनाने के नोट में महात्मा गांधी के अंश के बारे में कोई उल्लेख नहीं है। एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश सकलानी ने कहा, पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाने की कवायद पिछले वर्ष की गई और इस वर्ष जो कुछ हुआ है.। वह नया नहीं है। उन्होंने हालांकि बिना घोषणा के युक्तिसंगत बनाने की कवायद के परिणामस्वरूप हटाये गए अंशों के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की। एनसीईआरटी की वेबसाइट पर एक नोट में कहा गया है, कोविड-19 महामारी के मद्देनजर यह महसूस किया गया कि छात्रों पर पाठ्यसामग्री के बोझ को कम किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में पाठ्य सामग्री के बोझ को कम करने और रचनात्मक सोच का उपयोग करके अनुभव के आधार पर सीखने पर जोर दिया गया है।

## आज विपक्षी दलों का संसद भवन से विजय चौक तक मार्च

**नई दिल्ली।** अडाणी-हिंडनबर्ग मामले और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने को लेकर बजट सत्र के आखिरी दिन विपक्षी दल संसद भवन से विजय चौक तक तिरंगे झंडे के साथ मार्च करने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार, सभी विपक्षी दल गुरुवार को संसद भवन से विजय चौक तक तिरंगे झंडे के साथ मार्च करने वाले हैं, और अनुमति मिली तब कांस्टीट्यूशन क्लब में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। कांग्रेस सत्र शुरू होने के दिन से ही अडाणी-हिंडनबर्ग मामले पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग को लेकर सरकार पर हमलावर है। गुरुवार को संसद सत्र का आखिरी दिन है। विपक्षी एकजुटता दिखाने के लिए मोदी सरकार की नीतियों के विरुद्ध अपना विरोध दर्ज कराने के लिए तमाम विपक्षी दलों के नेता संसद से विजय चौक तक मार्च निकालने वाले हैं। एक ओर विपक्ष दल एकजुट होकर मोदी सरकार से अडानी मामले पर जेपीसी के गठन की मांग कर रहे हैं।

# हनुमान जयंती पर केंद्र की राज्यों को एडवाइजरी


**दिये निर्देश**

**कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा- बंगाल सरकार केंद्र से फोर्स मांगे**

**केंद्र भी राज्य सरकार की मांग पर तत्काल कदम उठाए**

**रामनवमी पर बंगाल समेत 5 राज्यों में हिंसा हुई थी, 5 दिन तक तनाव रहा**

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में रामनवमी पर हिंसा के बाद गृह मंत्रालय ने बुधवार को सभी राज्यों के लिए एडवाइजरी जारी की। मंत्रालय ने कहा कि हनुमान जयंती पर शांति बनी रहे, इसके लिए कानून-व्यवस्था बनाए रखें। हर ऐसी चीज पर नजर रखें, जिससे साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका हो। हनुमान जयंती 6 अप्रैल को है। उधर, कलकत्ता हाईकोर्ट ने भी मंगलवार को बंगाल सरकार को इसी सिलसिले में निर्देश दिए। हाईकोर्ट ने कहा- अगर आपके पास पुलिस कम है तो आप केंद्र से फोर्स मांगिए। और केंद्र सरकार भी तुरंत आपकी अपील पर कदम उठाए। हमें लोगों की सुरक्षा करनी है। कोर्ट ने कहा कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कोई भी राजनीतिक शख्सियत या कोई नेता या आम आदमी गुरुवार को मनाए जाने वाले त्योहार को लेकर जनता या मीडिया के सामने कोई बयान नहीं देगा। कोर्ट ने राम नवमी पर हुई हिंसा का हवाला देते हुए सरकार से सवाल किया। कोर्ट ने कहा- आप कह रहे हैं कि कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है। हमारे पास कुछ जजों के खत आए हैं। उन्होंने कहा कि उनके घरों के पास दंगा हो रहा है। तब क्या होगा, जब ऐसा ही माहौल कोर्ट परिसर के भीतर भी हो जाए। कुछ तो करना होगा। आप शोभायात्रा के रास्तों पर बैरिकेड्स लगाइए। पुलिस शांति मार्च निकाल सकती है ताकि लोगों को यह लगे कि वह सुरक्षित हैं। पश्चिम बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट में शिबपुर और रिशरा में हुई हिंसा पर एक रिपोर्ट पेश की। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि हनुमान जयंती के मद्देनजर राज्य में शांति बनाए रखने के लिए वह क्या कदम उठा रही है। 30 मार्च को रामनवमी पर पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में हिंसा हुई थी। इसके बाद 3 दिनों तक इन राज्यों के कुछ इलाकों में तनाव बना रहा था। इन राज्यों में 100 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए थे। सबसे ज्यादा बिहार और बंगाल प्रभावित हुआ।



### दिल्ली के जहांगीरपुरी में हनुमान जयंती के जुलूस पर रोक

दिल्ली में हनुमान जयंती से एक दिन पहले पुलिस ने जहांगीर पुरी में फ्लैग मार्च किया। पुलिस ने 6 अप्रैल को हनुमान जयंती पर जहांगीरपुरी इलाके में जुलूस निकालने के लिए विश्व हिंदू परिषद और एक अन्य समूह को अनुमति देने से इनकार कर दिया।

# शिक्षा पर 700 करोड़ से ज्यादा खर्च करेगी योगी सरकार

**कार्ययोजना**

**स्कूलों को सौर पैनलों, स्मार्ट वेस्ट प्रबंधन और ग्रीन स्कूल के तौर पर विकसित करेंगे**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने आगामी तीन माह में बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर 750 करोड़ से ज्यादा के बजट पर खर्च की कार्ययोजना बनाई है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि ये राशि इन तीनों ही विभागों में पहले से जारी या नई योजनाओं पर खर्च की जाएगी। इनमें कई योजनाएं केंद्र द्वारा प्रायोजित हैं, जिन पर केंद्र सरकार द्वारा बजट की किस्त जारी होने और प्रदेश सरकार की मंजूरी के बाद व्यय किया जाएगा। उन्होने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग ने विभिन्न योजनाओं पर 121 करोड़ रुपए के बजट व्यय की कार्ययोजना बनाई है तो उच्च शिक्षा विभाग ने 20 करोड़ से अधिक राशि के खर्च की कार्ययोजना प्रस्तुत की है। वहीं माध्यमिक शिक्षा विभाग ने 600 करोड़ से ज्यादा के बजट की प्राप्ति के आधार पर व्यय का अनुमान जताया है।

सूत्रों के अनुसार बेसिक शिक्षा विभाग को पीएम श्री योजना के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार से 510 करोड़ रुपए का बजट प्राप्त होना है। विभाग ने शुरूआती तीन माह में इस योजना के अंतर्गत 76.10 करोड़ की धनराशि व्यय करने की कार्ययोजना बनाई है। पीएम श्री के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2022 के तहत देश भर के लगभग 14,500 सरकारी स्कूलों को अपग्रेड करने की योजना है। स्कूलों को सौर पैनलों, स्मार्ट वेस्ट मैनेजमेंट के साथ ग्रीन स्कूल के रूप में भी विकसित किया जाएगा। इसके अलावा चिल्ड्रेन एंड एडोलसेंड्स लाइब्रेरीज एंड डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी विभाग को 300 करोड़ का बजट प्राप्त होना है। विभाग की ओर से इस योजना पर 45 करोड़ रुपए खर्च किए जाने का प्लान है। इस योजना में केंद्र सरकार नेशनल लाइब्रेरी बनाएगी और राज्यों को वार्ड और पंचायत लेवल पर बच्चों तक इसकी पहुंच के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए प्रेरित करेगी।

माध्यमिक शिक्षा विभाग की बात करें तो पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना के अंतर्गत 390 करोड़ का बजट मिलना प्रस्तावित है। यह केंद्र द्वारा प्रायोजित योजना है जिस पर व्यय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता, शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना एवं आवंटित बजट के द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा सेल्फ फाइनेंस्ड स्कूलों में अध्ययनरत एक अभिभावक की दूसरी पुत्री की ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति के लिए विभाग को 5 करोड़ के बजट का प्रस्ताव है। विभाग इस योजना के तहत शासन द्वारा प्राविधानित धनराशि की स्वीकृति के बाद जनपदों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर अप्रैल के लिए 1.39 करोड़ का आवंटन किया जाएगा। चिल्ड्रेन एंड एडोलसेंड्स लाइब्रेरीज एंड डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर 237 करोड़ के बजट का प्रावधान है, जिस पर विभाग ने कहा है कि केंद्रांश की प्रथम किस्त जून 2023 में प्राप्त होने की संभावना है जिसके बाद शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त होने के बाद योजना के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय के लिए क्रमशः 5 और एक करोड़ के बजट पर व्यय का विवरण प्राप्त कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग ने भी आगामी तीन माह के लिए बजट व्यय की कार्ययोजना प्रस्तुत की है। इसके अंतर्गत स्किल हब की स्थापना के लिए 2.10 करोड़ के बजट का प्रावधान है। विभाग इसके लिए आवश्यक उपकरणों की खरीद व आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था करेगा। इस योजना के माध्यम से सरकार स्कूल छोड़ चुके छात्र-छात्राओं के लिए व्यवसायिक शिक्षा प्रदान करने और स्कूल के बाद तथा सप्ताहिक अवकाश के दिन स्किल ट्रेनिंग के शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स कराएगी। उच्च शिक्षा गुणवत्ता संवर्धन पर 2 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की जाएगी। मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना पर 10 करोड़ रुपए, वार्ड स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी के लिए 5 करोड़ रुपए और रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्किल हब पर एक करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। कुल मिलाकर उच्च शिक्षा विभाग आगामी तीन माह में 20.1 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय करेगा।

# मोबाइल के दुकान का शटर कटकर लाखों की मोबाइल चोरी, दो चोर दबोचे गए

**फाफामऊ।** प्रतापगढ़ रोड फाफामऊ स्थित एक मोबाइल की दुकान का शटर काटकर चोर दुकान में रखी लाखों की रुपए कीमत की मोबाइल फोन चुराकर फरार हो गए। जबकि सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना देख पहुंचे दुकानदार पर पुलिस ने चोरी करके भाग रहे दो चोरों को दबोच लिया जबकि तीन चोर मोबाइल चोरी कर भागने में कामयाब रहें। चोरों द्वारा मोबाइल की दुकान में चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने दुकानदार की तहरीर पर 5 चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक रंगपुरा गांव के प्रदीप कुमार यादव की फाफामऊ बाजार में प्रतापगढ़ रोड स्थित प्रदीप टेलीकॉम के नाम से थोक मोबाइल की दुकान है। मंगलवार की रात करीब तीन बजे चोर कटर से दुकान का शटर काटकर दुकान में दो चोर दाखिल हो गए जानकी तीन चोर बाहर से देखरेख करते रहे। पड़ोस के एक युवक ने दुकान में आती आवाज सुनकर दुकान के मालिक को सूचना दी। दुकानदार ने दुकान में लगी सीसीटीवी कैमरे से अटैच मोबाइल में देखा तो दुकान में चोर घुसकर चोरी कर रहे थे। दुकानदार ने पुलिस को सूचित कर अपने अन्य साथियों के साथ दुकान पर पहुंचे तो दुकान के बाहर खड़े तीन चोर बीस मोबाइल जिसकी कीमत करीब तीन लाख रुपए थी चोर लेकर फरार हो गए। जबकि दो चोरों को पुलिस और स्थानीय लोगों ने दौड़कर दबोच लिया। पकड़े गए चोर बिहार के भगवती प्रसाद और एक अन्य है। पुलिस कड़ाई कर उनके अन्य साथियों के बारे में पूंछ तांछ कर रही है।



चोरों द्वारा तोड़ा गया शटर का लाक





दुकान में चोरी के बाद बिखरे मोबाइल के खाली डिब्बे व लोगों की पकड़ में चोर

## मऊआइमा में चोरों ने सेंधमारी कर के लाखों के सामान पर किया हाथ साफ

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में चोरी की घटना आम हो गई है। बीती रात चोरों ने सेंधमारी करके परचून की दुकान से लाखों का चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलतानपुर खास डाकखाना के सामने दिलीप कुमार केसरवानी पुत्र गंगा प्रसाद की परचून की दुकान है। बताया गया है कि बुधवार को सुबह जब दिलीप कुमार केसरवानी सुबह दुकान खोला तो देखा कि वन विभाग के पीछे लगे जंगले का सरिया कटा था। चोरों ने पन्द्रह टीन फार्च्यून तेल, बादाम, काजू, तमाम प्रकार के सामान चोरी कर ले गए। दिलीप कुमार के अनुसार लगभग पचास हजार का फुट कर सामानों और लगभग पचास हजार के ऊपर तेल चोर चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी दिलीप कुमार ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# विद्युत शार्ट सर्किट से लगी आग, गेहूं की डेढ़ बीघे कटी फसल जलकर राख

**करछना।** गर्मी की दस्तक होते हैं आग लगने की घटनाएं बढ़नी शुरू हो गए हैं बुधवार को करछना तहसील के कुशलगढ़ गांव में खेत के ऊपर से गए विद्युत तार में कोई शार्ट सर्किट से गेहूं के खेत में आग लग गई जब तक फायर ब्रिगेड और गांव के लोगों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया तब तक तकरीबन डेढ़ बीघा गेहूं की कटी फसल जलकर नष्ट हो गई।करछना तहसील के कुशगढ गांव कि किसानों की गेहूं की फसल पक गई है लोग कटाई लगाएं यहां के रहने वाले सुधाकर शुक्ला का करीब डेढ़ बीघे गेहूं की फसल कट गई थी। बोझ बांधकर खेत में ही फसल रखी थी। बुधवार दोपहर में उनके खेत के ऊपर से गए बिजली के तार में तेज हवा की वजह से शार्ट सर्किट हो गई। जिसकी चिंगारी से गेहूं के खेत में आग लग गई। जब आग लगी तो बगल के खेत में कुछ लोग अपना गेहूं काट रहे थे। उन लोगो ने शहर मचाया और गांव वालो को खबर दी। तत्काल फायर ब्रिगेड बुलाया गया। जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचा आग पूरे खेत में फैल चुकी थी। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने बताया की संयोग ये अच्छा था कि समय रहते आग लगने की जानकारी हो गई। इसलिए जल्द से जल्द आग पर काबू पा लिया गया।

अगर आग फैलती तो सैकड़ों बीघे गेहूं की कटी और खड़ी फसल खाक हो जाती। गांव वालो ने आरोप लगाया है कि बिजली के जर्जर तारों की वजह से आए दिन शार्ट सर्किट होती है और आग लगती है। विभाग के लोग इन तारों को बदल नही रहे है।



जलकर राख हुई फसल व आग बुझाते दमकल कर्मी

# पीएम आवास में धांधली को लेकर बीडीओ को सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन

**करछना।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) गुट के किसानों ने बुधवार को विकासखंड करछना कार्यालय पर पंचायत का आयोजन किया। जिसमें भारतीय किसान यूनियन भानु के पदाधिकारियों ने पिछले एक महीने में संगठन की ओर से की गई मांगों और शासन प्रशासन की तरफ से हुई कार्रवाइयों की समीक्षा की। किसान हितों में महीने भर में क्या-क्या कार्य किए गए, सभी पदाधिकारियों से उसका ब्यौरा लिया गया। उसके बाद खंड विकास अधिकारी करछना को एक ज्ञापन सौंपकर 7 सूत्रीय मांग की गई। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के मंडल संरक्षक कृष्ण बली सिंह, जिला संगठन मंत्री अनिल बिंद, ब्लॉक अध्यक्ष मीनाक्षी, संदीप कुमार, राहुल सिंह, बीके सिंह, रागिनी देवी, सुमन अवस्थी समेत दर्जनों लोगों ने पंचायत में हिस्सा लिया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन पात्र लाभार्थियों का नाम पात्रता सूची में पैसा न मिलने के कारण अपात्र किया गया है। उनकी जांच कराई जानी चाहिए। पीएम आवास योजना में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच करने की भी मांग की गई। साथ ही वृद्धा, विधवा, विकलांग, पेंशन एवं अन्य योजनाओं का लाभ कैंप लगाकर पात्र लोगों को दिए जाने को कहा गया। खंड विकास अधिकारी करछना को शॉप पर गए मांग पत्र में किसान संगठन के लोगों ने क्षेत्र के देहली भगेसर गांव में पीएम आवास में हुई हेरा फेरी की जांच कराकर पात्र लोगों को आवास आवंटित कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। मांग पत्र में मुंगारी ग्राम सभा में मनरेगा के तहत काम करने वाले 67 मजदूरों की 2 माह की मजदूरी दिलाने और इसी गांव की प्रियंका देवी पत्नी मनोज कुमार का नाम पीएम आवास योजना की पात्रता सूची में होने के बावजूद आवास ना मिलने की जांच कराने की मांग की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगली पंचायत मई में की जाएगी।



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते लोग

# नगर पंचायत शंकरगढ़ : आरक्षण के खिलाफ उठी आवाज

## अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित चेयरमैन की सीट को अनारक्षित किए जाने की मांग

आलोक गुप्ता

**बारा।** संविधान ने समाज में सभी को बराबर हक दिया है। सभी को यह हक मिलना भी चाहिए। नगर निकाय चुनाव- 2023 को लेकर भी कुछ इसी तरह की चचाएं आम हैं। आरक्षण सूची जारी होने के बाद मनमुताबिक सीट नहीं मिलने पर अब दावेदारों की आस प्रदेश सरकार से बंध गई है। यमुनापार की नगर पंचायत शंकरगढ़ के अध्यक्ष पद की कुर्सी साल 1990 में सामान्य के खाते में गई थी। इसके बाद से यह सीट लगातार आरक्षण के पिटारे में गोल-गोल घूम रही है।

स्थानीय दावेदारों की मानें तो साल 2017 के ही चुनाव में यहां की सीट को सामान्य सीट घोषित किया जाना था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसके खिलाफ तमाम आपत्तियां भी दाखिल की गई,लेकिन कोई परिवर्तन नहीं किया गया। शंकरगढ़ में साल 1990 में पहली दफा चुनाव करवाया गया, जिसमें ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह चेयरमैन चुने गए।इसके बाद 1995 में यहां की सीट अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व की गई। दूसरे पंचवर्षीय में लल्लू कनौजिया ने अध्यक्ष की कमान संभाली। जबकि 2000 में तीसरी बार चक्रानुक्रम के मुताबिक यह सीट अनुसूचित जाति महिला के खाते में दे दी। इसके बाद तृतीय पंचवर्षीय में लीलावती कनौजिया (पत्नी पूर्व चेयरमैन लल्लू कनौजिया) ने चुनाव जीता और पांच साल नगर पंचायत की देखभाल की।

इसके बाद साल 2006 में यह सीट सामान्य महिला के खाते में चली गई। चौथे पंचवर्षीय में रेखा केसरवानी ने चुनाव जीता। इसके पश्चात चक्रानुक्रम के आधार पर पांचवी दफा (वर्ष 2012) यह सीट पिछड़ा वर्ग महिला के खाते में दी गई। इस बार अनुपमा वैश्य ने नगर पंचायत की कमान संभाली। जबकि 2017 के चुनाव में नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए निर्धारित चक्रानुक्रम के अनुसार आरक्षण नहीं किया गया और फिर से यह सीट अनुसूचित जाति के लिए रिजर्वकर दी गई और 2017 के चुनाव में लल्लू कनौजिया एक बार फिर से यहां के चेयरमैन बने।

### सामान्य सीट की उम्मीद में बैठे दर्जनभर लोगों ने दर्ज कराई आपत्ति



### दस वर्ष में घटी अनुसूचित जाति की संख्या

रोहित केसरवानी की तरफ से भेजी गई आपत्ति में अनुसूचित जाति की आबादी का भी जिक्र किया गया है। बताया गया हैकि साल 2022-23 में चक्रानुक्रम के विपरीत जाकर यहां की सीट (अनुसूचित जाति के बाद) अनुसूचित जाति महिला के लिए रिजर्व कर दी गई। जो आरक्षण, चक्रानुक्रम, ट्रिपल टेस्ट व नये अध्यादेश 2023 के विपरीत है। बताया है कि शंकरगढ़ नगर पंचायत में जातीय गणना (2011) रिपोर्ट, उसमें अनुसूचित जाति की संख्या 4087 दर्शाई गई है। जबकि नगर पंचायत की नई वोटर लिस्ट (2023) में अनुसूचित जाति की कुल संख्या 2400-2500 के बीच है।

### छह अप्रैल तक ली जाएंगी आपत्तियां

फिलहाल सामान्य सीट की उम्मीद में बैठे रोहित केसरवानी, दिनेश तिवारी, आशीष केसरवानी, दीपक केसरवानी समेत दर्जनभर दावेदारों की तरफ से आपत्तियां भेजी गई हैं। फिलहाल, छह अप्रैल तक आपत्तियां लिए जाने का समय निर्धारित किया गया है। शासन द्वारा जारी की गई आरक्षण सूची में संशोधन के उपरांत ही यहां के दावेदारों का राजनैतिक भविष्य निर्भर करेगा।

# क्रय विक्रय के चुनाव में 1104 मतदाताओं पर दर्ज हुई आपत्ति, आज होगा निस्तारण

**डायरेक्टर पद के लिए 12 और अध्यक्ष पद के लिए 13 मार्च को होगा चुनाव**

**मेजा।** सहकारी क्रय विक्रय समिति सिरसा के अध्यक्ष पद के चुनाँव प्रक्रिया में बुधवार को मतदान केंद्र मेजारोड बीज भण्डार पर मतदाता सूची पर आपत्ति दर्ज की गई। सिरसा सहकारी क्रय विक्रय समिति के निवर्तमान अध्यक्ष रामसागर यादव उर्फ मुखिया यादव ने 1104 मतदाओं पर आपत्ति दर्ज कराई है । यहाँ कुल मतदाता 17 27 हैं । चुनाँव के लिए तहसील दार को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है लेकिन वह मतदान केंद्र मेजारोड नहीं पहुंचे उनके स्थान नायब तहसीलदार ने आपत्ति लिया। आपत्ति का निस्तारण आज होगा जिसका समय 10 बजे से 2 बजे तक तंय है ।8 मार्च को डायरेक्टर पद के लिए नामांकन होगा 12 मार्च को मतदान होगा और 13 मार्च को अध्यक्ष का चुनाँव होगा। अब देखने वाली बात यह होगी कि जब काफी जद्दोजहद के बाद आपत्ति ली गई तो रातोंरात बढ़े 1104 मतदाताओं का निर्वाचन अधिकारी क्या करते उनको निरस्त करते हैं या पूरी 1727 मतदाताओं की सूची निरस्त कर पुराने सूची पर चुनाव कराते हैं ।

# गौहत्या मामले को लेकर दो और अभियुक्त हुए गिरफ्तार

**खुलासा**

**मामले का थरवई पुलिस ने किया खुलासा**

**कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर हुआ बरामद**

**थरवई।** बीते करीब दो सप्ताह पूर्व में हुई घटना 23 मार्च 2023 को सुबह 5 बजे के आस पास थाना क्षेत्र थरवई अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग मनसैता नदी पुल के पास लखरावां गांव निकट एक कंटेनर के द्वारा ट्रक में टक्कर मार दिया गया था जिससे 20 गौवंशों से भरी कन्टेनर पलट गई थी जिसमें 17 की मौत हो चुकी थी व 3 जीवत पाए गए ।घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही तत्परता दिखाते हुए मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त थरवई जंग बहादुर यादव थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र त्रिपाठी थानाध्यक्ष फाफामऊ आशीष सिंह सहित भारी संख्या में फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे । ट्रक चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने जेसीबी के माध्यम से सभी गोवंशों को धीरे धीरे बाहर निकलवाया गया जिसमें 17 मृत व तीन जीवित पाए गए थे। पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा मृत गौवंशों का पोस्टमार्टम के बाद दफना दिया गया था। व घायलों का इलाज किया गया। पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद ( विहिप ) के कार्यकर्ता विष्णु दुबे की तहरीर पर थाना थरवई में असद अली सहित 4 - 5 अज्ञात के खिलाफ धारा 3 / 5अ / 8 व धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत किया गया था । बृहस्पतिवार 30 मार्च को मामले को लेकर उच्चाधिकारीयों द्वारा गठित पुलिस टीम द्वारा दो आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र थरवई के डेरा गदाई राजेश ढाबे के पास से सुबह भोर में ही दो अभियुक्तों गयासुद्दीन पुत्र अमीनुद्दीन दूसरा मोहम्मद मौसीम पुत्र मोहम्मद उमर निवासीगण नौगवां थाना शहजाद नगर जनपद रामपुर को पुलिस ने चार पहिया वाहन स्विफ्ट डिजायर टुर कार के साथ गिरफ्तार कर लिया था पुलिस ने जब गाड़ी की तलाशी ली तो डिग्गी में दो चापड़ व 7 नायलन की रस्सी भी बरामद की गई। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों पर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया था । पुलिस की तात्परता से गौहत्या मामले में बुधवार 5 अप्रैल 2023 को पुनः दो और अभियुक्तों रिजवान पुत्र सलीम उर्फ सल्लम निवासी नौगवां थाना शहजाद नगर जनपद रामपुर, दूसरा लवकुश तिवारी पुत्र स्व राजेंद्र प्रसाद तिवारी निवासी शुकुलपुरवा बिंद्रा बाजार थाना विश्वेश्वरगंज जनपद बहराइच दोनों अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र थरवई के यादव ढाबा के बगल बाग बहद ग्राम देवरिया के पास से बुधवार की सुबह गिरफ्तार किया गया जिसमें कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। बरामद अवैध असलहा कारतूस के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया। सहायक पुलिस आयुक्त थरवई जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजीव कुमार श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक राहुल कुमार, उपनिरीक्षक सोहराब अहमद आदि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।



थरवई पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

# ट्रेन से कट कर अज्ञात युवक की मौत, शव के हुए कई टुकड़े

**मऊआइमा।** ट्रेन से कट कर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। जिसकी शिनाख्त नहीं हो पायी है। सूचना पर पहुची पुलिस शव के कई टुकडों को एकत्रित कर पोस्टमार्टम के भेज दी है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम लोकापुर विशानी गांव के निकट से गुजरी रेलवे ट्रेक से बुधवार को देर शाम प्रयागराज लखनऊ पैसेंजर ट्रेन के गुजरते समय एक युवक आ गया। और चपेट में आकर उसके परखच्चे उड़ गए। बताया गया है कि ट्रेन शव को लगभग सौ मीटर की दूरी तक घसीटते हुए प्रतापगढ़ वाया लखनऊ की ओर चली गई। शव के कई भाग के टुकड़ों को सब इंस्पेक्टर सूर्यप्रकाश हमराही पुलिस कर्मियों के साथ पहुंच कर एकत्रित कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सब इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना स्थल सोरांव में आता है परन्तु शव सौ मीटर तक घसीटते हुए मऊआइमा के ग्राम लोकापुर विशानी में आ कर कई टुकड़ों में पड़ा था। वैसे सोरांव पुलिस को सूचना देकर मऊआइमा पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि अज्ञात युवक की उम्र लगभग 40 वर्ष होगी। वह ब्लैक लोवर लाल शर्ट पहने हुए है।

### पुलिस ने बीस लीटर कच्ची शराब के साथ एक को दबोचा लहन ,भट्ठी को किया नष्ट

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना के सब इंस्पेक्टर जगदीश त्रिपाठी ने हमराही पुलिसकर्मियों के साथ ग्राम सकरामऊ के अमानगंज में दबिश डाल कर बीस लीटर कच्ची दारू के साथ रुपेश कुमार पुत्र अमृतलाल को गिरफ्तार कर लहन भट्ठी को नष्ट कर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की है।

# क्षेत्र पंचायत उरुवा की बैठक में 150 से अधिक आये प्रस्ताव

**बैठक**

**विकास खंड की समस्या को गंभीरता से लेकर निस्तारण करें : आरती गौतम**

**मेजा।** तहसील क्षेत्र पंचायत उरुवा की बैठक में शुक्रवार को मिनी सदन में लगभग डेढ़ करोड़ से अधिक के विकास कार्यों पर सदस्यों ने एक स्वर से मुहर लगाई है। प्रमुख श्रीमती आरती गौतम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई । इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी दिनेश सिंह ने पिछली बैठक की जानकारी के साथ विकास कार्यो का लेखा जोखा सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया है। बताया कि नई कार्य योजना में ब्लाक सभागार का विस्तार और ब्लाक परिसर में सुंदर बनाया जाएगा।

खण्ड विकास अधिकारी ने अध्यक्ष की अनुमति से पिछली कार्यवाई के प्रस्तावित विकास कार्यों के निर्माण से जुड़ा एक करोड़ 70 लाख के लगभग खर्च का व्योरा पेश किया है। प्रमुख आरती गौतम ने सदस्यों से प्राप्त लगभग 150 विकास कार्यों के प्रस्ताव को सूची बद्ध कराया है। उन्होंने बताया कि नए विकास कार्यों में सीसी रोड, इण्टर लकिंग मार्ग के साथ नाली और पुलिया को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर प्रधानों और बीडीसी सदस्यों ने पेयजल की समस्या को रखा जिस पर प्रमुख आरती गौतम ने गर्मी के मद्देनजर समस्या को गंभीरता से लेते खंड विकास अधिकारी व सचिवों को निर्देशित किया कि पेयजल समस्या जो गंभीरता से ले और उसका समाधन करें। उन्होंने कहा कि आम जनमानस की समस्या को गंभीरता से लें अन्यथा खैर नहीं है।

जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने सुझाव रखे। इस दौरान बैठक में मोजूद कृषि विभाग के अधिकारी ने कृषि यंत्रो पर अनुदान सहित योजनाओं की जानकारी दी। प्रमुख ने बीडीसी सदस्यों को सम्मानित किया। इस दौरान भोज का भी कार्यक्रम रखा गया था ।इस दौरान मुख्य रूप प्रमुख प्रतिनिधि पप्पू सिंह गौतम, भोला गौतम, एडीओ एम आई प्रदीप अवस्थी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुदामा राम गावड़े, प्रभारी एडीओ आइएसबी सुजीत कुमार रहे। अध्यक्ष सहकारी संघ दिनेश मिश्र, प्रधान मिथिलेश पाण्डेय, प्रधान व जिलापंचायत सदस्य जयशंकर भारती, बीडीसी नन्हे शुक्ल, सचिवों में जगदीश सिंह, रोहित भारतीय, राकेश सिंह, सविता यादव, रागिनी श्रीवास्तव, आरती यादव, रंजय प्रसाद, भानु प्रसाद,संजय शर्मा सहित सैकड़ों प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधान, जिलापंचायत सदस्य



बैठक में मंचासीन प्रमुख आरती गौतम, पप्पू गौतम व बीडीओ साथ मे एडीओ पंचायत सहित अतिथिगण


## अदालती सूचना

**न्यायालय अपर जिलाधिकारी वि./रा. कौशाम्बी।**
**मुकदमा सं.836/ 2021 धारा उ.प्र.रा.संहिता**


कृष्ण प्रसाद आदि मुकाम सराकर, बनाम सुरेश पुत्र अंगन निवासी भटवरिया, प0 करारी, त0 मंझनपुर, जनपद कौशाम्बी व मंगलदास पुत्र अंगन, महेश पुत्र अंगन, इंद्रपाल पुत्र दूखी, ननकी पत्नी बचान, रामलौटन पुत्र चंद्रपाल, रामनरेश पुत्र अंगन, दुन्ती पत्नी ललवा, दुर्गा पुत्र रामखेलावन सभी निवासीगण भटवरिया प0 करारी, त0 मंझनपुर, जनपद कौशाम्बी, व केशरानी पत्नी रामस्वरूप, सुमनदेवी पत्नी श्रीचंद्र निवासीगण बभनकांटी प.करारी. त. मंझनपुर, जनपद कौशाम्बी व सभी ग्राम भटवरिया निवासीगण को अदालत द्वारा हुक्म होता है कि 10 अप्रैल 2023 को जरिए अधिवक्ता या फिर स्वयं अदालत उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा एक पक्षीय सुनवाई कर दी जाएगी।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मोहम्मद रफीक पुत्र वली मोहम्मद है। गलती से मेरा नाम मोहम्मद शफीक इदरीशी पुत्र वली मोहम्मद इदरीशी हो गया है। आज से मुझे मोहम्मद रफीक पुत्र वली मोहम्मद के नाम से जाना पहचाना जाए। **मोहम्मद रफीक पुत्र वली मोहम्मद, मोहल्ला- मुस्तफाबाद, मऊआइमा, प्रयागराज।**



# प्रयागराज



## मौसम



अधिकतम : 33.00
न्यूनतम : 20.00
सूर्योदय : 06.03
सूर्यास्त : 06.15

## लोकार्पण एवं शिलान्यास की जाने वाली परियोजनाओं का लाइव/सजीव प्रसारण आज

**प्रयागराज।** नगरीय निकायों में नागरिक सुविधाओं के स्तरोन्नयन, नगरों को साफ एवं सुसज्जित रखने तथा नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु नगर विकास विभाग, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन का कार्यक्रम विभाग द्वारा अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। उक्त के क्रम में नगरीय निकायों की नयी परियोजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण व विभाग की योजनाओं से सम्बन्धित अनेक पुस्तकों का विमोचन, दिनांक 06 अप्रैल, 2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे माननीय मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश के कर-कमलों द्वारा नगरीय निकाय निदेशालय, गोमतीनगर विस्तार, सेक्टर-7, लखनऊ स्थित सभागार में किया जाना प्रस्तावित है। लोकार्पण एवं शिलान्यास की जाने वाली परियोजनाओं का लाइव/सजीव प्रसारण प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों तथा नगर निगम प्रयागराज में एन0आई0सी0 के माध्यम से किया जायेगा। नगर निगम प्रयागराज के परिसर स्थित नई बिल्डिंग के नवनिर्मित हॉल में बडी स्क्रीन लगाकर कार्यक्रम को जूम के माध्यम से लिस्टनिंग मोड ' में जोड़ा गया है, जिसमें मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण नगर निगम क्षेत्र के गणमान्य एवं प्रबुद्धजनों, कर्मिकों एवं लाभार्थियों के साथ देखा जायेगा। मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कार्यक्रम में, नगर निगम प्रयागराज के सांसद, महापौर, विधायक के साथ ही गणमान्य एवं प्रबुद्धजनों, कर्मिकों एवं लाभार्थियों से आग्रह है कि उक्त कार्यक्रम में आपकी गरिमामयी उपस्थिति अपेक्षित है।

# व्यापार मंडल की ओर से आयोजित रोजा इफ्तार में शामिल हुए हर वर्ग के लोग

**प्रयागराज।** बुधवार के दिन करैली स्थित मुस्तफा गार्डन गेस्ट हाउस में करैली व्यापार मंडल अध्यक्ष और प्रकाशन मंत्री (इलाहाबाद गेस्ट हाउस एसोसिएशन) शाहिद कमाल खान(बब्लू) की ओर से रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमे शहर के हर वर्ग ने हिस्सा लिया।इफ्तार के बाद नमाज अदा की गयी और देश में खुशहाली और अमन चैन की दुआएं मांगी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुफरान अहमद, खलीक अहमद कखान, विद्यासागर केसरी,विपिन अग्रवाल, सुहैल अहमद, कादिर भाई, सुशील खरबंदा, डा. आरिज कादरी, इरशाद उल्ला परवेज अख्तर अंसारी, दलजीत सिंह बंटी, अवनीश अग्रवाल, शिव शंकर सिंह, राणा चावला, सूरज सोनकर, दिनेश सिंह, धनंजय सिंह, जिया उबेद खान, महमूद भाई आदि लोग मौजूद रहे !



रोजा इफ्तार में शामिल लोगों की भीड़

## रेलवे क्रॉसिंग का अज्ञात वाहन ने तोड़ा फाटक

**थरवई।** थाना थरवई क्षेत्र के पश्चिमी रेलवे केबिन फाटक पर अज्ञात मिनी ट्रक की टक्कर से फाटक टूट गया घटना बुधवार की सुबह करीब 11 बजे हुई। मुंबई से गोरखपुर जा रही गोदान एक्सप्रेस को थरवई स्टेशन के समीप आधे घंटे तक खड़ी रही रेलवे फाटक पर मौजूद रेल कर्मचारियों ने घटना की सूचना स्टेशन अधीक्षक थरवई दीनानाथ यादव को दी इस दौरान रेलवे फाटक पर काफी देर तक आवागमन बाधित रहा। स्टेशन अधीक्षक थरवई ने पुलिस को अज्ञात वाहन के खिलाफ लिखित तहरीर दी है। जिसमें पुलिस ने मामले को लिया संज्ञान में।

## शांतिभंग में 9 अभियुक्त व दो अभियुक्ता गिरफ्तार

**थरवई।** आपसी मामले को लेकर हुआ विवाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छः अभियुक्त व दो अभियुक्ता को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। जिसमें 151 / 107 / 116 सीआरपीसी की धारा में गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान कर दिया गया । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसएसआई राजीव कुमार श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार, अंजर अब्बास, प्रेम प्रकाश, महिला आरक्षी रागिनी यादवआदि कई पुलिस टीम में मौजूद रहे।

## संक्षेप

### जनसंपर्क जन संवाद करने पहुंची महापौर



**सहसों।** मलावा बुजुर्ग वार्ड नं.25 में जनसंपर्क जन संवाद करने प्रयागराज की महापौर माननीय अभिलाषा गुप्ता नंदी का आगमन शिवा मेडिकल स्टोर इसीपुर में हुआ।उनका भव्य स्वागत सियाराम मौर्या सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया। जनसंपर्क में 11 महिलाओं से महापौर वार्ता की और उनकी समस्याओं का निदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम स्थल पर आशीष केसरवानी जिला कोषाध्यक्ष एवं शिव कैलाश आचार्य प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर फूलपुर व राजनाथ सिंह युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिरुद्ध पांडे, वार्ड संयोजक शिवाकांत कुशवाहा,वार्ड अध्यक्ष नीरज सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक विजय कुमार यादव, मलावा बुजुर्ग शक्ति केंद्र संयोजक कमलेश भारतीय एवं ग्राम सभा के बुजुर्ग माताएं एवं बहनों उपस्थित रही।

### पुरानी रंजिश को लेकर हुई मार पीट में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में चल रहे विवाद में एक पक्ष ने पहले मुकदमा दर्ज कराया था। जबकि दूसरे पक्ष ने बुधवार को पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के गमरहटा गांव में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। एक पक्ष ने सोमवार को मुकदमा दर्ज कराया था। जबकि दूसरे पक्ष से बुधवार को संतोष कुमार पुत्र आयोध्य प्रसाद ने थाने तहरीर दी कर मारने पीटने जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए अमरनाथ, भगवान, आशा देवी, उमा देवी, खशबू देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### शुआट्स में शॉर्ट फिल्म 'पनाह' का मुहुर्त शॉट आयोजित



**नैनी, प्रयागराज।** बुधवार को स्कूल ऑफ फिल्म एण्ड मास कम्युनिकेशन, शुआट्स में शार्ट फिल्म पनाह का मुहुर्त शॉट आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं फैकल्टी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से हुई तदोपरान्त स्कूल ऑफ फिल्म एण्ड मास कम्युनिकेशन के डीन डा0 आशीष एलेक्जैण्डर नें मुहुर्त शॉट दिया। उन्होनें अपने सम्बोधन में बताया कि यह फिल्म हमारे बी.ए.जे.एम.सी, बी.ए. फिल्म मेकिंग एण्ड मास कम्युनिकेशन तथा बी.एस.सी. फिल्म प्रोडक्शन एण्ड मास कम्युनिकेशन के छात्र-छात्राएं मिलकर बना रहे हैं। फिल्म का निर्देशन छात्र हिमांशु कुशवाहा तथा सिनेमैटोग्राफी नोवेद आलम कर रहे हैं तथा इस तरह अन्य छात्र-छात्राएं भी अलग-अलग भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के विषय में बताते हुए डा0 आशीष ने कहा कि यह फिल्म एक समाजिक बुराई पर आधारित है, जो समाज को उसकी दृष्टि को दोबारा देखने तथा उस पर गौर करनें के लिए मजबूर करती है। उन्होनें बताया कि स्कूल ऑफ फिल्म एण्ड मास कम्युनिकेशन अपने प्रारम्भ से ही विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर फिल्म का निर्माण करता रहा है। जिसके लिये हमारे छात्र-छात्राएं बधाई के पात्र हैं। उन्होनें कहा कि शुआट्स छात्रों को उनके हैण्ड ऑन प्रैक्टिकल का विशेष लाभ मिलता है, जो इनको पत्रकारिता के साथ-साथ प्रोडक्शन में भी इन्हें माहिर बनाता है, और यह भविष्य में एक सफल प्रोफेशनल बनते हैं। फिल्म में अभिनय सत्यम, सौरभ एवं दीक्षा निभा रहे हैं,तथा फिल्म का निर्माण सहायक प्राध्यापक श्री राममणि त्रिपाठी के नेतृत्व में हो रहा है।

### महर्षि कश्यप व श्रंगवेरपुर के राजा निषाद राज गुह्य का जीवन दर्शन मानवता के लिए था प्रेणादायक : सपा



**प्रयागराज ।** समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय चौक में ऋषि मुनियों में श्रेष्ठ महर्षि कश्यप एवं श्रंगवेरपुर के राजा निषाद राज गुह्य जी की जयंती दोनों महान लोगों के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प वर्षा कर मनाई गई। निर्वतमान महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन की अध्यक्षता व निर्वतमान महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि के संचालन में दोनों महानुभावों के समाज और और मानवता के लिए उनके कार्यो पर विस्तार से प्रकाश डाला या।इफ्तेखार हुसैन ने कहा दोनों का जीवन हमेशा मानवता के लिए लोगों के प्रेणा देता रहेगा। रवीन्द्र यादव रवि ने महार्षि कश्यप जी को ऋषि मुनियों में सबसे श्रेष्ठ महर्षि बताया। महेन्द्र निषाद ने श्रंगवेरपुर के राजा निषाद राज गुह्य के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा की निषाद समाज निषाद राज गुह्य जी को नमन करता है जिन्होंने भगवान राम को अपनी नय्या से नदी उस पार पहुंचाने और उनके द्वारा चरण धुलने और उस पानी को अमृत समझ कर पीने के प्रसंग को आज भी याद कर भावविभोर हो जाता है। कार्यक्रम में कई अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे।सैय्यद इफ्तेखार हुसैन , रवीन्द्र यादव रवि, महेंद्र निषाद, नन्दलाल नन्दा निषाद, संतोष कुमार निषाद ,भोला पाल , हरीशचंद्र श्रीवास्तव, मंजू यादव, सविता कैथवास ,काशान सिद्दीकी ,सुधीर निषाद ,अंकित पटेल, विशाल निषाद, करन यादव, रविशंकर निषाद ,महेश पाण्डेय ,रोचक कुशवाहा, सुरेश श्रीवास्तव, अजय यादव, महेश यादव , आशीष कनौजिया, विवेक यादव, उदय सिंह हेमन्त, विनय कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

### सारंगपुर में निकाली गई स्कूल चलो रैली



**बहरिया।** विकास खंड बहरिया के सारंगपुर प्राथमिक विद्यालय मे बुधवार को स्कूल चलो रैली प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार के नेतृत्व मे निकाली गई जिसमें बच्चों ने नारा लगाते कहा कि आधी रोटी खाएंगे स्कूल रोज जाएंगे तथा पूरे गांव में भ्रमण किया और लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार ने अभिभावकों से अपील किया कि अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें इस मौके पर शिक्षामित्र सरोज तिवारीए संजू यादवए राजेंद्री तिवारीए रेखा देवी प्रेमा देवी आदि लोग शामिल रहे ।

### बृजवासियों की रक्षा के लिए कृष्ण ने उठाया था गोवर्धन



**बहरिया।** विकासखंड बहरिया उधौपुर खगिया के मजरा गांव मदरा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भगवान कृष्ण की बाल लीलाऔ का वर्णन कथा व्यास संजय कुमार पांडेय ने किया। कथा विस्तार में उन्होंने बताया कि इंद्र के प्रकोप से बचने के लिए भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को धारण किया था। इसलिए उनका नाम गिरधर गोपाल पड़ गया। बताया कि बृज वासियों ने भगवान कृष्ण के कहने पर इंद्र की पूजा बंद कर दी तो कुपित होकर इंद्र ने मूसलाधार बरसात शुरू कर दी। जिससे चारों तरफ जल ही जल व्याप्त हो गया। भगवान कृष्ण ने सभी ग्वाल वाल की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को उठा लिया और उसी के नीचे सब लोग अपनी रक्षा की। तभी से गोवर्धन की पूजा का महत्व चला आ रहा है। भगवान कृष्ण ने इंद्र के अभिमान को दूर करके यह संदेश दिया कि किसी को अभिमान नहीं करना चाहिए।भगवान कृष्ण ने कंस द्वारा भेजे गए कई राक्षसों का वध भी किया। बता दें कि मदरा गांव में 2 अप्रैल से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य रुप से शिवकुमार मिश्राए राममूर्ति मिश्राए विष्णु कुमार मिश्राए गीता मिश्राए आशा मिश्रा मनभावती मिश्राए पुरषौत्तम पाण्डेयए रामचंद्र मिश्राए पूर्व प्रधानाचार्य करुणेश बहादुर सिंह एरामसजीवन मौर्य एभोलू यादवए कृपाराम मिश्राएशिवालय मंदिर के बाबा जी योगानंद मिश्रा एदेवेश पाण्डेयए संजय मिश्राए हरेकृष्ण मिश्रा आदि लोग रहे ।

## डीएम के आदेश के बावजूद राजनीतिक दबाव में अंत्येष्टि निर्माण कार्य रुकवाया

**करछना।** विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत महेरी रीवा में 25 लाख रुपए स्वीकृति शासन द्वारा अंत्येष्टि स्थल बनाए जाने के लिए धन स्वीकृत किया गया था जिस पर गाटा संख्या 82 पर अंत्येष्टि स्थल की स्वीकृति डीएम इलाहाबाद में बनाने के लिए निर्देश दिया था बुधवार को एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा सचिव कमल सिंह राजस्व कर्मियों में नायब तहसीलदार अमित पाठक, लेखपाल नवीन श्रीवास्तव एवं करछना थाने की फोर्स के साथ कार्यस्थल पर ब्लाक कर्मचारियों द्वारा पूजा पाठ कर अंत्येष्टि स्थल का उद्घाटन किया तत्पश्चात जेसीबी से मिट्टी का काम समतल कराने का शुरू हुआ कि उसी दरमियान गांव के 50 से अधिक लोग मौके पर जाकर प्रशासन से भिड़ गए जिसमें पूर्व ब्लाक प्रमुख रामतौल पटेल उर्फ हरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में प्रशासन से जद्दोजहद नोकझोंक लाठी-डंडे असलहे मंगाने की बात फोन से गांव वालों से लें आने के लिए ललकारा है एवं बवाल करने की मंशा जाहिर की गई जिस पर राजनीतिक उठापटक शुरू हो गई आधे घंटे तक जेसीबी से कार्य पुलिस की मौजूदगी में शुरू हुआ था कि उसी समय नायब तहसीलदार अमित पाठक ने बताया कि? एसडीएम ने कार्य रोक दिया जाए के लिए फोन किया है, शनिवार को दोनों पक्ष थाना दिवस पर मामले का हल किया जाएगा जबकि बता दें कि उक्त नायब तहसीलदार अमित पाठक को ने गुमराह किया कि एसडीएम ने कार्य फोन करके रुकवा दिया है लेकिन एसडीएम ने कोई आदेश फोन से नहीं कया था जिस पर बावजूद नायब तहसीलदार ने कार्य रुकवा दिया प्रधान राजकुमार पटेल ने बताया कि डीएम के आदेश के बावजूद राजस्व कर्मियों ने राजनैतिक दबाव में सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुए अंत्येष्टि निर्माण कार्य को रुकवाया जो शासन के निदेर्शों की धज्जियां उड़ाई गई।

# सिविल लाइंस बस स्टैंड के पास अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर आयुक्त से लगाई गुहार

**परिवहन निगम के सहयोग से लगवाया जा रहा है अवैध अतिक्रमण इसके एवज में परिवहन निगम को भेजी जाती है मोटी रकम : मोहम्मद शरीफ**

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस स्थित रोडवेज बस स्टैंड के पास अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर करेली गौस नगर का रहने वाला मोहम्मद शरीफ ने आवेदन पत्र के जरिए अतिक्रमण हटाने के लिए नगर आयुक्त से गुहार लगाई । मोहम्मद शरीफ ने आवेदन के जरिए नगर आयुक्त से कहा है कि सिविल लाइंस रोडवेज बस स्टेशन के सामने महात्मा गाँधी मार्ग प्रयागराज नगर निगम के द्वारा नो वेडिंग जोन घोषित किया गया है ।इसके बावजूद सिविल लाइंस रोडवेज बस स्टेशन के सामने सड़क की दोनों तरफ सड़क की पटरी पर अवैध कब्जा है। जिससे आए दिन भयंकर जाम लगता है आने जाने में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मोहम्मद शरीफ ने आवेदन के जरिए नगर आयुक्त को अवगत कराया है कि यह अवैध कब्जा सिविल लाइंस रोडवेज बस स्टेशन के पीछे रहने वाले मोनू सोनकर, सोनू सोनकर, बंटी सोनकर, राकी सोनकर, सुनील सोनकर उर्फ बग्गा के द्वारा अवैध कब्जा कर अवैध मार्केट लगवायी जा रही है जिससे सिविल लाइंस रोडवेज बस स्टेशन के सामने महात्मा गांधी मार्ग का यातायात बाधित हो रहा है। सामान्य नागरिकों को सिविल लाइंस महात्मा गांधी मार्ग पर जाम का सामना करना पड़ रहा है। सिविल लाइंस रोडवेज बस स्टेशन की तरफ गैलेक्सी होटल के सामने की आधी सड़क पर उपरोक्त लोगों का अवैध कब्जा है। यदि कोई यात्री अपने प्राइवेट वाहन से भी अपने घर के लोगों को छोड़ने आता है अपना वाहन दो पहिया या चार पहिया सड़क की पटरी पर खड़ा कर अपने लोगों को बस पर बैठाने जाता है तो उससे भी ये लोग अवैध रूप से पार्किंग शुल्क के नाम से पैसा वसूल लेते हैं। यदि कोई मना करता है तो उससे मार पीट, गाली-गलौज करते हैं ।साथ ही नगर आयुक्त को अवगत कराया है कि अवैध मार्केट में फुटपाथी दुकानों पर घटिया और मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री कर रोडवेज यात्रियों की स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है ।साथ ही इन दुकानों पर मनमानी दाम वसूला जाता है । मोहम्मद शरीफ अपने आपको ट्रैवेल एजेंसी का संचालक तथा प्रतिष्ठित अखबारों को उतारने सिविल लाइंस रोडवेज बस स्टेशन पर जाती हैं तो उनसे भी पार्किंग शुल्क गुडागर्दी के बल पर मांगा जाता है। न देने पर मार पीट कर पैसा छीन लिया जाता है। अवैध प्राइवेट वाहन स्टैंड बना कर यही से अवैध प्राइवेट बस अड्डा चलवाया जा रहा है ।परिवहन निगम को प्रतिमाह लाखों रूपया की क्षति पहुंचाई जा रही हैं ।साथ ही सिविल लाइंस रोडवेज के सामने महात्मा गांधी मार्ग पर यातायात बाधित किया जा रहा है। मोहम्मद शरीफ ने आवेदन पत्र में वकायदे मान्यनीय इलाहाबाद हाईकोर्ट का हवाला देते हुए कहा है कि सिविल लाइंस महात्मा गांधी मार्ग पर से अतिक्रमण और अवैध कब्जा हटाने का आदेश दिया गया है उसका भी अनुपालन नही हो रहा है।

# बीएसए द्वारा अनुरागिनी सिंह को परियोजना से प्रशस्ति पत्र प्राप्त

**सम्मान**

**श्रीमती अनुरागिनी सिंह एआरपी नगर क्षेत्र को उनके सहयोगात्मक कार्यों के लिए प्रदान किया प्रशस्ति पत्र**



अनुरागिनी सिंह को सम्मानित करते बेसिक शिक्षा अधिकारी

**प्रयागराज।** बुधवार को सर्व शिक्षा अभियान में बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय प्रवीण कुमार तिवारी जी द्वारा नए सत्र के संचालन हेतु एक विस्तृत बैठक ली गई आगे की कार्य योजना बनाई गई जिसमें विद्यालयों में रैली द्वारा नामांकन अभिभावकों से संपर्क छात्र उपस्थिति में ठहराव विभागीय कार्य को विद्यालयों द्वारा ठीक प्रकार से किया जाना जिससे कि विद्यालय हमारे अच्छे बने गुणवत्ता परक शिक्षा प्राप्त हो बच्चों को नामांकन व उपस्थिति बढ़े इस पर विस्तृत चर्चा की गई बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा कई सारे बिंदुओं पर ए आर पी से जानकारी प्राप्त की व उस पर किस प्रकार से कार्य किया जाए जिससे कि जिला प्रयागराज के सभी विद्यालय अच्छा कार्य कर सकें बैठक के उपरांत बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा परियोजना से पिछले माह उपस्थित हुई सुश्री कृतिका गर्ग जी के अनुमोदन पर श्रीमती अनुरागिनी सिंह एआरपी नगर क्षेत्र को उनके सहयोगात्मक कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया यह प्रथम अवसर था कि परियोजना से आए हुए किसी अधिकारी द्वारा किसी ए आर पी की संस्तुति की गई और बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सभी एकेडमिक रिसोर्स पर्सन ने श्रीमती अनुरागिनी सिंह को शुभकामनाएं दी।

## डीसीपी गंगानगर ने किया थरवई थाने का औचक निरीक्षण

**थरवई।** डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने थरवई थाने का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव सहित हवालात बैरक महिला हेल्पडेस्क रजिस्टर का निरीक्षण करने के उपरांत प्रभारी निरीक्षक थरवई लोकेंद्र त्रिपाठी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए थाने पर आए हुए फरियादियों की समस्या गुणवत्ता पूर्वक सुना गया व मुकदमे की विवेचना शीघ्र निस्तारित कराने का निर्देश दिया।

## स्कूली बच्चों ने निकाला जन-जागरूकता रैली

**लालगोपालगंज।** प्राथमिक विद्यालय बिजलीपुर विकास खंड श्रृंगवेरपुर के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता रैली निकाला। अभियान में बच्चों ने सर्व शिक्षा अभियान के तहत गांव के बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया।

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बिजलीपुर के नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा गांव में जन जागरूकता रैली निकाली गई। ग्राम प्रधान जितेंद्र सरोज के संरक्षण में प्रधान अध्यापिका मंजू यादव द्वारा रैली की अगवानी की जा रही थी। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्लोगन लिखी तख्तियां लिए ग्रामीण बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर माधुरी गुप्ता, प्रतीक्षा तिवारी, शालिनी केसरवानी, रेखा मिश्रा आदि सहायक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

## कौड़िहार में अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज

**नवाबगंज।** अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। काफी खोजबीन के बाद बाइक का पता नहीं चला तो नामजद युवक पर भुक्तभोगी द्वारा केस दर्ज कराया है। नवाबगंज के पटकौली गांव निवासी अनिल शुक्ला पुत्र अजय शुक्ला 17 मार्च को कौड़िहार स्थित प्रभू अस्पताल से दवा लेने के लिए पत्नी को लेकर आया था। अस्पताल के बाहर बाइक खड़ी करके वह अंदर चला गया। आरोप है कि जब वह अस्पताल से बाहर निकला तो बाइक नदारद देख दंग रह गया। वहीं घटना मामले में पुलिस को तहरीर देते हुए पंकज यादव निवासी कौड़िहार के खिलाफ बाइक चोरी का केस दर्ज कराया है।

# पुरस्कार पाकर खिल उठे छात्र-छात्राओं के चेहरे

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के रनियाडीह बसगित स्थित शांति पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। प्रधानाचार्य व समाजसेवी संतोष यादव ने छात्र छात्राओं को परीक्षा फल वितरित किया। विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा फल पाकर उनके चेहरे विजई मुस्कान से खिल उठे। प्रधानाचार्य संतोष यादव ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को श्रेष्ठतम परीक्षाफल की बधाई देते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह विद्यालय निरंतर सफलता के नवीन सपनो को छू रहा है।

प्रधानाचार्य ने शिक्षा को वक्त की जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि बेटे और बेटी में फर्क किए बिना दोनों को बराबर शिक्षा दिलाई जाए। यह बच्चे ही देश का मुस्तकाबिल है। इनकी नींव मजबूत होनी चाहिए। उन्होंने विनीत और आलस को त्याग कर शिक्षा ग्रहण करने के लिए बात कहा।जिन बच्चों का अंक कम मिला हैं।उनको निराश न होने की सलाह देते हुए श्री यादव ने कहा की प्राप्तांक का कम होना कोई मायने नहीं रखता है।ज्ञान होना चाहिए।जानकारी सबसे बड़ी हैं। विद्यालय की टॉपर श्वेता कुशवाहा को साइकिल सील्ड, घड़ी,गिलास एवं मेडल आदि से पुरस्कृत किया।टॉपर को पुरस्कृत होते देख छात्र छात्राओं ने जमकर तालियां पीटी। कक्षा 1 से 8 तक छात्र-छात्राएं अनुज यादव,अब्दुल अहद अंसारी, उत्कर्ष मिश्रा, संज्ञा प्रजापति, मोहम्मद हम्माद,आयात बानो, अंकिता यादव, दिव्यांश, दीक्षा अपेक्षा आदि अपनी क्लास के टॉपर रहे। वही प्रबंधक संत लाल यादव ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की तथा अभिभावकों को विद्यालय के प्रति अटूट सहयोग एवं सलाह के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम का संचालन कर रहे अमर बहादुर यादव ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कहां की असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी है। उक्त अवसर पर केके, संतोष, आरवी, शैलेंद्र, धीरज,आरती, इकरा, दिव्या, हुमा, पारो, रागनी, सानिया, बृजेश, मनीष अमर आदि अध्यापकों ने छात्र छात्राओं को बधाई दी।



सम्मानित छात्रा

### अनियंत्रित होकर पलटी बोलेरो कई हुए घायल

**थरवई।** बुधवार को मलाकामय भैसाही गांव के सामने हाईवे पर बोलेरो पलटी जिसमें रामअचल उम्र 48 वर्ष, मोनू उम्र 35 वर्ष ड्राइवर श्यामलाल 31 वर्ष तीन अन्य लोग घायल हैं। सभी लोग धाम आवर थाना पीपरपुर जिला अमेठी के रहने वाले हैं अनियंत्रित होने से बोलेरो पलटी है बुधवार की सुबह लोग विंध्याचल धाम दर्शन करने गए थे वापस लौटते समय शाम के समय हुआ हादसा।

## प्राथमिक विद्यालय चनैनी में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया

**करछना।** विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय चनैनी में विगत वर्षों की भांति बुधवार को अभिभावकों संग छात्रों एवं प्रधान की उपस्थिति में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया, इस अवसर पर प्रधान धीतेश तिवारी ने नौनिहालों को कापी,पेंसल, ड्राइंग बाक्स आदि उपहार स्वरूप भेंट कर नौनिहालों का उत्साहवर्धन किया, वार्षिकोत्सव समारोह में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होकर अभिभावकों और शिक्षकों का अपनी कला से मनमुग्ध कर दिया, कार्यक्रम के समापन पर प्रधान धीतेश तिवारी द्वारा सभी का मुह मिठा करा विदा किया, इस मौके पर प्रधानाचार्य इस्मत फातिमासहायक अध्यापक पूनम सहायक अध्यापक उजमा शशि शुक्ला सहित छात्र छात्राओं संग अभिभावक गणमान्य लोग मौजूद रहे

## संक्षेप

### पड़ोसी युवक के साथ किशोरी फरार

**कौशाम्बी।** कोखराज इलाके के एक गांव की किशोरी पड़ोसी गांव के एक युवक के साथ फरार हो गई। किशोरी घर से खेत की ओर जाने के बहाने निकली थी। देर रात किशोरी के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसके बाद मामले की जानकारी हुई। किशोरी का पिता थाने पहुंचा और मामले की नामजद शिकायत की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### शाखा गांव में सफाई न होने से फैली गंदगी

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लॉक के शाखा गांव में नालियां जर्जर हो गई हैं। इससे लोगों के घरों का गंदा पानी रास्ते में जमा रहता है। गांव में सफाई नहीं होने के कारण गली गंदगी से पटी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार मामले की शिकायत जिम्मेदारों से की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लोगों ने गांव में नियमित सफाई की मांग की है।

# सिलिंडर के रिसाव से लगी आग, गृहस्थी जलकर राख

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली के चैकी मखदुमपुर अंतर्गत ग्राम तियरा मजरा तलारी में बुधवार की सुबह सिलिंडर की रिसाव होने के कारण घर में आग लग गई। हालांकि आग ने घर में मौजूद गृहस्थी को जलाकर राख कर दिया। घटना के बाद से पीड़ित परिवार हैरान परेशान रहा। बता दें कि तलारी गांव निवासी सुनील पुत्र सुखदेव के मुताबिक घर में लगभग 11बजे दिन में महिलाएं खाना बना रहीं थी। इसी दौरान आचानक गैस सिलिंडर के रिसाव से धीरे धीरे आग लग गई और देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर लिया। जब तक लोग आग पर काबू पाते तब तक घर में मौजूद गृहस्थी जल कर राख हो गई। इस दौरान 6000 नगद भी जलकर खाक हो गया था।



आगजनी से जली घर की गृहस्थी

## घर में घुसकर दबंगों ने विवाहिता को पीटा

**कौशाम्बी।** नगर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर मडूकी गांव में रविवार की शाम मामूली बात पर दबंगों ने घर में घुसकर विवाहिता को पीट दिया। बुधवार को पीड़िता ने मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से की है।

रामपुर मडूकी गांव की उर्मिला देवी पत्नी लवलेश कुमार ने बताया कि पड़ोसी से जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार को मवेशी बांधने के लिए खूंडा गाड़ने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद आरोपित ने मददगारों के साथ मिल घर में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए विवाहिता को पीट दिया। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। दूसरे दिन पीड़िता शिकायत लेकर थाने पहुंची लेकिन पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी। बुधवार को पीड़िता ने मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# धू-धू कर जली किसान के गेहूं की फसल



घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भीड़

**अझुवा, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील अंतर्गत नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नंबर छह निवासी एक किसान की एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना के बाद से किसान के परिवार में हायतौबा होगा।

बता दें कि छेदी लाल पुत्र राम प्यारे निवासी वार्ड नं 6 कृष्णा नगर ,नगर पंचायत अझुवा निवासी का खेत वार्ड नं 3 शान्ति नगर की सरहद पर स्थित है। बृहस्पतिवार को लगभग 11 बजे गेहूं की खड़ी फसल लगभग एक बीघा में अज्ञात कारणों से आग लग गयी। लोगों को जानकारी तब हुई जब विकराल धुंवा उठने लगा। हालांकि खेत मे काम कर रहे लोगों की चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर लोगों का जमघट लग गया। खेत के पास ही समरसेबल लगा होने के कारण लोग कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाए। लेकिन तब तक एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी। घटना की लिखित सूचना राजस्व विभाग को दे दी गई है।

# आपसी रंजिश पहुंची भगवती दरबार, मारपीट

**मारपीट**

**मंदिर परिसर में विवाद होता देख कहीं न कहीं लोगों में आस्था को लेकर आक्रोश भी झलक रहा था**

**दारानगर, कौशाम्बी।** कड़ा स्थित भगवती शीतला धाम में जहां लोग मन्नत की मान्यता पर दर्शन, पूजन अर्चन को पहुंचते हैं, वहीं बुधवार को भगवती दरबार पहुंचे कुछ लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया। हालांकि घटना की तश्वीर सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हो गई थी।

बताना जरूरी होगा कि बुधवार को जहां लोग भगवती की पूजन अर्चन में जुटे थे, इसी दौरान मंदिर परिसर में ही एक व्यक्ति द्वारा महिला के साथ मारपीट करने लगा। हालांकि महिला भी अपने आप को रोक नहीं पाई। मामले की सच्चाई और महिला कहां की थी यह तो खबर लिखे जाने तक स्पष्ट नहीं हो सका था। लेकिन चर्चा इस बात की मिल रही थी कि मारपीट करने वाला व्यक्ति कोई पंडा ही है। हालांकि इस सम्बंध में जब मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष उदय प्रसाद पंडा से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि महिला और उस व्यक्ति का आपसी पारिवारिक रंजिश है, ऐसे में दोनों लोग मंदिर परिसर में एक दूसरे को देखे और वहीं कहा सुनी होने लगी। हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि महिला का नाम उन्हें ज्ञात नहीं है। बहरहाल मामले की अन्य सच्चाई क्या है यह तो पुलिसिया जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा। लेकिन मंदिर परिसर में विवाद होता देख कहीं न कहीं लोगों में आस्था को लेकर आक्रोश भी झलक रहा था।

## धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** ऐतिहासिक प्राचीन कौशांबेश्वर संकट मोचन हनुमान मन्दिर (जोटका तालाब) कौशाम्बी में हनुमान जन्मोत्सव सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के वरिष्ठ सलाहकार पुजारी बाबा बुद्धनदास ने संगीतमय सुंदर काण्ड का पाठ कर धूम धाम से मनाया। जिसमे सुबह भक्तों ने हनुमान जी का श्रृंगार कर पूजा अर्चना किया। क्षेत्रीय जनता के साथ दूर दराज से भक्तों ने हवन पूजन कर आशीर्वाद लिया। वही सक्षम युवा विकास फाउंडेशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार (राजू केशरवानी), कानूनी सलाहकार आदर्श मिश्रा, कोषाध्यक्ष कौशिक अग्रहरी, उपाध्यक्ष रोहित मिश्र, मोहित यादव ,रोहित यादव सहित बड़ी संख्या में हनुमान भक्त पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया दूसरी तरफ गढ़वा के बड़े हनुमान मन्दिर में समाज सेवी शिव पूजन यादव ने राम चरित्र मानस का पाठ करवाया और भक्तों को भंडारा भी किया ।

# संसद खेल स्पर्धा और कौशाम्बी महोत्सव को लेकर प्रधानमंत्री से मिले विनोद सोनकर

**मुलाकात**

**मोदी वैन के बारे मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दी जानकारी**

**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री व कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात कर लोकसभा कौशाम्बी मे केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा कराये गये विकास कार्यों की जानकारी दिया। साथ ही साथ कौशाम्बी विकास परिषद के तत्वाधान मे आयोजित सांसद खेल स्पर्धा व कौशाम्बी महोत्सव मे होने वाले सांस्कृतिक एवं समाजिक कार्यक्रमो की विस्तृत जानकारी दी। मोदी वैन की जानकारी प्रधानमंत्री द्वारा मांगने पर सांसद विनोद सोनकर ने बताया कि मोदी वैन लगातार अपने-अपने विधानसभाओं के गॉव-गॉव जाकर आमजन मानस के स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया जा रहा है। मोदी वैन में मोबाइल ओपीडी के साथ ही हाई स्पीड इण्टरनेट व मेडिकल उपकरणों से लैस है तथा बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेन्स है। एक ब्लड सेम्पल से 39 प्रकार की जॉच करके मात्र 10 मिनट में मरीज को रिपोर्ट दे रही है। मोदी वैन मोबाइल फोन (टेलीमेडिसिन) के द्वारा भारत के विख्यात डाक्टरों द्वारा उपचार हेतु सलाह दी जाती है। इसके साथ ही गॉव- गॉव में मोदी वैन टीकाकरण का कार्य भी करती है। साथ ही मोदी वैन भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, निःशुल्क कोविड टीका करण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर नल योजना, प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा, आदि योजनाओं का प्रचार प्रसार करती है। इसके साथ ही पर्यावरण व स्वच्छता के प्रति जागरूक करती है तथा कौशाम्बी महोत्सव मे प्रख्यात कवि डा. कुमार विश्वास द्वारा तीन दिवसीय रामकथा व सांस्कृतिक कार्यक्रम व सामूहिक विवाह व मेंहदी प्रतियोगिता एवं दिव्यांगजनो को ट्राईमोटर साइकिल वितरण सहित प्रदेश सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टल लगाये जाते हैं। उक्त आशय की जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र पाण्डेय ने दी।



पीएम नरेंद्र मोदी से वार्ता करते सांसद विनोद सोनकर

## चायल में सबसे कम और भरवारी में सबसे अधिक मतदाता

**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही प्रशासन ने तैयारी को अमली जामा पहनाना शुरू कर दिया है। दोआबा की दो नगर पालिका परिषद व आठ नगर पंचायतों में सर्वाधिक मतदाता नगर पालिका परिषद भरवारी में हैं। सबसे कम मतदाता चायल नगर पंचायत में हैं। दोआबा के निकाय चुनाव इस साल दो नगर पालिका परिषद व आठ नगर पंचायतों में होगा। इनमें कुल 153 वार्ड बनाए गए हैं। सभी वार्डो के 123 मतदान केंद्रों के 302 बूथों पर मतदान होगा। इन मतदान केंद्रों पर 2 लाख 71 हजार 72 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सबसे अधिक मतदाता नगर पालिका भरवारी और सबसे कम मतदाता चायल नगर पंचायत में हैं। इनमें एक लाख 42 हजार 565 पुरूष व एक लाख 28 हजार 507 महिला मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा 10 जोन व 32 सेक्टर में सभी नगर पंचायतों व नगर पालिका का बांटा गया है।

# नव प्रवेश बच्चों को टीका लगवाकर मनाया गया उत्सव कार्यक्रम



कार्यक्रम में मौजूद लोग

**कौशाम्बी।** प्राथमिक विद्यालय नेवादा द्वितीय में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के तहत नव प्रवेश बच्चों को बाल वाटिका कार्यक्रम के तहत टीका लगाकर प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षाधिकारी नेवादा नीरज उमराव ने नव प्रवेश बच्चों को रोली लगाकर आशीर्वाद दिया। इसके बाद कक्षा पांच पास छात्र छात्राओं को उपहार देकर उच्च शिक्षा के लिए विदा किए। विदाई समारोह में उपस्थित अभिभावक शिक्षक व बच्चे भावुक दिखे सभी ने एक दूसरे के गले लगाया। समारोह में विनोद कुमार सिंह ए आर पी अनुराग पांडे, अनूप उपाध्याय भूपेंद्र सिंह विकास मिश्रा रामगुलाम पाल सरिता सिंह संजय कुमार सुधा सिंह अभय कुमार सिंह सहित अनेक शिक्षक अभिभावक उपस्थित रहे समारोह का संचालन डॉ राम नेवाज सिंह ने किया।

## पड़ोसी दंपती ने विवाहिता को पीटा

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर कछुआ गांव में बुधवार की सुबह पड़ोसी दंपती ने मोहल्ले की विवाहिता को पीट दिया। पुलिस ने आरोपित दंपती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

नरसिंहपुर कछुआ गांव की गेंदा देवी ने बताया के पड़ोसी अरविंद की पत्नी से बुधवार की सुबह कहासुनी हो गई। इसके बाद आरोपित पड़ोसन ने पति के साथ मिल उसके घर पहुंची और उसे पीट दिया। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर महिला की जान बची। इसके बाद आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। दंपती की पिटाई से घायल महिला थाने पहुंची और मामले की नामजद शिकायत की। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए आरोपित दंपती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अधेड़ को पीटा, चार के खिलाफ एफआईआर

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के चंदूपुर अमरायन गांव में महुआ बीनने को लेकर दबंगों ने अधेड़ को पीट दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल की तहरीर पर चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

चंदूपुर अमरायन निवासी शिवलाल ने बताया कि गांव के ही नत्थू से महुआ बीनने की बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी अदावत में शाम आरोपित ने परिजनों के साथ मिल उसके घर पर पहुंचे। घर के बाहर बैठे शिवलाल को आरोपितों ने बेरहमी से पीट कर अधमरा कर दिया। अधेड़ के साथ मारपीट देख घर-परिवार के साथ मोहल्ले के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने घायल का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीड़ित की तहरीर पर आरोपित नत्थू, कुलदीप समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### किशोरी लापता, अपहरण की आशंका

कौशाम्बी। कोखराज इलाके के एक किशोरी सप्ताह भर पहले संदिग्ध दशा में लापता हो गई। घूमने के लिए निकली किशोरी घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। किशोरी के पिता का आरोप है कि दूसरे दिन फोन कर किशोरी ने बताया कि वह सूरत में है। पीड़ित परिवार को आशंका है कि उसकी बेटी का अपहरण किया गया है। किशोरी के पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।

### ओपेन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता नौ अप्रैल को

**कौशाम्बी।** जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 9 अप्रैल को ओपेन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता होगी। यह जानकारी एसोसिएशन के सचिव राघवेंद्र शुक्ल ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका दोनों वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं।

### 75 लीटर शराब के साथ चार बंदी

**कौशाम्बी।** सरायअकिल और पइंसा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से चार लोगों को पकड़ लिया। उनके पास से 75 लीटर महुआ की शराब बरामद की। सरायअकिल पुलिस ने रामशरन निवासी तिल्हापुर के पास से 20 लीटर, आशू निवासी बसुहार के कब्जे से 20 लीटर व दिनेश निवासी भखंदा के कब्जे से 20 लीटर शराब बरामद की। पइंसा पुलिस ने उदिहिन निवासी रामबाबू के कब्जे से 15 लीटर शराब बरामद की है। पुलिस ने सभी आरोपितों को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

# मौसम हुआ साफ तो फसल कटाई में आई तेजी

**कौशाम्बी।** जिले में पिछले दिनों आंधी और बारिश से किसानों की तैयार फसल खेत में गिर गई थी। दो दिन से मौसम साफ होने के बाद गेहूं, सरसों समेत अन्य तैयार फसल की कटाई करने में किसान जुट गए हैं। आलम यह है कि अब किसानों को फसल की कटाई के लिए मजदूर नहीं मिल रहे हैं।

बारिश से गेहूं की फसल में हुए नुकसान से परेशान किसानों को गेहूं की फसल के कटाई की चिंता सता रही है। क्षेत्र में सरसों कटाई का अधिकांश काम पूरा हो चुका है। वहीं पिछले दो दिन में धूप खिलने से गेहूं की फसल कटाई शुरू हो गई है। तेजी से कटाई के बीच मजदूरों की समस्या खड़ी हो गई है। किसान गेहूं की फसल कटाई के लिए मजदूरों की तलाश कर रहे हैं। फसल काटने के लिए किसानों को तलाशने के बाद भी मजदूर आसानी से नहीं मिल रहे हैं। मजदूर रमेश, मोहन, कमला, गीता, नरेश, लालचंद्र आदि ने बताया कि पिछले दिनों मौसम खराब होने से आई तेज आंधी और बारिश से गेहूं की काफी फसल खेतों में गिर गई थी। ऐसे में जमीन पर गिरी हुई फसल की कटाई में मजदूरों को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है।

## एसपी ने 124 आरक्षियों का बदला कार्यक्षेत्र

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार की रात थाने व चैकी में अर्से से जमे 124 पुलिस आरक्षियों को इधर से उधर कर दिया है। बताया जा रहा है कि यह वे पुलिसकर्मी हैं जो तीन साल से अधिक समय से थाने व चैकी में जमे थे।

## धमकी से परेशान कुनबा पहुंचा एएसपी के पास

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के एक गांव का एक परिवार दुराचार के आरोपित की धमकी से सहमा है। साल भर पहले पड़ोसी गांव के युवक ने शादी का झांसा देकर दुराचार किया था। युवती ने शादी की जिद की तो आरोपित मुकर गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपित आए दिन पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। केस वापस करने का दबाव बना रहा है। बुधवार को मंझनपुर पहुंची पीड़िता ने मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से की है। एएसपी ने पीड़िता को जांच और कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# बच्चों को नियमित भेजें स्कूल, घर-घर होगा एकलव्य : अजय साहू

**कौशाम्बी।** कड़ा ब्लॉक के उच्चप्राथमिक विद्यालय सौंरई बुजुर्ग में बुधवार को शत प्रतिशत छात्र उपस्थिति के दृष्टिगत चलाए गए अभियान हर बच्चा एकलव्य नामक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के शिक्षक अजय कुमार साहू ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की।

कार्यक्रम में अभिभावकों जागरूक करते हुए शिक्षक अजय साहू ने कहा कि हरवर्ग के बच्चों को विद्यालय लाने एवं विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक माहौल स्थापित करने के लिए उच्चप्राथमिक सौंरई बुजुर्ग के कर्मठ शिक्षकों की टीम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। साथ ही शासन व विद्यालय स्तर पर बच्चों को हर तरह की सुविधा दी जा रही है। ताकि बच्चे नियमित तौर पर विद्यालय आएं तथा विद्यालय द्वारा चलाए गए हर घर एकलव्य नामक अभियान को शत प्रतिशत सफलता मिल सके। अभिभावकों से अपील करते हुए शिक्षक अजय कुमार साहू ने कहा कि आप बच्चो को नियमित विद्यालय भेजें, घर घर एकलव्य सा निपुण विद्यार्थी हमारी विद्यालय टीम देगी।

विज्ञान शिक्षक शिवम केशरवानी ने कहा कि विद्यालय के बच्चों ने समय समय पर आयोजित ब्लॉक व जिला स्तर के आयोजित विज्ञान प्रतिभा,खेल व अन्य प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान लाकर प्रतिभा को साबित किया है। सभी अभिभावक छात्रों को ससमय नियमित विद्यालय भेजने पर ध्यान दे तो वो दिन दूर नही कि आपका ही कोई संतान डॉ. कलाम तो कोई कल्पना चावला सा होनहार होगा। और आगे चलकर विद्यालय, गांव व देश का नाम गौरवान्वित होगा। इस दौरान बैठक में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर अनुराधा पटेल, एसएमसी अध्यक्ष उर्मिला देवी, एनएम स्नेहलता, अभिभावक माया देवी, सुनीता देवी आदि ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर कार्यक्रम आयोजक अजय साहू समेत विद्यालय स्टाफ वीरेंद्र शंकर, राठौर शशि देवी, शिवम केशरवानी, राजेश शर्मा, योगेंद्र, पूजा, सुनीता, राजकुमार आदि ने सभी अभिभावकों को फूल व माला पहनाकर आभार प्रकट करते हुए शत प्रतिशत छात्र उपस्थित में सकारात्मक सहयोग की अपील की।



कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को सम्बोधित करते प्रधापाध्यापक

## संक्षेप

### गोली से घायल युवक का इलाज जारी, व्यापारियों में आक्रोश

**प्रतापगढ़।** व्यापारी पुत्र को गोली मारने की घटना को लेकर लालगंज के व्यापारियों में आक्रोश है। घायल का इलाज लखनऊ मेदांता में चल रहा है। मंगलवार की शाम लालगंज के व्यापरी श्रीकांत कौशल का पुत्र उत्कर्ष 22 अपने ननिहाल भटनी जा रहा था। विकास नगर के जेवई मार्ग पर व्यापरी पुत्र को किसी ने गोली मार दी। घायल उत्कर्ष को लालगंज स्थित ट्रामा सेंटर लाया गया। जहॉ हालत गंभीर होने पर परिजनों ने लखनऊ के लिए रिफर करा लिया। परिजनो के लखनऊ में होने के चलते पुलिस को तहरीर नहीं मिल सकी है। पुलिस मामले की जॉच कर रही है। घटना के चौबीस घंटे बीतने के बाद लालगंज पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। जबकि घटना को लेकर व्यापारियों में पुलिस के प्रति आक्रोश है।

### पिता की हत्या किए जाने का बेटे ने लगाया आरोप, दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के हुसैनपुर निवासी विंदेश्वरी वर्मा के पुत्र उमेश कुमार वर्मा ने लालगंज पुलिस को तहरीर देकर पिता की हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। तहरीर में लिखा कि वह कारोबार के सिलसिले में दिल्ली रहता है। बीती इक्कीस फरवरी की शाम उसके पिता विन्देश्वरी वर्मा को लालगंज कोतवाली के तिलकराम तिनमोहनिया पर घायल अवस्था में पडे होने की जानकारी मिली। चोट अधिक लगने के कारण उसके पिता की मौत हो गयी थी। अगले दिन पीडित ने पिता का अंतिम संस्कार किया। इन बीच पीडित की मां ने उसे बताया कि बगल के ताजपुर गांव का एक आरोपी प्राय: मृतक को परेशान किया करता था। पीडित ने आरोपी को नामजद करते हुए पिता की हत्या करने का आरोप लगाया है। पिता की हत्या की तहरीर देने के बाद आरोपी उससे पीएम रिर्पोट मांग रहा है। पीएम रिपोर्ट न देने पर आरोपी द्वारा उसे जानलेवा धमकी दी जा रही है। पीडित ने कहा है कि आरोपी व उसके कुछ साथियों द्वारा उसके पिता की हत्या कर दी गयी है। लालगंज पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# गृहमंत्री व सीएम की सुरक्षा ड्यूटी में लगाए गये पुलिस कर्मियों को एसपी ने सतर्कता बरतने के बताए गुरू मंत्र





संबोधित करते एसपी व उपस्थित पुलिसकर्मी

**प्रतापगढ़।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह व सीएम योगी की सुरक्षा ड्यूटी मे लगाए गये पुलिसकर्मियों को एसपी सतपाल अंतिल ने बुद्धवार को पुलिस लाइन में सतर्कता के गुरू मंत्र दिये। गृहमंत्री व यूपी के सीएम कौशाम्बी महोत्सव में भाग लेने के लिए 7 अप्रैल को कौशाम्बी पहुंच रहे हैं। कौशाम्बी जिला 7 अप्रैल 1997 को बना था। जिसकी वर्षगांठ मनाए जाने की पुरजोर तैयारियां चल रही हैं। कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर की अगुवाई में कौशाम्बी महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी की गई है। प्रतापगढ़ से बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों व अधिकारियों की सुरक्षा के लिए ड्यूटी लगाई गई है। एसपी सतपाल अंतिल ने सतर्क रहकर पुलिस अफसरों व जवानों को ड्यूटी करने के निर्देश दिये।



काली पट्टी बांधकर काम करते कर्मचारी

### दीवानी न्यायालय के कर्मचारियों ने तीसरे दिन भी काली पट्टी बांधकर किया काम

**प्रतापगढ़।** दीवानी न्यायालय के कर्मचारियों ने मांगों के सार्थन में बुधवार को तीसरे दिन भी काली पट्टी बांधकर काम किया। संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र धर द्विवेदी व महामंत्री कमलेश सिंह की अगुवाई में न्यायालय परिसर स्थित गेट नंबर दो पर एकत्रित होकर कर्मचारियों ने सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि अभी तक लंबित मांगो पर कोई अमल नहीं हुआ है। यदि जिम्मेदारों का यही रवैया रहा तो सात अप्रैल के बाद आंन्दोलन की रणनीति बदल जाएगी। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर रणनीति बनाकर व्यापक पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन की होगी। सांकेतिक प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने बांह पर काली पट्टी बांध कर न्यायालयीय कार्य किया। इस मौके पर हरिगोविंद सिंह, नाजिर छोटे लाल, मोहम्मद मिन्नत उल्ला सुहैल, सुनील पांडेय, सूर्यप्रकाश पांडेय, अभिनव सिंह, वरुण त्रिपाठी, राहुल शर्मा, सुश्री उर्मिला राणा, सरिता सिंह, कंचन सरोज, राहुल शर्मा, दिलीप कुमार रजक, पवन कुमार, नीलेश पांडेय, विनोद सरोज, मोहित मिश्र, लवलेश मिश्र, अजीत कोरी, विकास शुक्ला, शेर बहादुर यादव, संजय यादव, सुरेंद्र यादव, वेदप्रकाश, रमेश पटेल हसीब उल्ला, दिनेश यादव, केशव रावत, सिमरन त्रिपाठी, दीक्षा केसरी आदि मौजूद रहे।

# ओम प्रकाश राजभर का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है इसलिए गठबंधन से किये जाते हैं बाहर : इंद्रजीत सरोज

**प्रतापगढ़।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज का बुधवार को प्रतापगढ़ शहर पहुंचने पर सपाइयों में भारी उत्साह देखा गया। इंद्रजीत सरोज ने कहा कि ओमप्रकाश राजभर का मानसिक सन्तुलन बिगड़ चुका है। वो किसी के भी बारे में ऊटपटांग बोलते रहते है। इसके अलावा सिलेबस से मुगलों के इतिहास को हटाए जाने की बात पर सपा नेता ने कहा कि हो सकता है आने वाले समय में लालकिला लोकसभा व विधानसभा भी इतिहास से हटाना पड़े। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज का शहर के अंबेडकर चौराहे पर कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ सपा के रानीगंज विधायक डॉ. आरके वर्मा व जिलाध्यक्ष भी रहे। नेताओं ने अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इंद्र जीत सरोज ने ओमप्रकाश राजभर द्वारा खुद को गुंडा बताने व लोकसभा चुनाव में तीसरे मोर्चे पर सवाल खड़ा करने पर उन्हें आड़े हाथ लिया। सपा नेता ने कहा कि ओमप्रकाश राजभर का मानसिक बिगड़ चुका है इसलिए गठबंधन से बाहर कर दिए जाते हैं। लोकसभा चुनाव में विपक्ष एकजुट होगा। इसके लिए हमारी पार्टी के नेता अखिलेश यादव को कलकत्ता अधिवेशन में अधिकृत किया गया है। निकाय चुनाव को लेकर इंद्रजीत ने कहा कि हमारा मौजूदा गठबंधन जो लोकदल के साथ है उसके साथ मिलकर लड़ेंगे। योगी सरकार द्वारा स्कूलों के सिलेबस में मुगलों के इतिहास को हटाये जाने पर उन्होंने कहा कि पार्लियामेंट, लाल किला विधानसभा के साथ ही पुरानी विरासत को भी हटाने का कार्य सरकार करे। रायबरेली में स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा दिए गए बयान पर सफाई देते हुए उन्होंने कहा कि वह पुराना बयान है जिसे तोड़ मरोड़कर पेश किया जा रहा है। इस दौरान बडी संख्या में सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पत्रकारों से बातचीत करते इंद्रजीत सरोज

## हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल शोभायात्रा का होगा आयोजन

**प्रतापगढ़।** जिले में आज गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में राष्ट्रीय बजरंग दल व अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के सहयोगी संगठनों द्वारा विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। शोभायात्रा विगत कई वर्षों से लगातार लालगंज अझारा क्षेत्र में संगम चौराहे से प्रारंभ होकर महिमापुर नहरिया के पास जाकर सम्पन्न होती हैं। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में राम भक्त हनुमान, भक्त गाजे-बाजे व डीजे की धुन पर नाचते गाते पूरी यात्रा को समर्थन देते हैं। जगह जगह पर जलपान आदि की व्यवस्था होती है। भगवान महावीर हनुमान जी के जन्म के उपलक्ष में पूरे भारत में ही नही पूरे विश्व में यह कार्यक्रम मनाया जाता है। यात्रा में इस बात का ख्याल रखा जाता है कि किसी संप्रदाय को किसी भी प्रकार की ठेस ना पहुंचे। यह बातें प्रतापगढ़ के जिला संगठन मंत्री विक्रम कौशल श्गुरु जीश ने प्रेस वार्ता में कही। कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए विभिन्न संगठन के लोगों के अलावा राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत अध्यक्ष नरेंद्र शास्त्री जी, प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल धीरेंद्र शर्मा जी व अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष अमित मिश्रा जी के आने की बात कही गई।

# सार्टसर्किट से गेहूं की फसल जलकर राख



आग बुझाती फायर ब्रिग्रेड की टीम

**प्रतापगढ़।** सार्टसर्किट से खेत में लगी आग से गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। लालगंज कोतवाली के चकौडिया निवासी रामफेर पाण्डेय के खेत में बुधवार की दोपहर बाद सार्टसर्किट से अचानक आग फैल गयी। तेज हवा के चलते पूरे खेत में आग फैलने लगी। हल्ला गुहार पर ग्रामीण खेतों की तरफ भागे। आग बुझाने का प्रयास नाकाफी रहा। आगजनी में ढाई बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गयी। सूचना मिलने पर लालगंज से फायर ब्रिग्रेड की टीम पहुंची और मशक्कत कर किसी तरह आग पर नियंत्रण किया।

## प्राचीन शिव मंदिर से निकली भव्य श्री राम शोभायात्रा

**पट्टी।** श्री रामनवमी के उपलक्ष्य श्रीराम भव्य शोभायात्रा हिंदू परिवार की तरफ से रथ डीजे गाजे-बाजे के साथ अमरगढ़ प्राचीन शिव मंदिर से महादेव इंटर कॉलेज होते हुए मोलनापुर सदहा पचौरी मोड़ विक्रम पट्टी आसपुर देवसरा भीखमपुर गौरा माफी होते हुए अमरगढ़ तक निकाला गया जगह जगह पुष्प वर्षा एवं जलपान की व्यवस्था किया गया आसपुर देवसरा में भव्य शोभायात्रा में उपस्थित सभी लोगों के लिए युवा नेता अमित मिश्रा की तरफ से नाश्ता पानी का व्यवस्था किया गया फिर अमरगढ़ प्राचीन शिव मंदिर पर समापन हुआ जहां ग्राम प्रधान दुर्गेश सिंह जी के नेतृत्व में नाश्ते का व्यवस्था किया गया इस अवसर पर युवा नेता वतन तिवारी चंद्र प्रकाश तिवारी आशीष सिंह गब्बर सिंह जिगर सिंह प्रवेश सिंह हिमांशु उपाध्याय चंचल शर्मा अमन शर्मा अमित तिवारी नीरज तिवारी एवं क्षेत्र किस समस्त सम्मानित लोग बढ़-चढ़कर भाग लिए श्री राम शोभा यात्रा को भव्य शोभायात्रा बनाने का कार्य के लिए।

## भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक : वल्लभाचार्य



**प्रतापगढ़।** मानधाता के बासूपुर गांव में बुधवार को श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण बाल लीला, कालिया मर्दन तथा गोवर्धन पूजा का वर्णन सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा व्यास जगदगुरु वल्लभाचार्य महाराज अयोध्या धाम भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी तथा गोवर्धन पूजा की कथा विस्तार से सुनाई। कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। भगवान कृष्ण अपनी सखाओं और गोप-ग्वालों के साथ गोवर्धन पर्वत पर गए थे। वहां पर गोपिकाएं 56 प्रकार का भोजन रखकर नाच गाने के साथ उत्सव मना रही थीं। कृष्ण के पूछने पर उन्होंने बताया कि आज के ही दिन देवों के स्वामी इंद्र का पूजन होता है। इसे इंद्रोज यज्ञ कहते हैं। इससे प्रसन्न होकर इंद्र व्रज में वर्षा करते हैं। जिससे प्रचुर अन्न पैदा होता है। भगवान कृष्ण ने कहा कि इंद्र में क्या शक्ति है। उनसे अधिक शक्तिशाली तो हमारा गोवर्धन पर्वत है। इसके कारण ही वर्षा होती है। अतरू हमें इंद्र से बलवान गोवर्धन की पूजा करनी चाहिए। बहुत विवाद के बाद श्री कृष्ण की यह बात मानी गई और व्रज में गोवर्धन पूजा की तैयारियां शुरू हो गईं। श्रद्धालु भक्ति सागर में मंत्रमुग्ध रहे। अंत में मुख्य यजमान हीरावती तिवारी, सुरेश नारायण तिवारी, सुधा तिवारी ने आरती उतारी। इस मौके पर शिवाकांत द्विवेदी, राजकुमार मिश्र, ध्रुव तिवारी, हौसिला प्रसाद ओझा, गौरव रमन तिवारी, ओपी तिवारी, केएन यादव, अशोक पाण्डेय, ओम प्रकाश मिश्र आदि मौजूद रहे।

# पेंशन संवैधानिक मार्च को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों ने बनाई रणनीति



पुरानी पेंशन बहाली को लेकर इकट्ठा हुए कर्मचारी

**प्रतापगढ़।** पुरानी पेंशन बहाली के लिए विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने आंदोलन तेज करने की रणनीति बनाई है। आंदोलन के लिए 16 मार्च को पेंशन संवैधानिक मार्च निकालने का पहले ही निर्णय लिया जा चुका है। बुद्धवार को विभिन्न विभागों के कर्मचारी नेताओं ने खण्ड विकास अधिकारी सद कार्यालय सभागार में बैठककर मार्च को सफल बनाने के लिए पुख्ता रणनीति बनाई। महामंत्री डा0 विनोद त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजय कुमार बंधु के निर्देश पर 16 मार्च को पूरे देश में संवैधानिक मार्च निकाला जायेगा। उन्होंने कहा कि पेंशन से वंचित कर्मचारी बाइक मार्च को सफल बनाने के लिए कमर कस लें। एकता ही सफलता दिलायेगी। पुरानी पेंशन बहाली तक आंदोलन चलता रहेगा। अटेवा के नेताओं ने विभिन्न विभागों में कर्मचारियों से जनसंपर्क कर संवैधानिक मार्च को सफल बनाने के लिए सभी के पहुंचने की अपील की। इस दौरान सीपी राव, पार्वती विश्वकर्मा, बसंत कुमार, अयोध्या यादव, संतोष शर्मा, सुरजीत कुमार सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।



### दिव्यांगजनों की सेवा कृपालु महाराज के सेवा कार्यों में प्रमुख : विशाखा त्रिपाठी

**प्रतापगढ़।** भक्तिधाम मनगढ़ में कृपालु परिषद की तरफ से बुधवार को ट्राइसइकिल का वितरण किया गया। भक्तिधाम की प्रमुख विशाखा त्रिपाठी ने दर्जनों दिव्यांगों को सायकिल दिया। भक्तिधाम द्वारा गरीबों, मजलूमों व दिव्यांगों के कल्याण के लिए वर्षों भर कई कार्यक्रम आयोजित होते हैं। भक्तिधाम की तरफ से बालिकाओं के लिए मुफ्त शिक्षा, लोगों के लिए मुफ्त इलाज की व्यवस्था आदि अनेक कल्याणकारी कार्य ट्रस्ट से जुड़े लोगों द्वारा निरंतर की जा रही है। कुण्डा कस्बे में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा की व्यवस्था लड़कियों के लिए मुफ्त में संचालित है। कृपालु जी महराज की ज्येष्ठ पुत्री और भक्तिधाम की प्रमुख विशाखा त्रिपाठी ने सायकिल वितरण के बाद कहा की दिव्यांग जनों की सेवा स्व0 कृपालु महराज जी के प्रमुख सेवा कार्यो में एक था। दिव्यांगों को कुछ देकर लगता है की महराज के बताये रास्तों का अनुसरण किया जा रहा है। बताते चलें की कृपालु भक्ति परिषद द्वारा कुण्डा क्षेत्र के लिए कल्याणकारक कार्यक्रम चलते रहते है। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में परिषद की सेवा उल्लेखनीय रही है।

# संचारी रोग नियंत्रण की जागरूकता के लिए स्कूलों से निकाली गई रैली



जागरूकता रैली निकालते बच्चे

**प्रतापगढ़।** संचारी रोगों के फैलने से रोकने व इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिले के माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों ने रैली निकाली। रैली निकाल रहे छात्र-छात्राओं ने हॉथों में स्टीकर व पोस्टर लेकर लोगों को मौसमी बीमारियों से बचने के लिए नारे लगा रहे थे। इस दौरान बच्चों को साफ सफाई बरतने के लिए जागरूक किया जा रहा था। राजकीय इण्टर कालेज बरहदा के प्रिसिंपल डा0 विन्ध्याचल सिंह ने बच्चों को बीमारियों को रोकने के तरीके बताए। इसके अलावा जिले अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्यो व शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं से आसपास व धर के निकल गंदा पानी, जल जमाव न रहने देने आदि के लिए संचारी रोगों से बचने के उपाय बताए।

# विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम की हुई सराहना

**प्रतापगढ़।** सदर ब्लाक के अमेठी रोड़ स्थित चौरा गांव में बुधवार को वर्ल्ड ऑफ वूमेन एजुकेशन की तरफ से विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। आचार्य संतोष कुमार मिश्रा के द्वारा बच्चों का विद्यारंभ संस्कार प्रारंभ कराया गया। इसके बाद प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्राांज मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस कंपटीशन असेंबली एवार्ड, बेस्ट थॉट बेस्ट राइटिंग अवार्ड एवं विद्यालय के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एलायंस क्लब इंटरनेशनल के डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि वर्ल्ड आफ वूमेन एजुकेशन द्वारा अंग्रेजी शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृत को जागृत करने का अनूठा प्रयास है। अन्य विद्यालयों के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि विद्यारंभ संस्कार हमारी उस परंपरा को जागृत करने वाला है जिसमें हम पांच वर्ष की आयु में बच्चों को स्कूल भेजते थे। यह हमारे देश और समाज के लिए उपयुक्त है।केसरवानी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्षा अरुणा केसरवानी ने छात्राओं की प्रस्तुति को खूब सराहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि शर्मा ने आगंतुकों का स्वागत किया। पूर्व प्रधान शिव मूर्ति सिंह ने कार्यक्रम में आये सभी आगंतुकों का प्रबंध समिति की ओर से आभार व्यक्त किया। संचालन तरुण पांडे, विनीता यादव के द्वारा किया गया।इस मौके पर साकेत ग्रुप आफ कॉलेज के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, प्राचार्या डॉ नीलिमा श्रीवास्तव, अनन्त प्रकाश शुक्ला, अच्युत कुमार शुक्ला, रघुपति प्रकाश आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे

# धूमधाम के साथ मनाया गया एसएनएस पब्लिक स्कूल एंड इंटर कॉलेज का 5 वां वार्षिक उत्सव

**कार्यक्रम**

### प्रतिभाशाली बच्चों को मेडल देकर किया गया सम्मानित

**पट्टी।** विद्यालय के पांचवें वार्षिकोत्सव में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित अभिभावक वा गणमान्य लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस दौरान विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

भिवनी स्थित एस एन एस पब्लिक स्कूल एंड इंटर कॉलेज मैं बुधवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का का शुभारंभ मां वीणा वादिनी की प्रतिमा पर विद्यालय प्रबंधक अशोक कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय की छात्रा काजल, मधु प्रतिभा, वंदना प्रिया साक्षी आदि ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत के साथ-साथ समसामयिक गीत व नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में समा बांध दिया। इस दौरान विद्यालय के प्रतिभाशाली बच्चों में आयुषी पटेल, परी पांडेय, अंश सरोज, नितिन पटेल, रमेंद्र सिंह, अंशुल चौरसिया, विराट सिंह, प्रिया मोर्य, विवेक यादव, स्मृति चौरसिया, आदि विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में बच्चों के परिजन व क्षेत्र के गणमान्य मौजूद रहे।



कार्यक्रम में सम्मानित बच्चे

## जनसंपादकीय

# गीदड़-भभकी पर क्यों हों परेशान?

रमेश ठाकुर



चीन ने अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न जगहों का नाम बदलने का एक ऐसा शफूगा छोड़ा है जिसमें ना आवाज है और ना ही चिंगारियां? फिलहाल ऐसा पहली मर्तबा नहीं हुआ है। जब, उसने इन जगहों के नाम बदलने की कोशिश की हो, पूर्व में भी वह ऐसी ओछी हरकत करके उकसाने का काम किया था। उसकी इस गीदड़ भभकी को ज्यादा गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। पर, सतर्कता बरतनी बेहद जरूरी है। दुश्मन चाहें, कमजोर हो या ताकतवर हल्के में नहीं लेना चाहिए। केंद्र की खुफिया एजेंसियों और अरुणाचल प्रदेश की लोकल इंटेलिजेंस को पैनी निगरानी उन क्षेत्रों पर रखनी होगी, जिनका नाम बदलने का जिक्र किया है। सैन्य पहरा भी जरूरी है। क्योंकि यही वो भाग है जिसपर दुश्मन की कई दर्शकों से नजर है और जिसे हम अपना अभिन्न अंग बतलाते हैं। चीन ने अपने सरकारी अखबार के जरिए जो ये विवादित बात कही है, उसके परिणाम दूरगामी भी हो सकते हैं। क्योंकि इस बार उनकी बकायदा मीटिंग में नाम तय किए गए हैं। जैसे विपक्ष सालों से आरोप लगाता आया है कि चीन अरुणाचल प्रदेश के कई हिस्सों में घुस गया है। आज से दो वर्ष पूर्व यानी दिसंबर-2021 में भी चीन ने अरुणाचल के विभिन्न जगहों के नाम बदले का कोरा झूठ बोला था। तब हमारे विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि चाइना ऐसा करके हमें दिव्य भ्रमित करना चाहता है। अपनी नापाक हरकतों से हमारी नजरें हटाना चाहता था। सोचने वाली बात है, हमसे हजारों किलोमीटर दूर पर बैठे लोग पहले से तय हमारे स्थानों के नाम बदलने की बात करता है। इससे उनके दिमाग का दिवालियापन ही कहा जाएगा। ऐसे तो हमारी सरकार भी दिल्ली में बैठकर शंघाई का नाम 'संघर्ष नगर' रख देगी, तो क्या उससे उसका नाम संघर्ष नगर हो जाएगा। नाम तो नहीं बदलेगा। पर, उपहास जरूर उड़ेगा, जैसा इस वक्त चीन का उड़ रहा है।

नाम-वाम बदलने का नया विवाद दरअसल है क्या? इसे आसान थ्योरी में अगर समझे, तो इसे चीन की नापाक चाल ही कहेंगे। उसने एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर करीब हमारे 11 अधिकृत स्थानों को अपना नाम दिया है। इसके लिए बाकायदा बीते रविवार को चीनी कैबिनेट की 'स्टेट काउंसिल मीटिंग' आयोजित हुई जिसमें ये सभी प्रस्ताव पारित हुए। अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थानों को बिंदुवार तरीके से नए नाम रखे गए। क्योंकि इन नामों की पहले से उनके पास सटीक भोगौलिक जानकारियां हैं ही, जिन स्थानों के नाम बदलने की ये घोषणा हुई है उनमें दो रिहायशी इलाके है। पांच उंचे पर्वतों वाली चोटियां हैं। दो नदियां हैं और दो अन्य क्षेत्र हैं। दोनों नदियों का पानी दोनों ओर गिरता है। फिलहाल हमारे पास ये खबर अभी तक चीन सरकार के मुख्य पत्र 'ग्लोबल टाइम्स' के हवाले से आई है। अधिकृत तौर पर उनकी सरकार ने अभी कोई कोई सूचना नहीं दी है और ना ही ऐसे कोई प्रयास किए गए हैं।

गौरतलब है, चीन ने बकायदा उन स्थानों के अधीनस्थ प्रशासनिक जिलों की श्रेणी भी सूचीबद्ध की है। जबकि, ऐसी ही एक हिमाकत 2017 में भी की थी, जब उन्होंने अरुणाचल के छह स्थानों को अपना बताया था। भारत सरकार ने हमेशा इन हरकतों का बिना कोई जवाब दिए प्रतिवाद किया है और करना भी चाहिए। ऐसे विवादों पर केंद्र सरकार प्रत्यक्ष रूप से मुखर नहीं होती। उनको पता है ये उनका मात्र चिढ़ाने वाला तरीका है। जब, कोई लिखित में चिट्टी या कब्जे की सीधी कोशिशें होगी तो उसका प्रतिकूल और माकूल उत्तर दिया जाएगा। फिलहाल सरकार 'वैट एंड वॉच' की स्थिति में है। बैठक रविवार को हुई थी, दो-तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुगबुगाहट नहीं है, इसका मतलब ये है उन्होंने पहले की तरह सुरसुरी ही छोड़ी है जिसमें ना आवाज है और न पतंगे।

अभी कुछ महीने पूर्व की ही बात है। जब, चीन के इसी सरकारी अखबार के हवाले से ये झूठी खबर प्रकाशित हुई कि उन्होंने गलवान घाटी के आसपास से अपनी फोर्स हटाने का निर्णय ले लिया है। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों से भी सेना हटाएंगे। दरअसल, ये उनका कोरा झूठ था, भारत सरकार को भ्रमित करने का ताकि इसके बाद भारत अपनी सेना हटाए और हम चुपके से रात के अंधेरे में धावा बोल दें। क्योंकि चीनी रात के अंधेरे में चोरी-चकारी और उल्टे सीधे कामों के माहिर होते हैं। देखिए ये बदला हुआ भारत है, अब यहां रात में भी चौकन्ने रहते हैं। हिंदुस्तान 1962 के मुकाबले 2023 में बहुत मजबूत खड़ा है। हुकूमत भी कठोर है जिसे चीन भलीभांति जानता औा समझता भी है। वरना, अभी तक तो कोई ना कोई गड़बड़ी कर चुका होता? कुछ हरकतें की भी जिसका उन्हें उनकी ही भाषा में जवाब भी मिला।

चीन को लग रहा है, उनके इस निर्णय पर भारत सरकार में खलबली मचेगी, लेकिन ऐसा हुआ बिल्कुल भी नहीं? क्योंकि केंद्र सरकार चीनी मसले पर कोई जल्दबाजी नहीं दिखाना चाहता। केंद्र सरकार अरुणाचल क्षेत्र पर आंच तक नहीं आने देना चाहती। 2017 में जब निर्वासित तिब्बती बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा की अरुणाचल यात्रा हुई तब भी चीन ने हंगामा काटा था। चीन ने भारत सरकार पर खूब दबाव बनाया था। ताकि भारत उनकी यात्रा रोक दें। यात्रा रोकने के बजाय भारत ने उलटे दलाई लामा की कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था में यात्रा को होने दिया और उन्हें राजकीय अतिथि के रूप में प्रोटोकॉल भी दिया। इससे चीन और आगबबूला हो गया। अंदर ही अंदर मन मसोसकर रह गया। उसी दौरान उनके विदेश उप-मंत्री का भारत दौरा था, उन्हें खुन्नस में आकर निरस्त कर दिया। चीन किसी भी सूरत में समूचे एशिया में अपनी बादशाहत कायम रखना चाहता है। इसके लिए वो प्रत्येक हथकंडे अपना रहा है।

बहरहाल, केंद्र सरकार चीन की प्रत्येक चाल को कुचलती आई है। नापाक हरकत करने का जरा भी मौका नहीं दे रही है। यही वजह है चीन जो भी कुछ कर रहा है, शंघाई में ही बैठकर। उसे पता है, मैदान में आकर उसे मुंह की ही खानी पड़ेगी। चीन ने भारत के खिलाफ नेपाल और पाकिस्तान को भी उकसाकर देख लिया, उससे भी कोई फायदा नहीं हुआ। तालिबानियों से भी मदद मांग ली, उन्होंने भी खाली हाथ लौटा दिया। कुलमिलाकर वह चारो तरफ से अब अकेला पड़ गया है। नेपाल-पाकिस्तान के बस की तो कुछ है, जो सीधे तौर पर वो भारत को कोई नुकसान पहुंचा सके। नेपाल की सत्ता में चीन का बढ़ता कदम आने वाले समय में नेपालियों के लिए ही भारी पड़ने वाला है। उनके साथ मिलकर हमें परेशान करने की फिराक में था। वहां भी उनकी दाल नहीं गली।

बहरहाल, भारत-चीन सीमा विवाद की एबीसीडी समझने की जरूरत है। 3500 किमी लंबी सीमा है जो तीन सेक्टरों में विभाजित है। अव्वल, पश्चिमी सेक्टर जो जम्मू-कश्मीर में 1597 क्षेत्रफल में फैला है। जहां, चीन का दखल नहीं हैं। दूसरा, मध्य सेक्टर है जो हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की साक्षा सीमाओं से सटा हुआ है जिसकी अधिकृत लंबाई 545 किमी है। यहां, भी उसकी ज्यादा कोई दखलंदाजी सीधे तौर पर नहीं है। तीसरा, क्षेत्र जो पूर्व क्षेत्र है वो अरुणाचल प्रदेश से सटा है बारीक सा हिस्सा सिक्किम से लगा है जिसकी लंबाई 1346 किमी है, जिसे वह कब्जाना चाहता है। जबकि, अक्साई क्षेत्र ऐसा है जिसे भारत अपना हिस्सा मानता है, जो कभी हमारा हुआ भी करता था। जिसे चीन ने 1962 युद्ध के बाद कब्जा लिया था। तभी से ये भाग उसके कब्जे में है। वहीं, पूर्वी सेक्टर जो अरुणाचल प्रदेश में आता है, उसके पूरे भूभाग को चीन अपना बताता है, उस क्षेत्र में जितने भी भारतीय गांव-कस्बे बसे हैं उनका नाम बदल रहा है चीन। नया विवाद यहीं से शुरू हुआ है। जबकि, ऐसे हरकतें वो एकाध दफे नहीं, बल्कि बीते एक दशक में पांचवी बार कर चुका है। आगे भी करेगा, ऐसे में हिंदुस्तान सरकार को भी करीब 600 किमी में फैले अक्साई क्षेत्र के नामों को बदलकर अपने नाम दे देने चाहिए, क्योंकि उस क्षेत्र का पुराना नक्शा आज भी हमारी हुकूमत के पास सुरक्षित है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# राजा को कोई फर्क नहीं पड़ता

## प्रसंगवश

सुभाष गाताडे



'लेकिन उसने कुछ पहना नहीं है'. छोटे बच्चे ने कहा.

.. 'लेकिन उसके शरीर पर वाकई कुछ कपड़ें नहीं है' नगर के बाकी निवासी अंततः जोर से बोल उठे

राजा थोड़ी देर डगमगाया, क्योंकि उसे लगा कि वह बिल्कुल सही बात कह रहे हैं. लेकिन उसने सोचा, 'इस जुलूस को तो चलते ही रहना चाहिए।' इसलिए वह उसी शान से अधिक रोबीले ढंग से चलने लगा, और उसके दरबारियों ने उसी नफासत के साथ उसके चोगे को उठाया, जो वहां नहीं था।

कुछ रचनाएं कालजयी हो जाती हैं और वह जबभी पढ़ी जाती हैं, अपने नए संदर्भों के साथ हर बार बेहद मौजूं हो जाती हैं..

फिर चाहे बड़ों के लिए लिखी गयी किताबें हों या बच्चों के लिए रची गयी रचनाएं हों !

अपनी बालकथाओं के लिए आज भी दुनिया भर में मशहूर महान डैनिश लेखक हान्स क्रिश्चेन एंडरसेन, ( 2 अप्रैल 1805 - 4 अगस्त 1875) की एक बहुचर्चित कहानी 'राजा के नए कपडे'. शायद ही किसी ने पढ़ी/सुनी न हो। दुनिया के सौ से अधिक जुबानों में अनूदित यह कहानी अपनी अकूत सत्ता और अहंकार में डूबे राजा के प्रजा के सामने बेपर्द होने की कहानी है, जिसे कुछ ठग दुनिया का एक ऐसा 'दिव्य वस्त्र' पहना देते हैं - जो उन लोगों को नहीं नजर आता जो मूर्ख हों या अहमक हों - और राजा विशाल जुलूस में निकल पड़ता है।

अचानक एक छोटासा बच्चा बोल उठता है कि 'अरे राजा ने कुछ पहना नहीं है।' राजा को सच्चाई का एहसास होता है, लेकिन वह 'उतनी ही शान के साथ चलता रहता है। लगभग दो सौ साल बीतने को है, लेकिन यह रूपक आज की दुनिया पर भी हूबहू लागू होता दिखता है।

इस्राएल के संसद में जारी घटनाक्रम इसी बात की ताईद करता है। फिलवक्त.वहां एक प्रधानमंत्री सत्तासीन हैं - जो इसके पहले भी कई दफा इस्राएल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं - जिन पर घुसखोरी और गबन के आरोप लग चुके हैं, न्यायालयों में मामला विचाराधीन भी है, जिनकी पत्नी को भी राज्य की निधि का दुरूपयोग करने के लिए दंडित किया जा चुका है । निश्चित ही इस काम के लिए भी उन्हें अपने के पद का लाभ मिला होगा, उस प्रधानमंत्री 'बीवी' नेतन्याहू ने पिछले दिनों एक अलग किस्म का कानूनी धमाका किया।

इस संभावना को मदेनजर रखते हुए कि कभी भी देश की अदालत उन्हें दोषसिद्ध करेगी और फिर उन्हें अपने पद को छोड़ना पड़ेगा, उन्होंने संसद में एक नया कानून ही बनवा दिया कि प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए उन्हें उनके किसी भी अपराधिक / सिविल मामलों के लिए दंडित नहीं किया जाएगा और हटाया नहीं जा सकेगा। न विधायिका उन्हे छू पाएगी और न न्यायपालिका उन पर अंकुश लगा सकेगी । इस काम को तभी अंजाम दिया जा सकेगा जब खुद प्रधानमंत्री या उनकी कैबिनेट इसके बारे में निर्णय ले। दरअसल न्यायपालिका की संरचना में आमूलचूल बदलाव लाने की नेतन्याहू की अगुआई में बनी सबसे अधिक दक्षिणपंथी हुकूमत की कोशिशों का ही हिस्सा रहा है। इस गठबंधन में शामिल पार्टियों के कई नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, एक पार्टी के नेता को जनवरी माह में न्यायपालिका के हस्तक्षेप के चलते ही अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा है।

याद रहे न्यायपालिका को अधिक पालूत बनाने की, उसकी स्वतंत्रता पर नकेल डालने की कोशिश जनवरी माह से चल रही है, जबसे नेतन्याहू प्रधानमंत्री बने हैं, जिसने इस्राएली समाज में व्यापक जनांदोलन को जन्म दिया है, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया था। न्यायपालिका पर नकेल डालने के इस प्रयास का विरोध बुद्धिजीवी तबके में भी पहुंचा है। मार्च माह की शुरूआत में तेल अवीव की सड़क पर जुलूस में चलते हुए अग्रणी अकादमिक और लेखक युवाल हरारी ने नेतन्याहू को चेतावनी देते हुए कहा था कि नेतन्याहू अपनी बगावत को रोक दो वरना हम तुम्हें रोक देंगे।

जनता के प्रचंड विरोध को देखते हुए, इस कदम से सिविल सोसायटी में बढ़ती दरार को मद्देनजर रखते हुए और यहां तक कि सेना के रिजर्विस्टों द्वारा इस कदम के विरोध में अपनी सेवाएं देने से इन्कार कर देने से फिलवक्त.नेतन्याहू सरकार ने अपने इस कदम को स्थगित किया है, लेकिन वक्त.आने पर इस कदम को वह आगे अवश्य बढ़ाएंगे।

गौरतलब है कि अपने 'दाग अच्छे हैं' इसे प्रमाणित करने की कवायद में विश्व नेताओं में नेतन्याहू अकेले नहीं है।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को देखें - जो पद पर रहते हुए नेतन्याहू के साथ अपनी दोस्ती और आत्मीय संबंधो की अक्सर बात करते थे - विश्लेषकों के मुताबिक उनकी कानूनी चुनौतियां इन दिनों बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह आर्टिफिशियल इंटेलिजन्स का सहारा लेकर ऐसे फोटो भी जारी किए थे कि उन्हें पुलिस गिरफतार कर रही है। वर्ष 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में अपनी दावेदारी ठोकने के लिए व्याकुल ट्रम्प के बारे में कहा जा रहा है कि मुमकिन है कि अमेरिका के इतिहास में वह ऐसे पहले पूर्व राष्ट्रपति होंगे जिन पर औपचारिक आरोपलगेंगे।

मामला वर्ष 2016 के चुनावों के पहले - जिसमें ट्रम्प राष्टपति चुने गए थे - एक पोर्न अभिनेत्री को अपना मुंह बंद रखने के लिए ट्रंप के एक सहयोगी द्वारा किए गए भुगतान से जुड़ा है ताकि वह राष्ट्रपति के चुनाव में खड़े ट्रम्प के साथ अपने अंतरंग रिश्तों का इजहार न करे। इस मामले में ट्रम्प के सहयोगी उस शख्स को सजा भी हो चुकी है और कयास लग रहे हैं कि ट्रम्प भी जेल जा सकते हैं।

ध्यान रखने लायक बात है कि विगत दशकों से ट्रंप के खिलाफ लगाए जा रहे विभिन्न आरोपों के बावजूद, जो बाकायदा दस्तावेजीकृत भी है - जैसे फर्जी विश्वविद्यालय, कोविड महामारी को खारिज करने की कोशिश, चुनावी घपलों के बारे में सरासर झूठ का प्रसार, चुनावों में हार के बाद पद छोड़ना ना पड़े इसलिए दंगे भड़काने की कोशिश आदि - उन्हें पहले कभी दंडित नहीं किया जा सका है। इतनाही नहीं महिलाओं को वह किस तरह बेइज्जत करते हैं, उनके बारे में बेहद हल्की, भद्दी बातें करते हैं, इसके प्रमाणों के बावजूद न उनकी छवि पर असर पड़ा है। और न ही उनकी लोकप्रियता में कभी कमी दिखाई दी है, यहां तक महिलाओं का एक हिस्सा उन्हें समर्थन देता रहा है।

तेजी से बदलता भारत का राजनीतिक घटनाक्रम और उससे उभर रहे प्रश्नों पर गौर करें तो हम पाएंगे कि तेल अवीव या वॉशिंगटन डीसी या न्यूयॉर्क की सड़कों पर जो कुछ घटित हो रहा है, उससे वह गुणात्मक तौर पर भिन्न नहीं है। इन दिनों बहसों का फोकस एक कारोबारी दिग्गज के करिश्माई उभार पर है - सत्ताधारी जमात के सर्वोच्च नेता के साथ उसकी कथित नजदीकी के किस्से सरेआम हैं। विपक्ष के अग्रणी नेता - राहुल गांधी, जिन्हें 'मानहानि' के नाम पर संसद से अयोग्य घोषित किया गया , उनके द्वारा संसद के पटल पर दिए गए व्याख्यान में ऐसे तमाम तथ्य पेश किए जा चुके हैं, जो इसके बारे में बहुत कुछ बताते हैं ( यह अलग बात है कि उस पूरे व्याख्यान को या विपक्ष द्वारा उठाए गए ऐसे तमाम सवालों को संसद के रेकॉर्ड से हटाया जा चुका है।)

गौरतलब है कि महज दो दशकों के अंदर फर्श से अर्श पर पहुंचे इस समूह की कार्यप्रणाली में निहित कथित अनियमितताओं पर - जिसके तहत वह दुनिया के अग्रणी चंद समूहों में शुमार हो गए थे - कापोरेट समूहो की जांच में मुब्तिला रहे समूहों द्वारा बाकायदा रिपोर्ट भी जारी की जा चुकी है जिसमें कहा गया है कि न केवल यह समूह शेयर बाजारों में हेरफेर करता है बल्किहिसाब किताब में भी गबन/ करता है। इस बात के भी ठोस आरोप लगे हैं कि इस समूह के संचालन में शेल कंपनियों का भी हिस्सा रहता आया है। सबसे चिन्ताजनक बात है कि ऐसे अपारदर्शी समूह की कार्यप्रणाली को लेकर - जिसके द्वारा सुरक्षा के क्षेत्र में भी पूंजी लगायी जा चुकी है -जिसके बारे में दुनिया में हंगामा मचा है और इस समूह को शेयर बाजारों में झटका भी लगा है , जांच करने से सरकार ने बार बार इन्कार किया है।

विडम्बना है कि ऐसे तमाम प्रमाणों के बावजूद सरकार ने अडाणी समूह के मसले पर एक अदद बयान देने से भी इन्कार किया है, संयुक्त संसदीय कमेटी बना कर जांच करने की बात दूर रही, और चर्चा न हो इसलिए भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली दफा सत्ताधारी पार्टी खुद ही सदन की कार्रवाई को निरंतर बाधित कर रही है।

याद रहे विगत लगभग चालीस सालों से संसदीय इतिहास में ऐसे मसले पर संयुक्त संसदीय कमेटी बनाने की एक स्वस्थ परंपरा विकसित हुई है, ऐसी कमेटी में पक्ष एवं विपक्ष दोनों के सांसद प्रतिनिधि के तौर पर बैठते हैं और वह ऐसे मामलों की जांच करते हैं, जिनका ताल्लुक देश की अर्थव्यवस्था, सुरक्षा या अन्य जरूरी मामलों से हो। फिर चाहे बोफोर्स मुद्दा हो /1987/, हर्षद मेहता स्टॉक मार्केट घोटाला हो /1992/, केतन पारेख शेयर मार्केट घोटाला /2001/, शीतल पेयों में कीटनाशक मुद्दा / 2003/ , टू जी स्पेक्ट्रम मामला /2011/, आदि हो। इन सभी मामलों में संसदीय जांच समितियां बनी हैं, उसकी रिपोर्ट जारी हुई है और उसने देश के नीति निर्धारण में भी आवश्यक सुधार लाए हैं।

सवाल यह उठता है कि सत्ताधारी जमात द्वारा कायम यह चुप्पी कब तक बनी रहेगी - जिसमें न केवल भारतीय जीवन बीमा निगम और स्टेट बैंक आफ इंडिया के हजारों करोड रूपए स्वाहा हो चुके हैं, जिन्हें अपारदर्शी तरीके से कथित तौर पर अडानी समूह में निवेश किया गया था। कब तक सत्ताधारी पार्टी इस मसले पर आए दिन उठ रहे तमाम असुविधाजनक सवालों को ढंक सकेगी।

इस संदर्भ में यह बात भी महत्वपूर्ण हो उठी है कि जितनी आक्रामक तरीके से सत्ताधारी पार्टी की तरफ से एक कारोबारी दिग्गज की हिमायत की कोशिश की जा रही है, उसने भाजपा के एक छोटे तबके में ही सही एक बेचैनी पैदा की है कि आखिर वह समूह अचानक पार्टी के लिए इतने महत्व का कैसे हो गया ? इस पूरी कवायद ने जिसे 'मोदानी मॉडल' कहा जा रहा है उसे अधिकाधिक बल मिल रहा है। क्या है यह मोदानी मॉडल - जो शब्दावली राजनीतिक दायरों में अधिकाधिक लोकप्रिय होती जा रही है ? दरअसल राजनीति और बिजनेस के बीच आपसी रिश्ता लंबे समय से रहा है, लेकिन इसके तहत हम पा रहे हैं कि 'बाजारोन्मुखी नीतियों के बजाय खास बिजनेस समूह उन्मुख राजनीति की दिशा में सचेतन ढंग से शिफ्ट' दिख? रहा है।

दरअसल सत्ताधारी जमात ने यह उम्मीद की थी कि आननफानन तरीके से राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने के बाद न केवल कांग्रेस बल्कि समूचे विपक्ष को बचावात्मक पैंतरा अख्तियार करना पड़ेगा, उनमें सुस्ती छा जाएगी, लेकिन इसके बिल्कुल उलट हुआ है। न केवल अपने अग्रणी नेता की सदस्यता समाप्ति के बाद समूची कांग्रेस नए सिरे से लामबंद हुई है, भारत जोड़ो यात्रा की अभूतपूर्व सफलता से वह पहले से अधिक उर्जा से भरी थी बल्कि भाजपा विरोधी उन पार्टियों का एक हिस्सा - जो अपने निजी कारणों से कांग्रेस से भी दूरी बनाए रखता था, अक्सर तीसरे मोर्चे का राग अलापता रहता था, उसे भी लोकतंत्र के सामने खड़ी इस गंभीर चुनौती का एहसास हुआ है और अपने मतभेदों का फिलवक्त.अलग रखते हुए वह कांग्रेस के साथ अधिक समन्वयन की मुद्रा में है। विगत कुछ दिनों से संसद के अंदर तथा बाहर सत्रह से अधिक पार्टियों के बीच एक बेहतर समन्वयन दिखा है, जो इसी बात का संकेत देता है। तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और भारतीय राष्ट्र समिति जैसी पार्टियां भी अभी साझा कार्रवाइयों में संलग्न हैं।

तय बात है कि लोकतंत्रा पर हुए इस अभूतपूर्व हमले और विपक्ष के बीच बढ़ते समन्वयन ने तमाम नयी संभावनाएं पैदा की है।

इस बात के भी कयास लगाए जा रहे हैं कि सत्ताधारी पार्टी आने वाले चंद दिनों में ही संसद सत्रा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर देगी। अगर ऐसा हुआ तो इन सभी पार्टियों को जनता के बीच जाकर यह खुल कर बताने का मौका मिलेगा कि आखिर एक खास पूंजीपति घराने को बचाने के लिए सरकार इतनी बेचैन क्यों हैं, भारतीय जीवन बीमा निगम, स्टेट बैंक आफ इंडिया जैसी सार्वजनिक क्षेत्रा के प्रतिष्ठानों का हजारों करोड़ रूपया - जो आम जनता की गाढ़ी कमाई से वहां पहुंचा था - जिस कंपनी के कारोबार में स्वाहा हो गया आखिर उस पर सरकार की इतनी नजर ए इनायत क्यों हैं ?

एक तरफ अडानी समूह के शेयरों की कीमत लगातार गिरती जा रही है, उसमें पैसा निवेश करने से लोग, समूह हिचकिचा रहे हैं, उस वक्त आखिर ईपीएफओ - एम्लायज प्राविडेंट फंड आर्गनायजेशन - जिसमें तीस करोड़ से अधिक कामगारों का, कर्मचारियों का पैसा लगा है, जो उनके भविष्य का एकमात्रा सहारा है, उसके पैसे किसके आदेश पर अगले छह माह के लिए अडानी समूह में लगाए जाएंगे ?

कहा जाता है कि राजनीति में परसेप्शन / धारणाओं का बहुत महत्व होता है, यूपीए दो के दौरान हम देख चुके हैं कि 2 जी घोटाले के नाम पर कांग्रेस को लेकर एक खास किस्म की छवि बनायी गयी - जबकि बाद में यह साफ हुआ कि ऐसा कुछ भी नहीं था, अदालत ने फैसला दिया कि 'कुछ लोगों ने चुनिंदा तथ्यों को चालाकी के साथ एकत्रित करके एक स्कैम को निर्मित किया' और सभी को बाइज्जत बरी किया। कॉपोरेट मीडिया के एक हिस्से ने तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने ऐसा वातावरण निर्मित करने में खूब मेहनत की थी। लेकिन इस नकली स्कैम से कांग्रेस को तो नुकसान उठाना पड़ा। और भारत के लोकतंत्र को भी गहरी चोट लगी। अडानी समूह के प्रति सरकार की कृपा दृष्टि महज किसी परसेप्शन का मामला नहीं है, उसके पीछे ठोस तथ्य हैं। और रफता रफता ही सही यह बात आम जनता तक भी पहुंच रही है।

यह चर्चा जितनी दूर तक फैलेगी, सत्ताधारी पार्टी को अपने आप को जनता की निगाहों में बनाए रखना अधिकाधिक मुश्किल होता जाएगा। जिस जनता ने कभी 'ना खाउंगा, ना खाने दूंगा' के नारे पर यकीन किया था, वह उलट कर पूछेगी कि क्या इस नारे का असली मतलब चंद दरबारी पूंजीपति मालामाल होते जाएं और जनता का बड़ा हिस्सा उसी मुफलिसी, बदहाली, भूखमरी की जिन्दगी बीताता रहे। वैसे सवाल जितने भी उछले यह तो स्पष्ट है कि अपने आप को यशस्वी कहलाने वाले मुखियाजी पर उसका कोई असर नहीं पड़ेगा, वह उतनी ही 'शान के साथ आगे बढ़ते जाएंगे ।'

**( लेखक सोशल ऐक्टिविस्ट एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# कर्नाटक: ध्रुवीकरण की दिशा में एक और कदम

## सामयिकी

तनवीर जाफरी



चुनाव आयोग ने कर्नाटक विधानसभा चुनावों की तारीख की घोषणा कर दी है। राज्य में विधानसभा चुनाव हेतु 10 मई को केवल एक चरण में ही मतदान होगा। जबकि चुनाव के नतीजे 13 मई को आएंगे। चुनावों की तारीख की घोषणा से ठीक एक सप्ताह पूर्व राज्य की वर्तमान भारतीय जनता पार्टी की बासवराज बोम्मई सरकार ने धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए दिये जा रहे चार प्रतिशत आरक्षण को समाप्त करने की घोषणा की है । साथ ही आरक्षण के इस 4 % कोटे को राज्य के दो प्रमुख समुदायों को दिये जा रहे वर्तमान आरक्षण में जोड़ने की घोषणा भी कर दी। राज्य सरकार के इस निर्णय के बाद ओबीसी श्रेणी के 2बी वर्गीकरण के अंतर्गत राज्य के मुसलमानों को अब तक दिए जा रहे 4 प्रतिशत आरक्षण को अब दो बराबर हिस्सों में विभाजित कर दिया गया है। वोक्कालिंगा और अन्य समुदाय के लिए पूर्व में दिया जा रहा चार प्रतिशत आरक्षण अब बढ़कर छह प्रतिशत हो जाएगा। साथ ही वीरशैव पंचमसाली और अन्य (लिंगायत) समुदाय जिन्हें राज्य में अब तक पांच प्रतिशत आरक्षण हासिल था, उन्हें अब सात प्रतिशत आरक्षण मिलने लगेगा। गौर तलब है कि 1994 में जब एचडी देवगौड़ा कर्नाटक के मुख्यमंत्री बने थे उसी के बाद 1995 में राज्य के मुसलमानों को आरक्षण देने का फैसला किया गया था। इसके तहत आरक्षण की कैटेगरी बी-2 बनाकर अलग से अल्पसंख्यकों को 4 फीसदी आरक्षण का प्रावधान रखा गया था। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के बाद रंगनाथ कमीशन ने मुसलमानों की दशा देखते हुये अपनी रिपोर्ट में मुस्लिमों को अलग से आरक्षण देने की सिफारिश की थी।

बहरहाल इस पूरे घटनाक्रम में सबसे महत्वपूर्ण बयान गृह मंत्री अमित शाह का था। शाह ने पिछले दिनों अपने कर्नाटक दौरे पर बीदर में आयोजित चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कर्नाटक सरकार के उस निर्णय का बचाव किया जिसके तहत मुस्लिम समुदाय को अब तक दिया जा रहा 4 फीसदी आरक्षण खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कथित 'वोट बैंक की राजनीति' के लिए मुस्लिमों को चार प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान करने के लिए कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुये कहा कि- 'भाजपा कभी तुष्टिकरण में विश्वास नहीं करती। इसलिए उसने आरक्षण व्यवस्था में बदलाव का फैसला किया।' उन्होंने कहा, 'बीजेपी ने अल्पसंख्यकों को दिया गया चार प्रतिशत आरक्षण समाप्त कर दो प्रतिशत आरक्षण वोक्कालिंगा और दो प्रतिशत आरक्षण लिंगायत समुदाय को दिया।' उन्होंने यह भी कहा कि 'अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण संवैधानिक तौर पर वैध नहीं है। संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। कांग्रेस सरकार ने इसे अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के तहत किया और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की।'

यहां यह भी काबिल-ए-गौर है कि यही वह राज्य है जहां गत वर्ष दक्षिणपंथियों ने कॉलेज में मुस्लिम लड़कियों के हिजाब पहनने का विरोध किया था उसके बाद यही हिजाब विवाद अंतर्राष्ट्रीय सुर्खियों में भी छाया था। इसी राज्य में अक्सर यही दक्षिण पंथी ताकतें शेर-ए-मैसूर स्वतंत्रता सेनानी टीपू सुल्तान का विरोध करती रहती हैं। सत्ता में आने के तुरंत बाद बीजेपी सरकार ने टीपू सुल्तान की जयंती समारोह को खत्म कर दिया था। बीजेपी की इसी बोम्मई सरकार में ही इसी राज्य में हिजाब विवाद के अतिरिक्त मलाली मंदिर-मस्जिद विवाद, हलाल मांस , मुस्लिम कारोबारियों के बहिष्कार ,कभी अजान का विरोध तो कभी हेडगेवार के भाषण को आधिकारिक तौर पर स्कूली पाठ में शामिल करने जैसी विवादस्पद बातों को लेकर काफी सांप्रदायिक तनाव रहा है । इसके अतिरिक्त राज्य के तुमकुरु और शिमोगा में सावरकर और टीपू सुल्तान के पोस्टर को लेकर विवाद पैदा हुआ था और साम्प्रदायिक हिंसा भी हुई थी । राज्य में हिंदू संगठन रेस्टोरेंट,पार्क,बार और पब आदि में युवक-युवतियों पर हमला करके मॉरल पुलिसिंग करने की कोशिश कर चुके हैं। यहां 'लव जिहाद' नामक कैंपेन भी चलाया जा चुका है। 'लव जिहाद' के नाम पर कट्टरपंथी हिंदू संगठन मुसलमान युवकों पर शादी के जरिए हिंदू महिलाओं को मुसलमान बनाने का आरोप लगाते रहते हैं। राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह सभी विवाद भाजपा द्वारा मुसलमानों को हाशिए पर लाने की कोशिश और इसी बहाने हिंदूवादी मतों का अपने पक्ष में ध्रुवीकरण करने के प्रयास के तहत जानबूझकर पैदा किये गये।

और इन सब के साथ यह भी अति महत्वपूर्ण यह कि पिछले दिनों इसी राज्य से होकर राहुल गाँधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा गुजरी है । इस यात्रा ने राज्य में करीब 500 किलोमीटर का फासला तय किया है। 24 दिनों तक लगातार कर्नाटक से गुजरते हुये भारत जोड़ो यात्रा को प्रतिदिन अभूतपूर्व जन समर्थन हासिल हुआ। माना जा रहा है कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता और इस यात्रा से राज्य में कांग्रेसजनों के बढ़े हौसले आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को काफी लाभ पहुंचा सकते हैं। किसी समय में कर्नाटक कांग्रेस का अभेद दुर्ग माना जाता था। भाजपा इसी बात को लेकर भयभीत है। अन्यथा देवगौड़ा सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों को दिये गये चार प्रतिशत आरक्षण के लिये कांग्रेस पर 'तुष्टिकरण ' जैसा आरोप लगाने की क्या जरुरत थी ? परन्तु भाजपा इस बात से वाकिफ है कि उसका हिंदूवादी वोट बैंक हिंदू हितों पर आधारित नहीं बल्कि प्रखर मुस्लिम विरोध के फलस्वरूप हासिल होता है। गुजरात को संघ की प्रयोगशाला यूँही नहीं कहा जाता। यहाँ भाजपा की मजबूती का आधार मुस्लिम विरोध और उन्हें हाशिये पर डालना ही था। यही वास्तविक गुजरात मॉडल है जिसे पूरे देश में लागू करने के प्रयास किये जा रहे हैं। असम में बड़ी संख्या में मदरसों को बंद कराया जाना,भाजपा शासित विभिन्न राज्यों में जिलों,शहरों,कस्बों व स्टेशन्स के नाम बदला जाना, मुसलमानों के विरुद्ध खुले आम सार्वजनिक स्थलों से अनेकानेक विशिष्ट राजनैतिक व धार्मिक लोगों द्वारा विष वमन करना,दंगाइयों,मॉब लिंचिंग करने वालों यहाँ तक कि मुस्लिम महिलाओं के साथ बलात्कार करने वालों को महिमामंडित करना, गोया किसी न किसी बहाने मुस्लिम विरोध का परचम बुलंद रखना यहाँ तक कि कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण का खत्म किया जाना आदि, यह सभी धर्म के आधार पर हिंदूवादी मतों को अपने पक्ष में लामबंद करने के ही प्रयास हैं।

भारतीय जनता पार्टी इस समय मंहगाई,बेरोजगारी से लेकर भारतीय इतिहास के सबसे बड़े आर्थिक घोटाले यानी अडानी प्रकरण को लेकर काफी दबाव में है। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सरकारी कर्मचारी जगह जगह आंदोलनरत हैं। किसान व छात्र भी सरकार से नाराज हैं। और पिछले दिनों सूरत की एक अदालत द्वारा राहुल गांधी को संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराये जाने का मामला भी नरेंद्र मोदी सरकार के लिये गले की फांस बन गया है। इन परिस्थितियों में मुस्लिम विरोध व उत्पीड़न के साथ हिन्दुत्ववाद की धर्म ध्वजा को बुलंद रखना केवल यही रणनीति भाजपा को फायदा पहुंचा सकती है। सरकार की तमाम नाकामियों के बीच कर्नाटक में मुसलमानों का आरक्षण खत्म किये जाने का मुद्दा राज्य में 10 मई को होने जा रहे विधानसभा चुनाव से लेकर 2024 के आम चुनावों तक एक मुद्दा जरूर रहेगा। इससे भाजपा को क्या लाभ होगा यह तो आने वाला वक़्त ही बतायेगा परन्तु यह तो तय है कि कर्नाटक आरक्षण मुद्दा भाजपा के हिंदूवादी मतों के ध्रुवीकरण के प्रयासों की दिशा में ही एक और कदम है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## व्यंग्य



# हैप्पीनेस इंडेक्स में नीचे

हरिशंकर राढ़ी

बात बस इतनी सी है कि ताजा-ताजा जारी एक वैश्विक खुशहाली सूची में अपना राष्ट्र पिछवाड़े लग गया है। यानी की सबसे निचली पैड़ी से बस दो-चार पैड़ी ऊपर। वैसे होना तो चाहिए था सबसे नीचे, लेकिन उसमें भी कुछ देश बाजी मार ले गए। बुरा इस बात का नहीं लग रहा कि बहुत नीचे हैं, बुरा यह है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश भी हमसे ऊपर हैं। बांग्ला देश को तो बरदाश्त भी कर लें, लेकिन पाकिस्तान का संतोष कैसे करें? जब अपने देश की पूरी खुशहाली ही पड़ोसी की खस्ताहाली पर टिकी हो, तो हम किस जतन से खुश हों? हे भगवान, हमें खुश रखना या न रखना, लेकिन पड़ोसी को दुखी जरूर रखना। हम अपने आप खुश रह लेंगे।

समझ नहीं आता कि सूचीकारों ने क्या देखकर हमें खुशहाली से बाहर रख दिया? या तो ये सरकार से खुन्नस खाए थे, या इन्हें समय पर बँधी हुई रकम नहीं पहुँची। विदेशी साजिश थी या इन्हें हमारे देशवासियों की असली मानसिकता समझ में आ गई है। पैसे को ही खुशहाली का पैमाना माना जाए तो तो हमें सबसे खुशहाल होना चाहिए। देश से जितना पैसा उड़ाकर बड़े लोग बाहर भाग रहे हैं, उतना तो कई देशों का सालाना बजट नहीं है। फिर भी हम खुशहाली में सबसे पीछे रह गए। आखिर क्यों?

यह सवाल लेकर मैं बुद्धिराम जी के पास गया। वे मेरे मुर्शिद हैं। समाज के नाड़ी विशेषज्ञ हैं। पहले तो उन्होंने मुझे वैश्विक सूची पर संदेह करने के लिए फटकार लगाई। मेरी हिम्मत कैसे हुई कि मैंने किसी विदेशी शोध या सूची पर संदेह किया? जब सारी दुनिया की शिक्षा व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, बौद्धिक क्षमता, निर्धनता के निर्धारण तथा मानवाधिकारों के मूल्यांकन का ठेका उन्होंने ले रखा है तो मैं बीच में दूल्हे का फूफा क्यों बन रहा हूँ? विदेशी जो भी करते हैं, अध्ययन के आधार पर करते हैं।

इधर आसानी से जीना मुश्किल हुआ है। डिजिटल पेमेंट की अनिवार्यता, ऑफिस में कैमरेबाजी, स्मार्टफोन की जासूसी और कागजी कार्यवाही के स्थान पर कंप्यूटरी चौकीदारी के कारण वैसे वाले पैसे कमाना सहज नहीं रह गया। जो घूस या कमीशन पहले हाथों-हाथ टेबल की दराज में नकद आ जाता था, उसके लिए तरीकों की तलाश की जा रही है। अब घूसप्रदाता को साहब के किसी खास आदमी से संपर्क करना पड़ता है। कहीं से नकदी निकालो और कहीं पहुँचाओ। नकदी का भी कोई भरोसा नहीं कब नोटबंदी की शिकार हो जाए। ऊपर से ईडी टाइप की संस्थाएँ इतनी सक्षम हो गई हैं कि गद्दे-तकिए तक फाड़कर तलाश ले रही हैं। सोना-चाँदी लो तो किसी विश्वसनीय रिश्तेदार के बैंक लॉकर में रखो। लेकिन रिश्ता कैसा जो सोना-चाँदी देखकर भी अविश्वसनीय न हो जाए!

खुशी का एक बड़ा हिस्सा अखबारों और न्यूज चैनलों से निकलता है। अखबार तो वैसे ही मोबाइल और ई-वर्जन की भेंट चढ़ने से दुखी हैं। जहाँ जागरूक जनता तक घटना की खबर घटना घटने से पहले ही पहुँच जा रही हो, वहाँ अगले दिन बासी-बजबजाती खबर कौन पढ़े? जब अखबार खुश नहीं तो बाकी तक खुशी कैसे पहुँचाएँ? दूसरी तरफ खबर दिखाने से बहुत आगे खबर गढ़कर बेचने वाले न्यूज चैनल भी दुखियों की श्रेणी में हैं। वही दिनचर्या वाली खबरें और वही रील। कोई ढंग की दुर्घटना घटे, कोई हमला-समला हो तो कुछ काम मिले। ये रेल दुर्घटनाएँ, भगदड़, नरसंहार आदि भी तो हमेशा नहीं होते कि कुछ रोचक काम मिले और ये खुश हों।

वैसे हैप्पीनेस इंडेक्स सूची का सर्वे सही नहीं लगता। यदि यह वाकई में आमजन से बातचीत पर आधारित है तो पूरी तरह अवैज्ञानिक एवं अविश्वसनीय है। अपने यहाँ कि जनता बेहद विनम्र एवं खाकसार है। वह अपने मुँह से यह कह ही नहीं सकती कि वह खुश और खुशहाल है। ऐसा कहते ही पता नहीं किसकी नजर लग जाए। पता नहीं कौन-कौन लोग जासूसी करने लग जाएँ कि यह ऐसा क्या पा गया है कि खुश है? कहीं कोई दो नंबर का माल तो नहीं मिल गया है? पता लग जाए तो कुछ और न कर सकें, किसी सिद्ध तांत्रिक से 'कुछ' करवा ही दें। उधर किसी सरकारी जाँच एजेंसी को सुगंध लग जाए तो वह छापेमारी पर भिड़ जाए। पुलिस दबिश दे पड़े कि जब पूरे देश में कोई खुश नहीं है तो स्साले तू क्यों खुश है? बता कौन-सा माल कहाँ से मारा है? कहीं मँगरू सेठ की फिरौती में तू ही तो नहीं शामिल था?

इसमें संदेह नहीं कि इस हैप्पीनेस इंडेक्स से सरकार और सरकार समर्थक खुश नहीं होंगे। खुश क्या, बहुत दुखी और चिढ़े होंगे। जब सरकार दुखी हो जाए या चिढ़ जाए तो राष्ट्र का हैप्पीनेस अवश्य ही लुढ़केगा। सरकार के हिलते या दुखी होते ही निफ्टी, शेयर बाजार और डॉलर के मुकाबले रुपैया लुढ़क जाता है तो इस ससुरे हैप्पीनेस की क्या औकात है? वैसे एक उपाय है। हैप्पीनेस भले न बदल पाए, इंडेक्स तो बदल सकती है। सरकार को चाहिए कि वह संयुक्त राष्ट्र संघ के किसी गुर्गे से दुखहाली सूचकांक यानी सैडनेस इंडेक्स भी जारी करवाए। मुझे पक्का भरोसा है कि इस सूची में अपना नाम सबसे ऊपर रहेगा। हमें अपना नाम ऊपर चाहिए, सूची कोई भी हो!

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क : 9654030701)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं- <raisubhash953@gmail.com>

# रवि की फसल के नुकसान का आंकलन करा कर दें क्षतिपूर्ति

**मांग**

### किसानों ने दिया तहसीलदार को पत्रक

### मोटे अनाज की खरीद के लिए खोला जाय क्रय केंद्र

जनसंदेश न्यूज


तहसीलदार को पत्रक देते किसान

**मीरजापुर।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारियों ने चुनार तहसील में जिलाधिकारी को संबोधित 8 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार चुनार नुपुर सिंह को सौंपा।

जिसमें जनपद में हुए बेमौसम बारिश व तूफान से किसानों की रवि की फसल की नुकसान का आंकलन करा कर किसानों को क्षतिपूर्ति मुआवजा व फसल बीमा का लाभ दिलाया जाए। गर्मी के सीजन में आग लगी की घटनाओं को देखते हुए जनपद के सभी थानों पर दमकल गाड़ी की व्यवस्था कराया जाए। जनपद में दलहन, तिलहन, और मोटे अनाज के खरीद के लिए क्रय केंद्र खोला जाए। जिन किसानों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया है उनका सत्यापन सुचारू रूप से कराते हुए पारदर्शिता के साथ गेहूं खरीद कराया जाए। गोरखपुर माफी चुनार में 26 मार्च 2023 को बिजली की शॉर्ट सर्किट की वजह से किसानों के लगभग 20 बीघे गेहूं जलकर खाक हो गया था। सर्वे का कार्य हो गया है लेकिन किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है। अहरौरा में क्षेत्रीय लोगों द्वारा कई वर्षों से ब्लॉक मुख्यालय बनाने की मांग हो रही है जन भावनाओं व जन सुविधाओं को देखते हुए अहरौरा में ब्लॉक मुख्यालय की संस्तुति प्रदान की जाय। इस दौरान प्रहलाद सिंह, सिद्धनाथ सिंह, अवधेश नारायण सिंह, स्वामी दयाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राम श्रृंगार सिंह, राम सूरत सिंह, राजेश कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार, रामचंद्र सिंह, दासू यादव, रामचंद्र यादव, चुल्हन बिंद जैस राम सहित बड़ी संख्या में किसान नेता मौजूद रहे।

# पब्लिक ने दौड़ाया तो पुलिस कर्मियों को भागना पड़ा

**आक्रोश**

### पुलिस ने रोका डीसीएम तो पीछे से टकराया आटो

### हादसे में आधा दर्जन आटो सवार घायल, बैठाई गई जांच

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के प्रयागराज राज मार्ग पर बुधवार की दोपहर माल वाहक और आटो की टक्कर में आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। आटो सवार वाराणसी से माता विंध्यवासिनी धाम में मुंडन संस्कार कराने आए थे। विंध्याचल थाना क्षेत्र के दूधनाथ तिराहे के पास हादसे में घायल लोगों का उपचार मंडलीय अस्पताल में कराया गया। हादसे के बाद भीड़ आक्रोशित हो गई। बढ़ते आक्रोश को देखते हुए वाहन रोकने वाले बाइक सवार पुलिस कर्मियों को पब्लिक ने दौड़ा लिया। बाइक सवार पुलिस कर्मियों को भागना पड़ा। एसपी सिटी ने बताया कि मामले की जांच सीओ ट्रैफि क को सौंपी गई है। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जायेगी। लोगों का आरोप है कि यातायात विभाग के दो पुलिस कर्मियों ने प्रयागराज की ओर जा रहे डीसीएम को बाइक से दौड़ा कर रोका। अचानक पीछे से आ रही आटो माल से भरे वाहन से टकरा गई। इससे तीन बच्चों के साथ लगभग आधा दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। यह देख अक्रोशित राहगीरों ने डीसीएम रोकने वाले पुलिस कर्मियों को दौड़ा लिया। पब्लिक के गाली गलौच सुनते हुए बाइक से पुलिस के जवान भाग निकले।आटो सवार वाराणसी से मां विंध्यवासिनी धाम में मुंडन संस्कार कराने आये थे। ट्रैफिक पुलिस की गलती का खामियाजा मां विंध्यवासिनी धाम में दर्शन और मुंडन कराकर लौट रहे श्रद्धालुओं को उठाना पड़ा।


डीसीएम में घुसी टेम्पों

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली को पूर्व विधायक ने दिखाई हरी झंडी


रैली को रवाना करते पूर्व विधायक

**हलिया।** विकास खंड के पटेहरा उपस्वास्थ्य केन्द्र पर बुधवार को पूर्व विधायक सूर्यभान ने आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूर्व विधायक सूर्यभान ने ग्रामीणों से संचारी रोगों से बचाव हेतु स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील किया। आशा कार्यकर्ताओं ने पटेहरा गांव के धरकार बस्ती, कुम्हार बस्ती, ब्राह्मण बस्ती में पहुंचकर स्वच्छता अपनाएं बीमारी भगाएं, जन जन का यही है नारा संचारी रोग मुक्त हो गांव हमारा, कुंए ढके हों जाली से बहे गन्दगी नाली से आदि नारे लगाते हुए ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव हेतु जागरूक किया। इस दौरान हरिशंकर सिंह पटेल, मनकामना मिश्र, एचबी लीलावती आशासंगिनी आरती मिश्रा, आशा कार्यकर्ता अनारकली, रानी पांडेय, श्यामादेवी, अनीता देवी, प्रेमा देवी, निर्मला देवी, प्रतिमा देवी, संतोष कुमार, रामबख्श, धीरज सिंह, गंगा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दो चाकू के साथ पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना लालगंज पुलिस द्वारा 02 नाजायज चाकू के साथ 02 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शस्त्र के विरूद्ध जारी अभियान में विधिक कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में प्रभारी निरीक्षक ज्ञानू प्रिया व उ0नि0 रामनरायण शुक्ला मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार थाना क्षेत्र से 01-01(कुल 02) आरोपी क्रमशः हीरालाल पुत्र पलट साहनी निवासी ग्राम पदमौल थाना तिसिऔटा धर्मपुर जिला वैशाली राज्य बिहार व अमन सिंह पुत्र मोती सिंह निवसी ग्राम खुजरी थाना लालगंज मीरजापुर को गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक-एक नाजायज चाकू बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कुएं में गिरने से विवाहिता की मौत

**परिजनों में मचा कोहराम**

### पुलिस को बिना सूचना दिए शव का परिजनों ने किया दाह संस्कार

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता की कुएं में गिरने से मंगलवार को मौत हो गई। परिजन काफी देर तक खोजबीन के बाद देखा तो कुएं में शव उतराया हुआ है। घटना की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिए। लालगंज थाना क्षेत्र के दिघुली गांव में 44 वर्षीय राम चंद्र की पत्नी रेशमा अचानक मंगलवार को सुबह घर से बाहर गई थी कि काफी देर तक वापस नहीं आने के बाद परिजन उसका खोजबीन करने लगे। परंतु कहीं अता पता नहीं चला।

दोपहर बाद घर से 300 मीटर दूर पर खोजबीन में कुएं में शव उतराया हुआ मिलने के बाद परिजन बिलखने लगे और शव को कुएं से बाहर निकाल कर पुलिस को बिना सूचना दिए घर ले आकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। मृतका को तीन पुत्रियाँ और एक पुत्र है। पुत्र बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। पति साधारण कृषक हैं। सूचना मिलने पर पहुँचे जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार पटेल व क्षेत्रीय लेखपाल जसवंत सिंह ने परिजनों को डाढस बधाया। पोस्टमार्टम के लिए कहा परंतु परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं हुए।

# मोटरसाइकिल के धक्के से किशोर की मौत

**इकलौते पुत्र की मौत से परिजनों पर टूटा दुखों का पहाड़**

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक किशोर की मौत बाइक चालक की लापरवाही एवं तेज गति के कारण हो गई। थाना क्षेत्र के मीरजापुर सोनभद्र मुख्यमार्ग पर ददरा, राजगढ़ बाजार के मध्य तेज रफ्तार बाइक चालक ने एकलौते पुत्र को अपनी तेज गति के चलते मौत के मुंह में धकेल दिया। जानकारी के अनुसार राजगढ़ गांव निवासी प्रशान्त दूबे का तेरह वर्षीय पुत्र रुद्र किसी काम से ददरा बाजार गया था। जहां से लौटते वक्त पीछे से आ रही तेज गति की बाइक ने जोरदार धक्का मार दिया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट पहुंची। इस दौरान मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल राजगढ़ सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल की दुर्व्यवस्था एवं डाक्टरों की लापरवाही का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों को बुलाने पर अड़ गए। मृतक रुद्र अपने मां बाप का एकलौता पुत्र था। जिसकी असामयिक मौत से परिजनों में मातम का माहौल बना हुआ है।

# नगर निकाय व उप चुनाव को लेकर अलर्ट रहे पुलिसः एसपी

**उपचुनाव व नगर निकाय चुनाव के सम्बन्ध में की गई समीक्षा बैठक**


बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते एसपी

**मीरजापुर।** जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं शाखा प्रभारियों की आगामी वि.स. उपचुनाव एवं स्थानीय नगर निकाय चुनाव के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गई। बुधवार को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा आगामी विधान सभा उपचुनाव एवं स्थानीय नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारीयों, समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं समस्त शाखा प्रभारी के साथ समीक्षा गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान आगामी विधान सभा उप चुनाव एवं स्थानीय नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु उचित पुलिस प्रबन्धन एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इस सम्बन्ध में जनपद के अंतर्गत गठित शांति समितियों, संभ्रांत नागरिकों, डिजिटल वॉलिंटियर्स, नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यों का सक्रिय सहयोग प्राप्त करने हेतु समन्वय स्थापित किया जाए। इसी क्रम में आगामीय स्थानीय नगर निकाय चुनाव को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष, प्रभारीगण को अपने अपने क्षेत्र में पड़ने वाले बूथों का भ्रमण, अपराधियों एवं शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने एवं चुनाव सम्बन्धित अन्य कार्यवाही समय से पूर्ण करते हुए चुनाव को सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं निर्विघ्न तरीके से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री कांत प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष, चुनाव सेल प्रभारी व समस्त शाखा प्रभारी एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल में लगी आग

**राजगढ़।** थाना क्षेत्र के करौंदा गांव में बिजली के तारों से शार्ट सर्किट होने से आग लग गई जिससे कई एकड़ फसल जल गई। थाना क्षेत्र अन्तर्गत खेतों में खड़े गेहूं की फसलों पर एक के बाद एक आपदाएं नुकसान पहुंचा रही हैं जिसके चलते किसानों को भारी छति उठानी पड़ रही है। इस दौरान बिजली की चिंगारी निकल कर खेत में खड़े गेहूं की फसल में गिरने से आग लगने की खबरें शुरू हो रही हैं बिजली की शार्ट सर्किट होने पर हर साल सैंकड़ों एकड़ फसलें जल जाती हैं। क्षेत्र में अग्नि शमन की व्यवस्था नदारद होने से अगलगी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है ऐसे में करौंदा गांव में आग लगने की सूचना के बाद भी घंटों तक अग्नि शमन विभाग की गाड़ी नहीं पहुंच पाई। एक तरफ प्राकृतिक आपदा तो दूसरी ओर बिजली व्यवस्था लगातार किसानों को नुकसान पहुंचाते हैं जिसका कोई विकल्प नजर नहीं आ रहा है।

# नहर में हो रहे अतिक्रमण को रोकने में नाकाम दिख रहा है विभाग

**लापरवाही**

### कुदारन नहर में गिर रही नाली पर मिट्टी डालकर किया जा अतिक्रमण

### स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से की शिकायत

**अहरौरा।** वाराणसी शक्तिनगर मार्ग के किनारे स्थित कुदारन गांव के पास से हुसैनपुर बीयर से पौनी के लिए गई नहर में उसके किनारे गिर रही नाली पर मिट्टी डालकर धड़ल्ले से अतिक्रमण कर रहे है। जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने जब उच्चाधिकारियों से किया तो विभाग के लोग हरकत में आ गए लेकिन कार्रवाई के नाम पर ढाक के तीन पात वाली कहावत देखने को मिल रही है। एक तरफ प्रदेश की सरकार नहर की पटरी पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चला रही है और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि नहर की पटरी पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं दूसरी तरफ अधिकारियों की आंखों के सामने अतिक्रमण किया जा रहा है। सिंचाई विभाग के अधिकारी सब कुछ देखते हुए भी अंजान बने हुए हैं। कुछ ऐसा ही देखने को कुदारन में मिल रहा है यहां भागवत ब्रांच की नहर में खुलेआम स्थानीय लोगों द्वारा मिट्टी डालकर अतिक्रमण किया जा रहा है विभाग के अधिकारी देखने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। जिसकी चर्चा स्थानीय लोगों में जोरों पर है। स्थानीय अधिकारियों के कार्रवाई न करने पर स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से प्रकरण की शिकायत किया तो उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप पर विभाग हरकत में आया लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई थी। इस संबंध में सिंचाई विभाग के जेई आनंद कुमार बिंद ने बताया कि मामला संज्ञान में है। सींचपाल को मौके पर भेजा गया है। जो मिट्टी डाला गया है उसको हटवा दिया जाएगा।

# वेतन भुगतान को लेकर 5वें दिन भी जारी रहा कर्मचारियों का धरना

**मीरजापुर।** जेपी सीमेंट फैक्ट्री चुनार में कार्यरत कर्मचारियों का सितंबर माह से वेतन नहीं मिल रहा है। बकाया वेतन भुगतान को लेकर सोमवार से बांबे इंटेलीजेंस सिक्योरिटी (बीआईएस) विभाग में कार्यरत सुरक्षा गार्ड एवं इम्प्लाइज कर्मचारियों ने आक्रोशित होकर अनिश्चित काल के लिए डिस्पैच गेट पर धूप में धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं। धरनारत कर्मचारियों ने बताया की कंपनी द्वारा पिछले एक वर्ष से आधा वेतन दिया जा रहा था। तीन माह पूर्व धरना प्रदर्शन किया गया था तो फैक्ट्री के अधिकारियों ने 90 दिन समय मांगा था। समय बीतने के साथ ही बकाया भुगतान नही होने से सैकड़ों कर्मचारियों ने पुनः प्रशासनिक एवं क्रमिक गेट व डिस्पैच गेट पर भयंकर धूप एवं हाई टेंपरेचर में धरना पर बैठे हुए हैं। कर्मचारियों ने बताया कि वेतन भुगतान नहीं होने से बच्चों के स्कूल का फीस जमा नही हो पा रहा है। स्कूल प्रबंधन बकाया बिल जमा करने के लिए नोटिस भेज रहा है। धरनारत कर्मचारियों के माथे पर बच्चों के भविष्य की चिंता साफ दिखाई दे रही है। यहां फैक्ट्री द्वारा वर्षो से वेतन नहीं दिया जा रहा है। 6 माह तक आधा वेतन दिया जा रहा है। इसके बाद पूरा वेतन बंद कर दिया गया। परिवार भुखमरी के कगांर पर पहुंच गया है। इस दौरान चंद्रभान सिंह, लवकुश, अमित कुमार सिंह, सरफराज यादव, सुदर्शन सिंह, बुद्धेश कुमार, शिवदास, अनिल यादव, नंदलाल, राजेश प्रजापति, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में फैक्ट्री के पीड़ित कर्मचारी एवं सुरक्षा गार्ड मौजूद रहे।


गेट पर प्रदर्शन करते कर्मचारी

# एडीएम ने की संस्था प्रभारियों के साथ की गेंहू खरीद की समीक्षा

**बैठक**

### अनुपस्थित रहने पर मंडी सचिव से माँगा स्पष्टीकरण

### कल तक सभी केंद्रों पर खरीद प्रारंभ कराने का दिया निर्देश

**मीरजापुर।** अपर जिलधिकारी वित्त जिला खरीद अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल ने गेहूं खरीद की समीक्षा की। जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा बताया गया कि अभी तक खाद्य विभाग के सभी 12 केंद्रों, पीसीएफ के 08, पीसीयू के 07, यूपीएसएस के 03 तथा एफसीआई के एक केंद्र सहित जनपद में 70 के सापेक्ष कुल 28 केंद्रों पर खरीद प्रारंभ हो चुकी है।

मंडी समिति के स्वीकृत दोनों केंद्रों को अभी तक स्थापित नहीं किया गया है, साथ ही मंडी सचिव के बैठक में अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण निर्गत कर केंद्रों को स्थापित कर अनुपालन आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने सभी संस्था प्रभारियों को कल तक सभी केंद्रों पर अनिवार्य रूप से खरीद प्रारंभ कराने तथा किसानों को उसका त्वरित भुगतान कराने का भी निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में अब तक 5034 किसानों द्वारा गेहूं विक्रय हेतु पंजीकरण कराया गया है, किंतु संबंधित तहसीलों से इनके सत्यापन की स्थित अत्यंत असंतोषजनक है, जिसके लिये सभी उप जिलाधिकारी को त्वरित सत्यापन हेतु निर्देशित किया गया ताकि इसके कारण खरीद प्रभावित ना हो। केंद्र प्रभारियों को भी निर्देशित किया गया कि यदि कोई किसान बिना सत्यापन के भी गेहूं लेकर आता है तो तहसील से तत्काल संपर्क कर उसका सत्यापन कराते हुए खरीद सुनिश्चित करायें, जिससे किसान को अनावश्यक रूप से परेशान ना होना पड़े। समीक्षा में पाया गया कि अभी तक एआर कोआपरेटिव द्वारा सहकारिता विभाग के अधीन संचालित किसी क्रयकेन्द्र का निरीक्षण नहीं किया गया है, जिसके लिये उन्हें निर्देशित किया गया कि वे कल से प्रतिदिन क्रयकेंद्रों का स्वयं भी भ्रमण करें और अधीनस्थ एडीसीओ, एडीओ से भी उनका दैनिक रूप से निरीक्षण सुनिश्चित करायें। पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस, एफसीआई के जिला प्रभारियों को भी अपनी संस्था के केंद्रों का प्रतिदिन निरीक्षण कर फोटोयुक्त आख्या प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। उन्होने कहा कि जब तक सभी केंद्रों पर खरीद प्रारंभ नहीं हो जाती है तबतक संबंधित संस्था प्रभारी एडीसीओ, एडीओ और मंडी सचिव प्रतिदिन सायंकाल 05 बजे अपने निरीक्षण और कृत कार्यवाही की अनुपालन आख्या के साथ उपस्थित होंगे। बैठक में अनुपस्थित रहने पर संबंधित अधिकारी के वेतन आहरण पर रोक के साथ अनुशासनात्मक कार्यवाही का निर्देश दिया गया। बैठक में डिप्टी आरएमओ धनंजय सिंह, जिला प्रबन्धक पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस, सभी एडीसीओ सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।


बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते एडीएम वित्त

## संक्षेप

### 8.210 किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ एक गिरफ्तार



**मीरजापुर।** 08.210 किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध व अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है बुधवार को उ.नि. धनन्जय सिंह मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर को०देहात थाना क्षेत्र से एक आरोपी रविकान्त यादव पुत्र हरिबहादुर यादव निवासी भजईपुर थाना औराई जिला भदोही को गिरफ्तार कर कब्जे से 08.210 किलो ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### अविवाहिता घर से हुई फरार

**हलिया।** क्षेत्र के एक गाँव की युवती के पिता ने तहरीर दी है कि शादी तय होने के बाद हलिया थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी युवक के साथ रविवार को फरार हो गई। परिजनों ने खोजबीन के बाद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है। लालगंज थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी ने हलिया थाने में तहरीर देकर अविवाहिता को बरामद कराने की गुहार लगाई है। दी गयी तहरीर में कहा है कि लड़की की 15/16 मई को शादी तय थी कि हलिया थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी युवक ने लड़की को बहला फुसला कर रविवार को भगा ले गया। काफी खोजबीन करने के बाद पता चला तो हलिया थाने में लडकी को भगाने वाले के विरूद्ध नाम जद तहरीर देकर पीड़ित ने कार्यवाही की मांग किया है। पुलिस तहरीर मिलने के बाद जांच पड़ताल में जुट गयी है।

### मजबूती के साथ लड़ा जायेगा चुनाव : देवी प्रसाद चौधरी

**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव, छानबे विधानसभा उपचुनाव, नगर निकाय चुनाव को लेकर अपनी चुनावी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में महर्षि कश्यप एवं गुहराज निषाद की जयंती के बहाने चुनाव जीतने का गुरुमंत्र समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर आयोजित बैठक में दिया गया। इस अवसर पर सभी नेताओं कार्यकर्ताओं द्वारा महर्षि कश्यप एवं गुहराज निषाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर याद कर विचार गोष्ठी किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी छानबे विधानसभा उपचुनाव एवं नगर निकाय चुनाव को जीतने के लिए अपने-अपने बूथों को मजबूत करने का काम करे। जब बूथ मजबूत रहेगा तो कोई भी चुनाव जीता जा सकता है। कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते है। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में जनता बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, कूड़े के ढेर, बढ़े हाउस टैक्स, वाटर टैक्स के खिलाफ वोट देकर भाजपा को हरायेगी। किसानों से गेहूँ सस्ता खरीदा गया जबकि लोगों को आटा महंगा मिल रहा है। श्री चौधरी ने कहा कि महर्षि कश्यप द्वारा संपूर्ण सृष्टि की सृजना में दिए गए महायोगदान की यशोगाथा हमारे वेदों, पुराणों, स्मृतियों, उपनिषदों एवं अन्य अनेक धार्मिक साहित्यों में भरी पड़ी है, जिसके कारण उन्हें सृष्टि के सृजक' उपाधि से विभूषित किया जाता है।

### दीवान का वसूली गेम, एसपी के लिए अभद्र बोल

**मीरजापुर।** पशु तस्करों से सांठ गांठ कर एसपी को गाली देने पर दो दीवान समेत 3 पर मुकदमा कायम किया गया है। मीट कारोबारी से वार्ता के दौरान एसपी के लिए भी अभद्र भाषा के प्रयोग का वीडियो सामने आया है। जिस पर मीट कारोबारी ने कटरा कोतवाली में मामला दर्ज कराया। इमामबाडा में मीट का कारोबार करने वाले पीड़ित का आरोप है कि कटरा कोतवाली क्षेत्र के लालडिग्गी चौकी में तैनात दीवान 10 हजार रुपया महीना देने का दबाव बना रहे हैं। रुपया न देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। दो सिपाहियों ने अपने चमचों को भेज कर जबरन 5 हजार ले लिया था। अगली बार से 10 हजार रुपया महीने पहुचानें को कहा। नही देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित मीट कारोबारी की तहरीर पर दो सिपाहियों सहित 3 के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। योगी राज में पुलिस की मीट विक्रेताओं से सांठ गाँठ का ऑडियो वायरल हो रहा है। एसपी के डर से पशु तस्करी छोड़ चुके लोगों को जबरी अवैध काम के लिए उकसाया जा रहा है। कटरा थाना के लालडिग्गी चौकी पर तैनात दीवान का ऑडियो वायरल हो रहा है। बताया जाता हैं कि आरोपी दीवान चील्ह थाना में पहले कारखासी करता था। शिकायत के बाद कटरा थाना के लालडिग्गी पुलिस चौकी में तैनाती मिली। सरकार एक तरफ पशु तस्करों के खिलाफ शिकंजा कस रही हैं। दूसरी तरफ दो मुस्लिम दीवान की के बुलंद हौसले जांच का विषय बना हैं। पीड़ित मीट व्यवसायी की तहरीर पर कटरा कोतवाली में आरोपी दोनों दीवान समेत रामबाग निवासी शाहिद के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### सड़क की पटरी नहीं बनाए जाने से राहगीरों को हो रही है समस्या

**मीरजापुर।** चुनार स्थानीय तहसील अंतर्गत सीखड़ विकास खंड के मगरहां से सीखड़ रामगढ़ प्रेमापुर मार्ग पर किया गया आरसीसी निर्माण के बगल में गड्ढे होने बरसात का पानी जमा हो जाता है। सड़क सकरा होने से दोनों तरफ से वाहन आने पर साइकिल एवं बाइक सवार गिर कर घायल हो रहे हैं। महीनों बीत जाने के बाद भी आरसीसी सड़क निर्माण के बगल में विभाग द्वारा न नाली निर्माण कराया न ही पटरी बनाया गया जिससे सड़क के बगल में बरसात का पानी भर रहता है जिससे लोगों आक्रोश व्याप्त है। कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। स्थानीय अखिलेश त्रिपाठी, प्रधान धनजय मिश्रा, विद्याभूषण सिंह, डाक्टर विंध्य बहादुर सिंह, अरविंद सिंह, डब्बू सिंह, विजय सिंह, अनिल सिंह, शिवेंद्र सिंह, हुबलाल, सुरजीत सिंह, पवन पांडेय, तूफानी मिश्रा आदि ने जिलाधिकारी का ध्यान इस दौरान आकृष्ट कराते हुए आरसीसी सड़क निर्माण के बगल में पटरी निर्माण कराये जाने की मांग किया है।

### कृष्ण गोपाल चौधरी को प्रत्याशी बनाये जाने की कांग्रेसियों ने की मांग

**लालगंज।** स्थानीय क्षेत्र के बसही मठ पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव शंकर पांडेय की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में कांग्रेस के पदाधिकारियों ने विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी से कृष्ण कुमार चौधरी को प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की गई। बैठक में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने छानवे विधानसभा उपचुनाव में पार्टी से प्रत्याशी घोषित करने के लिए जिला पंचायत सदस्य कृष्ण गोपाल चौधरी को प्रत्याशी बनाए जाने की विस्तार रूप से चर्चा की। जिसमें सभी पदाधिकारियों द्वारा सहमति प्रदान की गई। कार्यकर्ताओं ने बैठक की कॉपी जिलाध्यक्ष शिव कुमार पटेल को भेजा। इस अवसर पर जनार्दन मिश्रा एडवोकेट, कुबेर मौर्य, पिंटू, अनिल सिंह, शहाबुद्दीन, अजय पांडे, चतुर्भुज पांडे, लक्ष्मी कांत मिश्रा, कृष्णकांत मौर्य, पारसनाथ सिंह, संकटा पांडेय, रामलोचन बिंद, आदि लोग उपस्थित रहे।

### 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार

**मीरजापुर।** 10 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। बुधवार को म0उ0नि0 गीता राय मय टीम द्वारा थाना पड़री क्षेत्र से आरोपी विपिन गुप्ता पुत्र मुरारी गुप्ता निवासी कस्बा पड़री मीरजापुर को 10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पड़री पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन 8 अप्रैल को

**मीरजापुर।** अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच की ओर से जनपद व विंध्याचल इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन 8 अप्रैल को पूर्वान्ह 10 से सिटी क्लब में किया गया है। जिसमें अधिवक्ता हित सम्मान एवं सुरक्षा स्वास्थ्य के संबंध में चर्चा की जाएगी। यह जानकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच प्रकाश नाथ उपाध्याय ने दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर में अधेड़ की मौत

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के भरपूरा ओवरब्रिज के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक राजगिर मिस्त्री की मौत हो गई। बताया जाता है कि पड़री थाना क्षेत्र के थानसिंह के पूरा गांव निवासी राजकुमार गुप्ता उम्र 55 वर्ष अपने घर से किसी कार्य बस शहर की तरफ जा रहे थे उसी समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से उनकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### जागरूकता शिविर सात को

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण प्लान आफ एक्शन के तहत 07 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष अनमोल पाल के निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मण्डलीय अस्पताल के सभागार में बच्चों एवं माताओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक, सजग के सन्दर्भ में जागरूकता शिविर अपर जनपद न्यायाधीश एफ.टी.सी सचिव डीएलएसए की अध्यक्षता में किया जायेगा।

## टी20 में अब तक असफल रहे हैं सरफराज

नई दिल्ली। बल्लेबाज सरफराज खान पिछले कुछ समय से घरेलू क्रिकेट में छाये रहे हैं। उन्होंने रणजी सहित सभी घरेलू क्रिकेट टूनार्मेंटों में जमकर रन बनाये हैं। ऐसे में माना जा रहा था कि वह टी20 में भी खासे सफल रहेंगे पर ऐसा हुआ नहीं है। आईपीएल के अब तक के दो मैचों को देखकर तो ऐसा ही लगता है। लाल गेंद क्रिकेट में बेहद सफल रहे सरफराज सफेद गेंद से खेले जाने वाले एकदिवसीय और टी20 क्रिकेट में विफल रहे हैं। आईपीएल के इस सत्र में पहले दो मैचों में वह रन नहीं बना पाये हैं। दूसरे टी20 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ उनकी बल्लेबाजी बेहद लचर रही। सरफराज ने इस मैच में 88.24 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 34 गेंद में 2 चौकों लगाकर केवल 30 रन बनाए।

# घरेलू मैदान पर आरसीबी के खिलाफ जीत दर्ज करना चाहेगी केकेआर

**शाम 7.30 बजे शुरू होगा मैच**

कोलकाता। नीतीश राणा की कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) गुरुवार को यहां फाफ डुप्लेसी की रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) का मुकाबला करेगी। इस मुकाबले में केकेआर घरेलू हालातों का लाभ उठाते हुए जीत हासिल करना चाहेगी हालांकि यह उसके लिए आसान नहीं रहेगा क्योंकि आरसीबी की टीम कई स्टार खिलाड़ियों से भरी है इसके अलावा केकेआर अपने कई अहम खिलाड़ियों के बिना ही उतर रही है।केकेआर के लिए यह सत्र अब तक अच्छा नहीं रहा है। उसे शुरूआती मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ डकवर्थ लुईस पद्धति से सात रन से हार का सामना रकना पड़ा था। वहीं अब उसे स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन का साभ भी नहं मिल रहा। शाकिब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के कारण आईपीएल से हट गये हैं। टीम इस टूनार्मेंट में अपने नियमित कप्तान और मुख्य बल्लेबाज श्रेयस अय्यर के बिना उतरी है। श्रेयस पीठ की चोट के कारण बाहर हैं। राणा अभी तक अपनी कप्तान में टीम को प्रेरित करन में सफल नहीं हुए हैं। राणा ने घरेलू क्रिकेट में कप्तानी की है और अब उन्हेंघरेलू मैदान पर अपनी टीम को वापसी करानी है।

केकेआर की टीम काफी लंबे समय के बाद ईडन गार्डंस पर अपना पहला मैच खेलेगी। केकेआर ने अपने घरेलू मैदान पर अपना आखिरी मैच कोविड-19 महामारी से पहले 28 अप्रैल 2019 को खेला था।

प्रशंसक दोनो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले के लिए उत्साहित रहेंगे।

अय्यर की अनुपस्थिति में केकेआर के बल्लेबाजी कमजोर हो गई है ऐसे में राणा के अलावा आंद्रे रसेल और वेंकटेश अय्यर को अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी। केकेआर के मुख्य गेंदबाज टिम साउदी और सुनील नारायण पिछले मैच में रन नहीं रोक पाये जो टीम के लिए परेशानी का कारण बना। ऐसे में इस मैच में इन दोनो को कसी हुई गेंदबाजी करनी होगी।

वहीं दूसरी ओर आरसीबी के पास एक अच्छा बल्लेबाजी क्रम है जिसका लाभ उसे मिलेगा। आरसीबी की टीम में दर्शकों की नजरें विराट कोहली की बल्लेबाजी पर रहेगी। कोहली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में नाबाद 82 रन बनाये थे।

टीम के पास डुप्लेसी जैसा बल्लेबाज भी है। आरसीबी के पास गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल और आकाशदीप जैसे तेज गेंदबाज भी हैं। ये ईडन गार्डंस के हालातों का लाभ उठा सकते हैं। उसे हालांकि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रीस टॉप्ले के बिना ही उतरना होगा। टॉप्ले के कंधे में चोट लग गई है। ऐसे में उनकी जगह डेविड विली को अवसर मिल सकता है।

टीम इस प्रकार हैः

कोलकाता नाइट राइडर्सः नीतीश राणा (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, लॉकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकुल रॉय, रिंकू सिंह, एन. जगदीसन, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, डेविड वीज, कुलवंत खेजरोलिया, लिटन दास और मनदीप सिंह।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोरः फाफ डुप्लेसी (कप्तान), विराट कोहली, सुयश प्रभुदेसाई, दिनेश कार्तिक, अनुज रावत, फिन एलेन, ग्लेन मैक्सवेल, वानिंदु हसरंगा, शाहबाज अहमद, हर्षल पटेल, डेविड विली, कर्ण शर्मा, महिपाल लोमरोर, मोहम्मद सिराज, जोश हेजलवुड, सिद्धार्थ कौल, आकाश दीप, रीस टॉप्ले, हिमांशु शर्मा और माइकल ब्रेसवेल।




लंदन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में चेलेसा के रीस जेम्स गोल करते हुए।

## पति पर सट्टेबाजी का लगा आरोप, पत्नी ने जान दी

नई दिल्ली। क्रिकेट में पैसे का आकर्षण इस कदर बढ़ा है कि हर कोई इस खेल से जुड़कर मोटी रकम कमाना चाहता है। क्रिकेटरों को मिल रही करोड़ों की रकम के साथ ही आजकल लुभावनी आईपीएल लीग में भी पैसे की बारिश नजर आती है। इसी को देखकर हर कोई तेजी से धन कमाना चाहता है। ऐसे में खेल से जुड़ी सट्टेबाजी भी बढ़ती जा रही है।

इसी कारण अब एक महिला को जान गंवानी पड़ी है। उत्तर प्रदेश की अनीता के पति मनोज शर्मा को सट्टेबाजी के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर बेहद प्रताड़ित किया। पुलिस पर आरोप है कि उसने मनोज को छोड़ने के लिए दो लाख रुपये मांगे पर पैसे नहीं होने के कारण अनीता ने जहर खाकर अपने जान दे दी। इसके बाद पुलिस ने दबाव में मनोज को तो छोड़ दिया पर तब तक उसका घर उजड़ गया था। एक बेकसूर महिला को अपनी जान देनी पड़ी। इसको देखते हुए क्रिकेट बोर्ड को सट्टेबाजी के खिलाफ कड़े कदम उठाने चाहिये जिससे फिर किसी की जान न जाये।

## पृथ्वी की खराब बल्लेबाजी से नाराज हुए सहवाग

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने दिल्ली कैपिल्स के बाद युवा सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की आलोचना की है। सहवाग के अनुसार उन्हें गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मैच में पृथ्वी से अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद थी। इस मैच में दिल्ली को छह विकेट से मैच हार का सामना करना पड़ा था। पृथ्वी ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरूआत में जमकर रन बनाये थे और इसी कारण माना जा रहा था कि वह सहवाग, सचिन तेंदुलकर और ब्रेन लारा जैसे खिलाड़ी बनेंगे पर पिछले कुछ समय से वह अपने फार्म को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। अब आईपीएल में भी उनका बल्ला नहीं चल रहा है। वहीं दूसरी ओर शुभमन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। इससे वह टीम इंडिया में तीनों ही प्रारुपों में एक बेहतर क्रिकेटर बनकर उभरे हैं। सहवाग ने कहा, पृथ्वी कई बार इस तरह के ही शॉट खेलकर आउट हुए हैं पर अब तो उन्हें अपनी गलतियों से सीखना चाहिए। शुभमन ने पृथ्वी के साथ ही अंडर-19 क्रिकेट खेला और अब भारत के लिए टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 खेल रहे हैं जबकि पृथ्वी अभी भी संघर्ष कर रहे हैं। उसे इस आईपीएल मंच का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी लय हासिल कर लेनी चाहिये। युवा बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ ने आईपीएल के एक सत्र में 600 रन बनाए। शुभमन भी तेजी से रन बना रहे हैं। ऐसे में पृथ्वी को भी अच्छा स्कोर बनाने का प्रयास करना चाहिये।



## एडम और सीफर्ट के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने दूसरे टी20 में श्रीलंका को हराया

डुनेडिन। एडम मिलने की शानदार गेंदबाज 5 विकेट के बाद टिम सीफर्ट की अर्धशतकीय पारी 79 रनों की सहायता से न्?यूजीलैंड ने श्रीलंका को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 9 विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले खेलते हुए श्रीलंकाई टीम 19 ओवर में 141 रन पर सिमटी। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को न्यूजीलैंड टीम ने 14.4 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। कीवी टीम की ओर से गेंदबाज एडम ने 4 ओवर में 26 रन देकर पांच विकेट लिए। न्?यूजीलैंड की टीम इस जीत के साथ ही सीरीज में 1-1 से बराबरी पर आ गयी है। अब सीरीज का फैसला शनिवार को होने वाले तीसरे मैच में होगा। इस मैच में 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की ओर से सीफर्ट ने तेज शुरूआत की। उन्होंने चाड बोव्स साथ पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़े। बोव्ज ने भी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए केवल 15 गेंदों में 7 चौके लगाकर 31 रन बनाए। वहीं कसुन रजित ने बो०?स को पेवेलियन भेज दिया।

इसके बाद सीफर्ट ने एक छोर से रन बनाना जारी रखा। उन्होंने क०?तान टॉम लैथम 20 के साथ दूसरे विकेट के लिए एक शतकीय साझेदारी कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। सीफर्ट ने केवल 43 गेंदों में तीन चौके और 6 छक्?के की मदद से नाबाद 79 रन बनाए। वहीं श्रीलंका के लिए एकमात्र विके कसुन रजित ने लिया।

वहीं इससे पहले न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर श्रीलंकाई टीम को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। श्रीलंकाई टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज कुसल मेंडिस 10 रन बनाकर ही आउट हो गये। इसके बाद एडम ने पाथुम निसांका को 9 रनों पर आउट कर दिया। कुसल परेरा ने 35 और धनंजय डी सिल्वा ने 37रन बनाये। अन्य बल्लेबाजी नाकाम रहे।

## अंगद की जगह गुरनूर पंजाब किंग्स में शामिल

मोहाली। पंजाब किंग्स के युवा बल्लेबाज राज अंगद बावा कंधे की चोट लगने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गये हैं। ऐसे में पंजाब ने उनकी जगह पर ऑलराउंडर गुरनूर सिंह बराड़ को टीम में शामिल किया है। आईपीएल की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि टीम ने बराड़ को 20 लाख रुपए में शामिल किया है। बावा का बाहर होना पंजाब के लिए एक करारा झटका है। इस बल्लेबाज ने पिछले सत्र में पंजाब किंग्स की तरफ से दो मैच खेले थे। वहीं उनकी जगह शामिल गुरनूर बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। उन्होंने पिछले साल दिसंबर में पंजाब की तरफ से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने अभी तक पांच प्रथम श्रेणी मैचों में 107 रन बनाने के साथ ही सात विकेट भी लिए हैं। बावा बीते ने पिछले साल पंजाब किंग्स की ओर से दो मैच खेले थे। फ्रेंचाइजी ने उन्हे दो करोड़ रुपये में खरीदा था।

## तेवतिया ने लिया मैच का सर्वश्रेष्ठ कैच

नई दिल्ली। : इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुए मुकाबले में मैच का सर्वश्रेष्ठ कैच राहुल तेवतिया के नाम रहा। अल्जारी की तेज तर्रार गेंद पर दक्षिण अफ्रीकी तूफानी बल्लेबाज रिली रोउसी पूरी तरह विफल रहे। गेंद बल्ले से टकरा कर उछली और राहुल तेवतिया ने कैच लेने में कोई गलती नहीं की।

तेवतिया का यह कैच लगभग धरती खोदकर गेंद लपकने जैसा रहा। इसके बाद टीवी अंपायर काफी देर तक देखते करते रहे कि कैच क्लीन है या नहीं। आखिरी में तीसरे अंपायर ने तेवतिया के इस कैच को सही बताया। इस तरह से रिली खाता भी नहीं खोल पाये। इससे दिल्ली को करार झटका भी लगा। इस कैच को मैच का सर्वश्रेष्ठ कैच का अवॉर्ड दिया।

## कुंबले ने सुदर्शन को बेहद संगठित खिलाड़ी बताया

नई दिल्ली। दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले ने गुजरात टाइटंस के युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि यह खिलाड़ी बेहद संगठित नजर आ रहा है। 21 वर्षीय सुदर्शन ने दिल्ली कैपिटल्य के खिलाफ 62 रन बनाये थे। कुंबले ने कहा, ह्यवह (सुदर्शन) बेहद संगठित खिलाड़ी नजर आ रहा है। उसने तेज गेंदबाजी और स्विंग के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया। वह पहले मैच में ह्यइंपैक्ट प्लेयर के रूप में क्रीज पर उतरा और उसने निश्चित तौर पर अपना प्रभाव छोड़ा। उन्होंने कहा, ह्यइस मैच में भी गुजरात के शीर्ष क्रम के तीन खिलाड़ी आउट हो चुके थे। ऐसे में तमिलनाडु के दोनों खिलाड़ियों विजय शंकर और सुदर्शन ने मिलकर बहुत अच्छी साझेदारी निभाई।

## आकाश कोरोना पॉजिटिव पाए गए , कमेंट्री से दूर रहेंगे

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं। आकाश आईपीएल के 16 वें सत्र में कमेंट्री कर रहे थे पर अब वह ठीक होने तक अलग रहेंगे। चोपड़ा ने ट्विटर पर कहा कि उन्हें हल्के लक्षण हैं और वह कुछ दिनों के लिए कमेंट्री से दूर रहेंगे। चोपड़ा ने ट्वीट किया, कोरोना के कारण वह बोल्ड हो गये हैं। उनमें हल्के लक्षण हैं पर बाकि सभी कुछ नियंत्रण में है। उन्होंने साथ ही कहा, कुछ दिन के लिए कमेंट्री के काम से अलग रहूंगा पर मजबूती से वापसी करूंगा टाटा आईपीएल। गौरतलब है कि चोपड़ा आईपीएल के डिजिटल प्रसारक जियोसिनेमा की कमेंट्री टीम का हिस्सा हैं। वह इसके अलावा अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल थे इसलिए आयोजक और प्रसारक उनकी सेहत पर नजर बनाये हुए हैं।

## प्रीमियर लीग : चेल्सी और लिवरपूल का मुकाबला बराबरी पर रहा

लंदन। प्रीमियर लीग फुटबॉल में चेल्सी और लिवरपूल के बीच गोलरहित मुकाबला बराबरी पर हा। इस मैच में दोनो ही टीमों को गोल करने के अवसर मिले पर वे उन्हें गोल में नहीं बदल पायीं। अंतरिम कोच ब्रूनो साल्टर ने भी माना है कि उनकी टीम ने कई अच्छे अवसर खोये। रीस जेम्स और काई हैवर्त्ज दोनों के गोल बेकार गए, जिसके कारण लिवरपूल तालिका में आठवें और चेल्सी 11वें स्थान पर बने हुए हैं। अब दोनों ही टीमें अगले सत्र में यूरोप के लिए क्वालीफाई करने के लिए मुकाबला करेंगी। एक अन्य मुकाबले में ब्राइटन ने बोर्नमाउथ को 2-0 से हराया जबकि एस्टन विला ने मैनेजरलेस लीसेस्टर सिटी पर 2-1 से जीत हासिल की।

## युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करते हैं पांड्या : मिलर

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर डेविड मिलर ने अपनी टीम गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह युवा खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। गत विजेता गुजरात ने इस बार भी अपने अब तक के दोनो ही मैच जीते हैं। दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 16 गेंद में नाबाद 31 रन की पारी खेलने वाले मिलर ने पांड्या के बारे में कहा कि उन्होंने अब तक जिन शीर्ष कप्तानों के साथ खेला है। उनमें हार्दिक भी शामिल रहे हैं। आईपीएल में एडम गिलक्रिस्ट मेरे पसंदीदा कप्तान थे। पिछले साल जब हम नई टीम थे तब हार्दिक ने काफी अच्छी कप्तानी की थी। वह खिलाडियों का मनोबल बढ़ाते हैं और टीम का साथ देते हैं। इसके अलावा युवाओं को प्रेरित करते हैं।



जोर्जिया में स्पेन के जॉन रेहम अगस्ता नेशंस गोल्फ में खेलते हुए ।

## एक या दो बल्लेबाज नहीं, हार के लिए सभी दोषी : अगरकर

नई दिल्ली। आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच अजीत अगरकर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ टीम की हार पर निराशा जताते हुए कहा कि इसके लिए एक या दो बल्लेबाजों को जिम्मेदार नहीं माना जा सकता। अगरकर के अनुसार हार के लिए सभी जिम्मेदार हैं। दिल्ली की टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर केवल 162 रन ही बनाये। इस लक्ष्य को गुजरात टाइटंस ने आसानी से हासिल कर लिया। दिल्ली की ओर से कप्तान डेविड वॉर्नर ने 37 और सरफराज खान ने 30 रन बनाये पर बाकि बल्लेबाज रन नहीं बना पाये। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ केवल सात रन ही बना पाये।

अगरकर ने कहा, ह्यहार के लिए किसी एक या दो बल्लेबाज को दोष नहीं दे सकते क्योंकि हमारे शीर्ष क्रम में किसी भी बल्लेबाज ने अच्छा खेल नहीं दिखाया। मैं केवल इस मैच की बात नहीं कर रहा हूं। शुरूआती दोनों मैचों में बल्लेबाजों का प्रदर्शन खराब रहा है। उन्होंने कहा, ह्यजिन टीमों को अच्छी शुरूआत मिली आप उसका प्रदर्शन देख सकते है। हमें इसमें सुधार करना होगा। गुजरात को श्रेय मिलना चाहिए जबकि हमें सुधार की जरुरत है। उन्होंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ वॉर्नर और पृथ्वी के संघर्ष के बारे में पूछे जाने पर कहा, ह्यशॉ ने टेस्ट में पदार्पण पर शतक लगाया है, उसने घरेलू मैचों में काफी रन बनाए हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आईपीएल का स्तर घरेलू क्रिकेट से ऊंचा है पर शॉ और वॉर्नर ने इस लीग में काफी रन बनाए हैं।

वहीं ऑलराउंडर अक्षर पटेल से गेंदबाजी नहीं कराने के फैसले का बचाव करते हुए अगरकर ने कहा, ह्यपिच से तेज गेंदबाजों को ज्यादा मदद मिल रही थी। हमारे पास मिशेल मार्श के रूप में एक विकल्प है। बायें हाथ के बल्लेबाज खेल रहे थे और मैदान के एक तरफ की बाउंड्री छोटी थी इसलिए मैच के हालातों को देखकर ये फैसला लिया गया।

## पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 व एकदिवसीय सीरीज के लिए घोषित की टीम

**दोनो ही प्रारुपों में कप्तानी करेंगे आजम , शाहीन भी शामिल**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ इसी माह होने वाली घरेलू टी20 और एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम घोषित कर दी है। क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दोनो ही प्रारुपों के लिए अलग-अलग टीमें घोषित की हैं पर कप्तानी बाबर आजम के पास ही रहेगीहैं। वहीं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को भी दोनों ही टीमों में जगह दी गयी है। शाहीन चोटिल होने के कारण चार महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलेंगे। शाहीन ने हाल ही में हुए पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से मैदान में वापसी की थी।

बाबर आजम दोनो ही प्रारुपो में कप्तान रहेंगे जबकि ऑलराउंडर शादाब खान उपकप्तान होंगे। इसके अलावा पीएसएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज इहसानुल्लाह, सईम अयूब और जमान खान जैसे युचा खिलाड़ियों को टी20आई टीम जगह मिली है, इहसानुल्लाह को भी पहली बार एकदिवसीय टीम में जगह मिली है। पाक और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले 14 अप्रैल से 7 मई तक लाहौर, रावलपिंडी और कराची में खेले जाएंगे।

टी20 टीम : बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उपकप्तान), फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इहसानुल्लाह, इमाद वसीम, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, सईम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी , शान मसूद और जमान खान

एकदिवसीय टीम : बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उपकप्तान), अब्दुल्ला शफीक, फखर जमान, हारिस रऊफ, हारिस सोहेल, इहसानुल्लाह, इमाम-उल-हक, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, शान मसूद और उसामा मीर। रिजर्व खिलाड़ीः अब्बास अफरीदी, अबरार अहमद और तैय्यब ताहिर

## एशेज में अंपायरिंग करेंगे भारत के नितिन मेनन

मुम्बई। भारतीय अंपायर नितिन मेनन इस बार एशेज सीरीज में भी अंपायरिंग करेंगे। जून में होने वाली इस एशेज सीरीज में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलियाई टीम जीत के लिए पूरी ताकत लगा देती हैं। इस ऐतिहासिक सीरीज की मेजबानी इस बार इंग्लैंड करेगा। इस दौरान पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में दर्शकों को रोमांचक खेल देखने को मिलेगा।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार , नितिन एशेज सीरीज में अंपायरिंग करेंगे। वह लीड्स में 6 से 10 जुलाई और मैनचेस्टर में 19 से 23 जुलाई तक खेले जाने वाले सीरीज के तीसरे और चौथे टेस्ट मैच में मैदानी अंपायर की भूमिका में नजर आयेंगे। इसके बाद नितिन 27 से 31 जुलाई तक लंदन के द ओवल मैदान पर खेले जाने वाले सीरीज के 5वें टेस्ट मैच में टीवी अंपायर की भूमिका में रहेंगे। मेनन ने कहा कि एशेज में अंपायरिंग करना हमेशा से ही उनका सपना था। उन्होंने कहा, मेरा हमेशा से सपना था कि मैं एशेज में एक दिन अंपायर की भूमिका को निभाऊं। इस सीरीज के दौरान काफी शानदार माहौल देखने को मिलता है फिर चाहे यह इंग्लैंड में खेली जाये या ऑस्ट्रेलिया में। नितिन अभी आईपीएल में अंपायरिंग कर रहे हैं। इससे पहले वह भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गई बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में भी अंपायरिंग करते हुए नजर आए थे।

## हमने पावरप्ले में 15-20 रन ज्यादा दिए : पंड्या

नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने आईपीएल के 16 वें सत्र में लगातार दूसरे मैच में मिली जीत पर खुश जतायी है। घर के बाद हुए इस मैच में गुजरात ने दिल्ली को छह विकेट से हरा दिया। दिल्ली की यह लगातार दूसरी हार है। वहीं दो मैचों में दूसरी जीत के साथ टाइटंस अब अंक तालिका में शीर्ष पर आ गयी है। गुजरात की इस जीत में युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन की अहम भूमिका रही। सुदर्शन ने 48 गेंद में 62 रन बनाये।

वहीं जीत के बाद पंड्या ने कहा, हमने पावरप्ले में 15 से 20 रन ज्यादा दिए। वहीं गेंदबाजों ने जिस तरह से वापसी की वह लाजवाब रहा रही। मैं कुछ और सोचने के बजाय अपने फैसले का समर्थन करना पसंद करता हूं। हम लड़कों को वहां खेल का आनंद लेने के लिए कहते हैं। इससे आपको सही फैसला लेने में सहायता मिलती है। सुदर्शन शानदार बल्लेबाजी कर रहा है। मेरा मानना है अगर इसी तरह चलता रहा तो दो साल में वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट और भारतीय क्रिकेट में जगह बना सकता है।

इस मैच में दिल्ली के बल्लेबाज तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के अलावा स्पिनर राशिद खान का सामना नहीं कर पाये और टीम ने 17वें ओवर में ही 130 रन पर छह विकेट खो दिये। इसके बाद अक्षर पटेल ने 22 गेंद पर 36 रन ने स्कोर आठ विकेट पर 162 रन तक पहुंचाया।



डुनेडिन में न्यूजीलैंड के एडम मिलने पांच विकेट मिलने की खुशी साथी खिलाड़ियों के साथ मनाते हुए।

# मौजूदा वित्तीय वर्ष में गरीबी की जद में 40 लाख पाकिस्तानी: वर्ल्ड बैंक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को आर्थिक झटकों ने झकझोर कर रख दिया है। मौजूदा वित्तीय वर्ष चुनौतीपूर्ण साल बनता जा रहा है। पाकिस्तान की तंगहाली ने इस वित्तीय वर्ष में करीब 40 लाख पाकिस्तानियों को गरीबी में झोंक दिया है। यह बात वर्ल्ड बैंक ने कही है। वर्ल्ड बैंक ने इस्लामाबाद को आगाह किया है कि सार्वजनिक कर्ज संकट से बचने के लिए उसे तत्काल नए विदेशी कर्ज की व्यवस्था करनी होगी। वर्ल्ड बैंक ने पाकिस्तान को उसकी आर्थिक और कर्ज व्यवहार्यता के लिए गंभीर खतरों के बारे में चेतावनी दी है।

वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट ने चालू वित्त वर्ष के लिए 29.5 फीसदी की औसत महंगाई दर के साथ सुस्त आर्थिक विकास का अनुमान लगाया है। मीडिया के अनुसार पाकिस्तान का भविष्य बेहद अनिश्चित है और अंधेरे में घिरा हुआ है। इस साल सिर्फ 0.4 प्रतिशत आर्थिक विकास और अगले वित्तीय वर्ष के लिए 2 प्रतिशत का अनुमान है। चालू वित्तीय वर्ष के लिए औसत मुद्रास्फीति दर 29.5 प्रतिशत और अगले साल के लिए 18.5 प्रतिशत अनुमानित है। इससे साबित होता है कि वार्षिक मुद्रास्फीति दर बहुत अधिक होगी।

वर्ल्ड बैंक ने चेतावनी दी है कि वित्तीय वर्ष 2023 में गरीबी बढ़कर 37.2 प्रतिशत होने का अनुमान है यानी पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में अतिरिक्त 39 लाख लोग गरीबी की चपेट में आ जाएंगे। पाकिस्तान में गरीबी की गहराई और गंभीरता तेजी से बढ़ रही है। विश्व बैंक ने बड़े पैमाने पर स्थिरता लाने के लिए विश्वास बहाल करने के लिए और सार्वजनिक कर्ज संकट को टालने के लिए बाहरी ऋण को सुरक्षित करना बेहद जरूरी है।

विश्व बैंक ने आयात पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के नजरिए की आलोचना की, जिससे भरोसे को काफी नुकसान हुआ है।

केवल चीन ने की मदद, मुस्लिम दोस्त सऊदी अरब से नहीं मिली राहत

संकट के समय में पाकिस्तान को अब तक सिर्फ चीन से आर्थिक मदद हासिल हुई है। मुस्लिम दोस्त सऊदी अरब से पाकिस्तान को कोई राहत मिलती नहीं दिख रही है। सऊदी अरब ने अपनी पॉलिसी में ही बदलाव कर दिया है। नए नियमों के तहत सऊदी अरब अब किसी को बिना किसी शर्त खैरात नहीं देगा। सऊदी मंत्री पहले ही कह चुके हैं कि हम अपनी जनता पर टैक्स लगाते हैं और दूसरों से भी इसकी उम्मीद करते हैं। इससे सबसे बड़ा झटका पाकिस्तान को लगा है।

## मुस्लिम समुदाय का 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मौलाना मदनी के साथ गृहमंत्री से मिला

**नई दिल्ली।** मुस्लिम समुदाय के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने गत दिवस मंगलवार देर रात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने गृह मंत्री से यह मुलाकात जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी के नेतृत्व में की। मुस्लिम समाज और केंद्र सरकार के बीच भ्रम दूर करने की बड़ी पहल की गई है। जानकारी के अनुसार इसमें विभिन्न राज्यों के मुस्लिम धार्मिक गुरु और बुद्धिजीवी शामिल हुए थे। गृह मंत्री के आवास पर करीब डेढ़ घंटे तक यह बैठक चली। जमीयत के शीर्ष पदाधिकारियों के अनुसार इस मुलाकात के दौरान 14 बिंदुओ पर बातचीत हुई है। सरकार की ओर से कई मुद्दों पर मुस्लिम समाज का भ्रम दूर किया गया है तो कई मुद्दों पर अमित शाह ने कार्रवाई का भरोसा दिया है। इस बातचीत में मौजूदा वक्त में रामनवमी जुलूस के दौरान देश के कई हिस्सों में हुई हिंसा, हरियाणा समेत अन्य राज्यों में मॉब लांचिंग की घटनाएं और कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण खत्म करने जैसे मामले उठाए गए।



सर्बिया में बर्फबारी के बीच ही एक सड़क पार करते हुए लोग।

## पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर 34 गंभीर आपराधिक आरोप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के गिरफ्तार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर 34 गंभीर आपराधिक आरोप लगाए गए हैं, जो कथित रूप से 3 लोगों को भुगतान किए गए धन से संबंधित हैं। न्यूयॉर्क स्टेट सुप्रीम कोर्ट में पेश होने पर, उन्होंने आरोपों का खंडन कर उनके खिलाफ लड़ने की घोषणा की। 34 आपराधिक आरोपों में से प्रत्येक 2016 के चुनाव से पहले पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल और प्लेबॉय मॉडल करेन मैकडॉगल को भुगतान के लिए गलत बिजनेस रिकॉर्ड के बारे में है। दोनों ने दावा किया कि उनके साथ उनके संबंध थे और इसके बारे में ट्रंप टॉवर के डोरमैन को जानकारी थी। यदि वह सभी 34 आरोपों में दोषी होते हैं, तब सैद्धांतिक रूप से उन्हें 136 साल (प्रत्येक अपराध के लिए चार साल) की जेल हो सकती है।

न्यूयॉर्क की कानूनी प्रणाली के तहत, ग्रैंड जूरी (नागरिकों का एक पैनल) ने गुप्त सुनवाई में मामले की जांच की और गुरुवार को कहा कि ट्रंप के खिलाफ एक प्रथम दृष्टया मामला है। ट्रंप 2024 रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के नामांकन के लिए अग्रणी उम्मीदवार हैं, इतना ही नहीं वे सर्वे के मुताबिक जो बाइडेन से केवल दो अंक पीछे हैं। मामले में अगली सुनवाई दिसंबर के लिए निर्धारित की गई है जब राष्ट्रपति चुनाव के लिए कैंपेन जोर पकड़ेगा। यह राष्ट्रपति पद की दौड़ में ट्रंप के लिए बाधा बन सकता है।

अमेरिकी संविधान एक अंडरट्रायल (या यहां तक कि एक दोषी) को राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने से नहीं रोकता है। ट्रंप कम से कम तीन अन्य जांच के अधीन हैं, दो संघीय अधिकारियों द्वारा जनवरी 2021 में उनके दंगाई समर्थकों द्वारा अमेरिकी कांग्रेस पर हमले में उनकी भूमिका और शीर्ष गुप्त दस्तावेजों को संभालने और जॉर्जिया राज्य में एक स्थानीय जांच में कि क्या उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव परिणाम में हेरफेर करने की कोशिश की थी। फ्लोरिडा में घर लौटने के बाद मंगलवार रात अपने भाषण में उन्होंने मामले को राजनीतिक उत्पीड़न और देश का अपमान बताया।

## जनता ने नकारा इलेक्ट्रिक स्कूटर्स को तो लग गया बिक्री पर बैन

**पेरिस।** जनता की डिमांड पर पेरिसा में इलेक्ट्रिक स्कूटर्स पर बैन लग गया है। हालांकि इलेक्ट्रिक स्कूटरों की डिमांड दुनिया भर में तेजी से बढ़ रही हैं, जहां कई देशों में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकारें आगे आ रही हैं। वहीं पेरिस जैसे देश में इलेक्ट्रिक स्कूटरों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पेरिस आगामी 1 सितंबर से इलेक्ट्रिक स्कूटर पर प्रतिबंध लगाएगा, फ्रांसीसी राजधानी के मेयर ने कहा, जनता द्वारा उन्हें सड़कों से हटाने के लिए मतदान करने के बाद ये फैसला लिया गया है।

दरअसल, पेरिस में इलेक्ट्रिक स्कूटरों को किराए पर देने का चलन है। अब यहां की जनता ने इन स्कूटरों को सड़क से हटाने के लिए वोटिंग की है जिसके बाद से ये फैसला किया गया है। वहीं ई-स्कूटर ऑपरेटर्स को अभी भी उम्मीदें हैं कि सरकार इस फैसले को बदल दे और कोई नई योजना लागू करे। सिटी हॉल ट्विटर अकाउंट के अनुसार ई-स्कूटर पर प्रतिबंध लगाने के लिए 89% लोगों ने वोट किया. फ्रांस की राजधानी में ई-स्कूटर पर घायल होने और मारे जाने वालों की बढ़ती संख्या के जवाब में जनमत संग्रह कराया गया था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, शहर के चुनावी रजिस्टर में 1.38 मिलियन लोगों में से सिर्फ 103,000 लोगों ने ही इस वोटिंग में भाग लिया और इनमें से 91,300 से ज्यादा लोगों ने इलेक्ट्रिक स्कूटरों पर प्रतिबंध लगाने के पक्ष में अपना मत दिया. इस वोटिंग के लिए शहर में कई जगह पर मतपेटियां लगाई गई थीं, जिनमें लोगों ने अपने वोट दर्ज किएं। हालांकि पेरिस में जिन इलेक्ट्रिक स्कूटरों पर बैन लगाया गया है वो रेगुलर दोपहिया स्कूटरों जैसे नहीं हैं। ये एक फ्री-फ्लोटिंग इलेक्ट्रिक स्कूटर हैं जो दिखने में एक स्केटबोर्ड जैसे होते हैं और इन पर लोग खड़े होकर इसे ड्राइव करते हैं। कई बार दो लोग एक साथ स्कूटर पर सवार होते हैं. इस तरह के इलेक्ट्रिक स्कूटरों को किराए पर देने का भी खूब चलन है, जिनका इस्तेमाल स्थानीय लोगों और टूरिस्ट द्वारा शहर में घूमने के लिए किया जाता है. लेकिन अब ये इलेक्ट्रिक स्कूटर कई लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं।

## 100 सबसे प्रभावशाली महिलाओं की सूची में 5 भारतीय-अमेरिकी महिलाएं

न्यूयॉर्क। पांच भारतीय-अमेरिकी महिला 100 सबसे प्रभावशाली महिलाओं की चौथी वार्षिक सूची में हैं, जिन्होंने वित्तीय-सेवा उद्योग में प्रमुखता हासिल कर इसके भविष्य को आकार देने में मदद की है। इस सूची में जेपी मॉर्गन की अनु अयंगर, एरियल इन्वेस्टमेंट्स की रूपल जे भंसाली, गोल्डमैन सैक्स ग्रुप की मीना लकड़ावाला-फ्लिन, फ्रैंकलिन टेम्पलटन की सोनल देसाई और बोफा सिक्योरिटीज की सविता सुब्रमण्यन शामिल हैं। अयंगर जेपी मॉर्गन में विलय और अधिग्रहण की वैश्विक प्रमुख हैं, एक ऐसी भूमिका जिसे उन्होंने 2020 से डिवीजन के सह-प्रमुख के रूप में सेवा देने के बाद जनवरी में ग्रहण किया था। चुनौतीपूर्ण बाजारों में नेविगेट करते समय वह ग्राहकों को विशेषज्ञता और स्थिरता के बराबर उपाय प्रदान करती हैं।बैरोन के अनुसार, उन्होंने विलय-और-अधिग्रहण क्षेत्र में नंबर क्रंचिंग, कानूनी अनुबंधों और ग्राहक संबंधों के निर्माण के अपने प्यार को इसका श्रेय दिया है।

एरियल इन्वेस्टमेंट्स की वैश्विक इक्विटी रणनीति की मुख्य निवेश अधिकारी और पोर्टफोलियो प्रबंधक 55 वर्षीय भंसाली बाजार की वर्तमान स्थिति को एक उस समय के रूप में देखती हैं जब निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो को फिर से स्थापित करना चाहिए, क्योंकि अतीत में जो काम किया वह अगले दशक में काम आने की संभावना नहीं है। उनका मानना है कि उनका जन्म पैसे का मैनेज करने के लिए हुआ है और महिलाओं को फाइनेंस में काम करने के लिए प्रोत्साहित करना उनका जुनून है। 58 वर्षीय देसाई, 2018 में फ्रैंकलिन टेम्पलटन के इतिहास में पहली महिला मुख्य निवेश अधिकारी बनीं। वह 137 अरब डॉलर की संपत्ति की देखरेख करती हैं। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, ड्रेस्डनर क्लेनवॉर्ट वासरस्टीन और थेम्स रिवर कैपिटल के लिए काम करने के बाद वह 2009 में फर्म में शामिल हुई थीं।

बैरन के अनुसार, खेल के दौरान चोट के तुरंत बाद फाइनेंस में उनका करियर शुरू हुआ। वह एक उत्साही जिमनास्ट थी जो एक समय ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करना चाहती थी। लकड़ावाला-फ्लिन को अपने घुटने को ठीक करने के लिए जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय में रहना पड़ा। उन्होंने संस्थागत इक्विटी बिक्री डेस्क पर काम करते हुए फ्रीडमैन, बिलिंग्स, रैमसे ग्रुप में इंटर्नशिप की। सुब्रमण्यन बैंक ऑफ अमेरिका सिक्योरिटीज में अमेरिकी इक्विटी और क्वांटिटेटिव स्ट्रेटजी की प्रमुख हैं। वह इक्विटी के लिए अमेरिकी क्षेत्र के आवंटन की सिफारिश करने और एसएंडपी 500 और अन्य प्रमुख अमेरिकी सूचकांकों के लिए पूवार्नुमान निर्धारित करने के साथ-साथ संस्थागत और व्यक्तिगत ग्राहकों के लिए फर्म की क्वांटिटेटिव इक्विटी रणनीति के विकास और विपणन के लिए जिम्मेदार हैं।

## अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंगः अमेरिका

**चीन की हरकत पर अमेरिका ने जताया विरोध, ड्रैगन के दावे को लगा धक्का!**

वाशिंगटन। अमेरिका ने एक बार फिर भारत के समर्थन में खुलेआम उतरते हुए चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के 11 जगहों के नया नाम देने की कोशिश का विरोध किया। अमेरिका ने साफ कहा है कि वह अरुणाचल प्रदेश को भारत के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता देता है और क्षेत्रीय दावों के तहत स्थानीय इलाकों का नाम बदलने के किसी भी एकतरफा प्रयास का कड़ा विरोध करता है। अमेरिका की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है, जब चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थानों के मानकीकृत नाम जारी किए थे। चीन इस क्षेत्र को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताकर इस पर अपना दावा करता है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका उस क्षेत्र (अरुणाचल प्रदेश) को लंबे समय से (भारत के अभिन्न अंग के रूप में) मान्यता देता रहा है। हम इलाकों का नाम बदलकर क्षेत्रीय दावों को आगे बढ़ाने के किसी भी एकतरफा प्रयास का कड़ा विरोध करते हैं। अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों का चीन द्वारा दोबारा नामकरण किए जाने के बीच भारत ने मंगलवार को कहा कि यह राज्य भारत का अभिन्न एवं अटूट हिस्सा है और ह्यमनगढ़तह्न नाम रखने से यह हकीकत बदल नहीं जाएगी।

चीन ने अरुणाचल के 11 जगहों के नाम की तीन बार जारी की सूची

उल्लेखनीय है कि हाल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के लिए चीनी, तिब्बती और पिनयिन अक्षरों में नामों की तीसरी सूची जारी की है। चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के लिए जारी मानकीकृत भौगोलिक नामों की यह तीसरी सूची है। अरुणाचल में छह स्थानों के मानकीकृत नामों की पहली सूची 2017 में और 15 स्थानों की दूसरी सूची 2021 में जारी की गई थी। चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों का दोबारा नामकरण ऐसे समय में किया है, जब पूर्वी लद्दाख में मई 2020 में दोनों देशों के बीच शुरू गतिरोध अब तक समाप्त नहीं हुआ है।



येरुसलम में इजरायली सेना की फिलिस्तीनी गुटों से झड़प के बीच ही टेंपल माउंट को ठीक करते हुए लोग।

## राजस्थान की नामचीन हस्तियों को राष्ट्रपति के हाथों मिले पद्मश्री पुरस्कार

नई दिल्ली। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने राजस्थान की चार हस्तियों को पद्मश्री से सम्मानित किया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में गजल गायकी और शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अहमद हुसैन और मोहम्मद हुसैन को, सामाजिक कार्य के लिए डूंगरपुर के सामाजिक कार्यकर्ता मूलचंद लोढ़ा को और सामाजिक क्षेत्र में ही उत्कृष्ट कार्य हेतु जयपुर के श्री लक्ष्मण सिंह लापोडिया शामिल है।

नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में आयोजित पदम् पुरस्कार दो संस्करण में प्रदान किए गए। इस दूसरे संस्करण में बुधवार को सामाजिक कार्य, सार्वजनिक जीवन, विज्ञान, अभियांत्रिकी, व्यापार, उद्योग ,मेडिसिन साहित्य ,शिक्षा, खेल ,सिविल सेवा और कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली नामचीन हस्तियों को देश के सर्वश्रेष्ठ नागरिक पुरस्कारों पदम् विभूषण, पदम् भूषण और पदम् श्री से सम्मानित किया गया।

25 जनवरी, 2023 को विजेताओं के नामों की घोषणा की गई थी। उन विजेताओं को गत 22 मार्च को राष्ट्रपति भवन में आयोजित पदम् पुरस्कार सम्मान समारोह के पहले संस्करण में भी पुरस्कार प्रदान किए गए थे। शेष बचे हुए पुरस्कार विजेताओं को आज राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया।

राजस्थान के डूंगरपुर जिला के आदिवासी बहुल बांगड़ इलाके से ताल्लुक रखने वाले श्री मूलचंद लोढ़ा आदिवासियों के उत्थान के लिए जागरण जन सेवा मंडल नामक संस्था चलाते हैं। मूलचंद लोढ़ा इस क्षेत्र के आदिवासी और पिछड़े इलाकों में चिकित्सा, शिक्षा और आदिवासियों के कल्याण के लिए पिछले 5 दशक से लगातार कार्य कर रहे हैं इनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए वर्ष 2023 का पद्मश्री सम्मान श्री लोढ़ा को दिया गया है।

गजल गायकी और शास्त्रीय संगीत में उत्कृष्ट योगदान हेतु जयपुर घराने से ताल्लुक रखने वाले अहमद हुसैन और मोहम्मद हुसैन को भी पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

गजल गायकी के उस्ताद हुसैन बंधुओं का पहला एल्बम गुलदस्ता 1980 में रिलीज हुआ था और अभी तक इनके 50 से ज्यादा एल्बम आ चुके हैं। वर्ष 2000 में इनको संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। हुसैन बंधुओं ने पूरी दुनिया में गजल और शास्त्रीय संगीत के चैरिटी शो करके समाज सेवा में भी काफी योगदान दिया है।

श्री लक्ष्मण सिंह लापोडिया को भी राष्ट्रपति द्वारा पद्म पुरस्कार सम्मान समारोह के पहले संस्करण के दौरान 22 मार्च को पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है। श्री लापोडिया ने राजस्थान के जयपुर जिला में जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है इन्होंने जल संरक्षण के लिए परंपरागत चैका पद्धति से 5 लाख वर्ग मीटर जमीन को सिंचित और उपजाऊ बनाया है। श्री लापोडिया ने इलाके के करीब 100 गांव में जल संरक्षण के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

# कर्नाटक में भाजपा के लोग सामूहिक पयालन कर रहे : सुरजेवाला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने केंद्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाया हैं कि मोदी सरकार ने कर्नाटक विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी नेताओं और उम्मीदवारों के खिलाफ छापेमारी करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों को भेजा है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि पार्टी के पास इसकी पूरी जानकारी है कि भाजपा चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों का चयन करने में विफल है। सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि चुनावी राज्य में भाजपा में लोग (सामूहिक पलायन) पार्टी छोड़ कर जा रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि हमारे पास पुख्ता जानकारी है, कि भाजपा अपने मंत्रियों के लिए अपने उम्मीदवारों का चयन नहीं कर पा रही है और विधायक सीटों पर चुनाव लड़ने से इनकार कर रहे हैं... कर्नाटक में भाजपा से बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है। लगभग 10 विधायक, एमएलसी, पूर्व विधायक और पूर्व एमएलसी, उनके बोर्ड और निगम अध्यक्ष दर्जनों में इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हो गए हैं।

**पीएम मोदी अपने आखिरी हथियार का उपयोग करने वाले**

कांग्रेस नेता सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि इसलिए, पीएम मोदी ने अपने आखिरी शस्त्रों का उपयोग करने का फैसला किया है जो बुरी तरह विफल होगा। हमारे पास जानकारी है कि कांग्रेस नेताओं, उम्मीदवारों और संभावित पार्टी उम्मीदवारों पर राज्य भर में छापेमारी करने के लिए सैकड़ों आई-टी और ईडी अधिकारियों को कर्नाटक भेजा गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी झुकेगी नहीं और पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी।



सुरजेवाला ने कहा कि लेकिन पीएम मोदी और उनके ईडी और आई-टी को पता होना चाहिए कि उनके नकली, धोखाधड़ी और मनगढ़ंत छापे कांग्रेस को नहीं झुका पाएंगे, जो सत्ता में आने की कगार पर है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी कर्नाटक विधानसभा चुनाव में 150 से अधिक का आंकड़ा पार करेगी। आपका आयकर और भाजपा का ईडी विभाग कांग्रेस के रथ, जो कि जनता का रथ है, को जीत के 150 से अधिक अंक से आगे जाने से नहीं रोक सकता है और न ही रोकेगा। हम उन सभी नौकरशाहों, आईटी और ईडी के अधिकारियों से भी आह्वान करते हैं, जिन्हें हमारी जानकारी के अनुसार कल से शुरू होने वाली छापेमारी में दुरुपयोग करने की मांग की जा रही है, कि भाजपा सरकार की ओर से आप जो भी गलत काम कर रहे हैं, उसका हिसाब लिया जाएगा।

विपक्ष के नेता सिद्धारमैया ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की लहर है और पार्टी आराम से बहुमत के साथ सत्ता में आएगी।

उन्होंने कहा कि बहुमत के साथ कांग्रेस सत्ता में आएगी। जैसा कि सुरजेवाला ने कहा, कई विधायक, एमएलसी और बोर्ड और निगमों के अध्यक्ष भाजपा से इस्तीफा दे चुके हैं और कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। कर्नाटक में हर कोई जानता है कि लहर कांग्रेस के पक्ष में है... भाजपा आलाकमान अच्छी तरह जानता है कि कर्नाटक में भाजपा डूब रही है और वह सत्ता में नहीं आ सकती। नफरत की राजनीति और हिंदुत्व आने वाले कर्नाटक चुनाव 2023 में काम नहीं कर रहा है।



बांग्लादेश के कए कपड़ा बाजार में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास करते हुए दमकलकर्मी।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई।** मुम्बई शेयर बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 582.87 अंक करीब 0.99 फीसदी मजबूत होकर 59,689.31 अंक पर बंद हुआ। वहीं इस प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 159 अंक तकरीबन 0.91 फीसदी ऊपर आकर अंत में 17,557.05 अंक पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के शेयरों में 20 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। लार्सन एंड टूब्रो, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी और सर्न फार्मा सेंसेक्स के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे लार्सन एंड टूब्रो के शेयर सबसे ज्यादा 3.96 फीसदी तक ऊपर आये।

वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के शेयरों में 10 शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, एसबीआई और मारुति के शेयर सबसे ज्यादा गिरे हैं। सेंसेक्स के टॉप लूजर्स रहे। सबसे अधिक नुकसान महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 1.29 फीसदी तक गिरे हैं।

वहीं इससे पहले सोमवार को बाजार तेजी के साथ 59,106.44 अंक पर बंद हुआ था। जबकि मंगलवार को महावीर जयंती के अवसर पर बाजार बंद रहा। शेयर बाजार की बुधवार को सुबह सपाट शुरुआत हुई।

# 7 लाख की कीमत में भारतीय बाजार में आई कावासाकी की दमदार बाइक

**मुंबई।** जापानी टू-व्हीलर निमार्ता कंपनी कावासाकी अपनी दमदार बाइक के लिए पहचानी जाती है। कंपनी ने भारतीय बाजार में अपने बाइक पोर्टफोलियो को अपडेट कर 649सीसी की पावरफुल इंजन वाली नई बाइक कावासाकी वोलकॉन एस को लांच किया है। बता दें कि यह बाइक पहले से ही मार्केट में मौजूद है, अब कंपनी ने इसके अपडेटेड वर्जन को बाजार में उतारा है। अगर आप को भी बाइक राइडिंग का शौक रखते हैं, तब वोलकॉन एस का लुक आपको अपना दीवाना बना सकता है। कावासाकी ने बाइक को सिंगल मैटेलिक मैट कार्बन ग्रे कलर में बाजार में उतारा है। दमदार लुक और 649 सीसी का पावरफुल इंजन बाइक राइडिंग के रोमांच को एक अलग लेवल तक ले जा सकता है। बाइक में आपको 6 स्पीड गियरबॉक्स ऑप्शन मिलेगा।

कंपनी ने बाइक की कीमत 7 लाख 10 हजार रुपये (एक्स-शोरूम) तय की है। कंपनी ने बाइक में 14-लीटर का स्लोपिंग फ्यूल टैंक दिया है। कंपनी ने चालक की सैफ्टी का भी पूरा ध्यान रखा है। वोलकॉन एस की सड़कों पर बेहतर हैंडलिंग के लिए डुअल चैनल एबीएस (स्टैंडर्ड) के साथ दोनों पहियों पर डिस्क ब्रेक दिया गया है। 2023 वोलकॉन एस के फ्रंट में 41 एमएम टेलिस्कोपिक फोर्क्स दिए गए हैं।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और जियो ने कॉरपोरेट इतिहास में सबसे बड़ा कर्ज जुटाया

**विभिन्न बैंकों से पांच अरब डॉलर जुटाए**

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसकी दूरसंचार इकाई जियो इंफोकॉम ने विदेशी मुद्रा ऋण के रूप में विभिन्न बैंकों के समूह से दो बार में कुल पांच अरब डॉलर जुटाए हैं, जो भारत के कॉरपोरेट इतिहास में सबसे बड़ा सिंडिकेट कर्ज (बैंकों/वित्तीय संस्थानों के समूह से लिया गया ऋण) है। सूत्रों ने बताया कि पिछले सप्ताह रिलायंस ने 55 बैंकों से तीन अरब डॉलर जुटाए थे, वहीं जियो इंफोकॉम ने 18 बैंकों से अतिरिक्त दो अरब डॉलर का कर्ज लिया है। उन्होंने बताया कि तीन अरब डॉलर का कर्ज 31 मार्च तक लिया जा चुका था जबकि दो अरब डॉलर इसी हफ्ते मंगलवार को जुटाए गए हैं।

जियो इस कोष का इस्तेमाल पूंजीगत व्यय के लिए करेगी और जियो देशभर में 5जी नेटवर्क शुरू करने पर यह राशि खर्च करेगी। सूत्रों ने बताया कि प्राथमिक रूप से तीन अरब डॉलर का ऋण 55 ऋणदाताओं से जुटाया गया, जिसमें ताइवान के करीब दो दर्जन बैंकों के अलावा बैंक ऑफ अमेरिका, एचएसबीसी, एमयूएफजी, सिटी, एसएमबीसी, मिझुहो तथा क्रेडिट एग्रिकोल जैसे वैश्विक बैंक शामिल हैं। प्राथमिक कर्ज को मिली बढ़िया प्रतिक्रिया के बाद दो अरब डॉलर का अतिरिक्त कर्ज लेने का फैसला हुआ। इसके बाद, दो अरब डॉलर का नया कर्ज भी 55 कर्जदाताओं से समान शर्तों पर लिया गया।

# रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपया बढ़त के साथ 82 पर बंद हुआ। इससे पहले सुबह रुपया 82.08 पर खुला। विदेशी पूंजी निवेश के साथ ही मेरिकी डॉलर में आई गिरावट से भी रुपये को बल मिला है। इससे रुपया शुरुआती कारोबार में ही 24 पैसे बढ़कर 82.08 पैसे प्रति डॉलर पर पहुंच गया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 82.08 पर खुला। शुरुआती सौदों में यह 82.04 से 82.10 के दायरे में कारोबार करता दिखा। इससे पहले सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 11 पैसे टूटकर 82.32 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। जबकि मंगलवार को महावीर जयंती के अवसर पर बाजार बंद रहा! था। इसी बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 फीसदी टूटकर 101.56 पर पहुंच गया।

# उद्योगपति अनिल अंबानी को राहत

**मुंबई।** आयकर विभाग द्वारा काला धन अधिनियम के तहत उद्योगपति अनिल अंबानी को भेजे कारण बताओ नोटिस पर और जुर्माने की मांग पर अस्थायी रोक को बंबई उच्च न्यायालय ने अगला आदेश तक आगे बढ़ाया है। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और नीला गोखले की खंडपीठ ने नोटिस और जुर्माने को चुनौती देने वाली अंबानी की याचिका की अगली सुनवाई 28 अप्रैल को तय कर आयकर विभाग को जवाब दाखिल करने के लिए समय दे दिया है। उच्च न्यायालय ने सितंबर, 2022 में कारण बताओ नोटिस पर लंबित सुनवाई पर अंतरिम रोक लगा दी थी। इसी साल मार्च में अंबानी के वकील रफीक दादा ने अदालत को बताया कि विभाग ने बाद में उनके मुवक्किल को जुर्माने की मांग वाला नोटिस भी भेज दिया।

इसके बाद अदालत ने मांग वाले नोटिस पर भी अंतरिम रोक लगा दी।

बुधवार को सुनवाई शुरू होने के बाद आयकर विभाग की तरफ से पहुंचे अधिवक्ता अखिलेश्वर शर्मा ने संशोधित याचिका के जवाब में व्यापक हलफनामाह दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा था। शर्मा ने कहा, कुछ और प्रतिवादी जोड़ते और कुछ नए दस्तावेज संलग्न करते हुए याचिका को संशोधित किया गया है। विभाग व्यापक हलफनामा दाखिल करने के लिए समय की मांग करता है। अदालत ने 21 अप्रैल तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दे दिया है। याचिका को सुनवाई के लिए 28 अप्रैल को सूचीबद्ध किया गया है।

# एमएसएमई कंपनियां अपने हुनरमंद कर्मचारियों के दूसरी कंपनी से चले जाने से परेशान

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के कारण लागू राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के बाद छोटी एवं मंझोली प्रौद्योगिकी कंपनियां अपने कर्मचारियों द्वारा हुनर प्राप्त करने के बाद दूसरी फर्म में चले जाने की ऊंची दर (एट्रिशन रेट) की वजह से अब तक दिक्कत में हैं। एमएसएमई एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (एमएसएमई ईपीसी) द्वारा पूरे देश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी 700 इकाइयों को लेकर हुए एक ताजा सर्वेक्षण में जानकारी सामने आई है। सर्वेक्षण के मुताबिक, लॉकडाउन के बाद लघु और मध्यम क्षेत्र की प्रौद्योगिकी कंपनियों में हुनरमंद कर्मचारियों के ज्यादा वेतन के लिए कंपनी छोड़कर जाने की दर यानी एट्रिशन रेट सबसे ज्यादा 35 प्रतिशत देखा जा रहा है। इसके बाद सेवा क्षेत्र में यह दर 27 प्रतिशत है।

> कर्मचारी काम सीखने से ज्यादा वेतन को प्राथमिकता दे रहे

इसकारण इन क्षेत्रों में कोरोना महामारी के बाद सामान्य स्थिति में लौटने की उम्मीदों को झटका लगा है। एमएसएमई-ईपीसी के अध्यक्ष डी एस रावत ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र की प्रौद्योगिकी कंपनियों में बड़ी संख्या में कर्मचारी काम सीखने के बाद ज्यादा वेतन के लालच में दूसरी कंपनियों में जा रहे हैं। इससे ये कंपनियां लॉकडाउन के झटके से अबतक उबर नहीं पा रही हैं। प्रौद्योगिकी क्षेत्र से जुडी कंपनियां अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिये बड़े पैमाने पर संसाधन और समय खर्च करती हैं लेकिन कर्मचारी प्रशिक्षण लेने के बाद अधिक वेतन के लिए दूसरी जगह चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि ऊंची एट्रिशन दर को बढ़ने से रोकने के लिये सरकारी और निजी क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा संख्या में क्षमता निर्माण केंद्र खोले जाने की जरूरत है। इससे कार्यकुशल श्रमशक्ति बढ़ेगी, जिसकी वजह से ये एक कंपनी छोड़कर दूसरी फर्म में जाने का सिलसिला भी कम होगा। रावत ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में एट्रिशन की दर कुछ कम है मगर प्रौद्योगिकी क्षेत्र से जुड़ी कंपनियां अपने कर्मचारियों को रोकने के लिये अब भी संघर्ष कर रही हैं।

इसके अलावा विनिर्माण क्षेत्र में एट्रिशन दर 20 प्रतिशत, सेवा क्षेत्र खासकर वित्तीय क्षेत्र में 27 प्रतिशत, ई-कॉमर्स क्षेत्र में 26 प्रतिशत और फार्मा क्षेत्र में 25 प्रतिशत है।

# सुजलॉन एनर्जी के सीईओ बने जे पी चलसानी

**मुंबई।** ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी सुजलॉन एनर्जी के निदेशक मंडल ने जे पी चलसानी को कंपनी का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बनाया है। वह अश्विनी कुमार का स्थान लेने वाले हैं। कंपनी ने कहा कि कुमार ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देकर सीईओ के पद से इस्तीफा दे दिया है, जो पांच अप्रैल, 2023 से प्रभाव में आएगा।

इसमें कहा गया कि निदेशक मंडल ने चार अप्रैल को हुई बैठक में, अन्य बातों के साथ-साथ तत्काल प्रभाव यानी पांच अप्रैल 2023 से सीईओ के रूप में चलसानी की नियुक्ति की मंजूरी दे दी है। चलसानी अप्रैल, 2016 से जुलाई, 2020 तक सुजलॉन के समूह सीईओ पद पर रहे। इसके बाद वह सुजलॉन समूह के साथ रणनीतिक सलाहकार के रूप में बने रहे। चलसानी को बिजली क्षेत्र से संबंधित सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में 40 से अधिक वर्षों का अनुभव है।

# स्टैंड-अप इंडिया योजना को 2025 तक के लिए बढ़ाया गया

नई दिल्ली। स्टैंड-अप इंडिया योजना को वर्ष 2025 तक के लिए बढ़ाया गया है। इस योजना की शुरुआत 5 अप्रैल 2016 को आर्थिक सशक्तिकरण और रोजगार सृजन पर ध्यान केन्द्रित कर जमीनी स्तर पर उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। ऊर्जावान, उत्साही एवं महत्वाकांक्षी अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग और महिला उद्यमियों को अपने सपनों को साकार करने में पेश आने वाली विभिन्न चुनौतियों के तथ्य को स्वीकार करते हुए, स्टैंड-अप इंडिया का शुभारंभ महिलाओं और अनुसूचित जाति (एससी) व अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लोगों के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और उन्हें विनिर्माण, सेवा या व्यापार क्षेत्र एवं कृषि से जुड़ी गतिविधियों से संबंधित एक ग्रीनफील्ड उद्यम शुरू करने में मदद देने के लिए किया गया था।

केन्द्रीय वित्त और कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमन ने कहा, यह मेरे लिए बेहद गर्व और संतोष की बात है कि 1.8 लाख से अधिक महिलाओं तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए 40,600 करोड़ रुपये से अधिक राशि के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। एसयूपीआई योजना की सातवीं वर्षगांठ के मौके पर, सीतारमण ने कहा, योजना ने एक ऐसा इकोसिस्टम बनाया है, जिसने सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की शाखाओं से मिलने वाले ऋण के जरिए ग्रीनफील्ड उद्यम स्थापित करने में एक सहायक वातावरण के निर्माण को सुविधाजनक बनाकर उस जारी रखा है। स्टैंड-अप इंडिया योजना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हुई है।

सीतारामन ने कहा कि स्टैंड-अप इंडिया योजना ने सुविधाओं से वंचित/कम सुविधा प्राप्त उद्यमियों के लिए परेशानी मुक्त किफायती ऋण सुनिश्चित करके कई लोगों के जीवन को संवारा है।

वित्त मंत्री ने कहा कि योजना ने उभरते उद्यमियों की उद्यमशीलता संबंधी उड़ान में पंख दिए हैं और ये उभरते उद्यमी रोजगार के सृजनकर्ता बनकर आर्थिक विकास को गति देने और एक मजबूत इकोसिस्टम के निर्माण में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। स्टैंड-अप इंडिया योजना की सातवीं वर्षगांठ के अवसर पर, केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री भागवत किशनराव कराड़ ने कहा, स्टैंड-अप इंडिया योजना वित्तीय समावेशन के राष्ट्रीय मिशन के तीसरे स्तंभ पर आधारित है, जिसका नाम है, वित्त पोषण से वंचित लोगों का वित्त पोषण (फंडिंग द अनफंडेड)। इस योजना ने अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की शाखाओं से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों के लिए निर्बाध ऋण प्रवाह की उपलब्धता सुनिश्चित की है।

# लार्सन एंड टूब्रो को 7,000 करोड़ रुपये से अधिक का ठेका मिला

**मुंबई।** निर्माण क्षेत्र की कंपनी लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) ने बताया कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में कंपनी को 7,000 करोड़ रुपये से अधिक का ठेका मिला है। कंपनी ने कहा कि जो ठेके मिले हैं उसमें विभिन्न नई अपतटीय सुविधाओं के लिए इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण और स्थापना के साथ-साथ मौजूदा प्रतिष्ठानों के साथ एकीकरण शामिल है। इसमें बताया गया कि कंपनी को पश्चिम एशिया के एक प्रतिष्ठित ग्राहक से हाइड्रोकार्बन कारोबार के लिए बड़े ठेके मिले हैं। एलएंडटी में पूर्णकालिक निदेशक एवं वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष सुब्रमण्यम सरमा ने कहा, इन ठेकों का फिर से मिलना ग्राहक की संतुष्टि दिखाता है।

# रोजमर्रा की चीजों में उछाल, दाल आटा के बाद जीरा, लाल मिर्च, लौंग, सूखे मेवे हुए महंगे

नई दिल्ली। रोजमर्रा की चीजों में दिनोंदिन बढ़ोतरी हो रही है। देश में दाल की बढ़ती कीमतों के बीच लाल मिर्च, जीरा, लौंग और सूखे मेवों के दामों में तेजी आ गई है। पाकिस्तान में महंगाई की मार का असर भारत के मसाला और सूखे मेवों के बाजारों पर पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों से सूखे मेवों और मसाला के भाव देश के कई हिस्सों में आसमान छू रहे हैं। दिल्ली के खारी बावली बाजार में अफगानिस्तान, अमेरिका सहित कई देशों के ड्राई फ्रूट्स के साथ-साथ मसाला भी महंगे हो गए हैं। पहले इस बाजार में ड्राई फ्रूट्स और मसाला सस्ती दरों पर मिल जाया करते थे, लेकिन पाकिस्तान संकट और बारिश की मार का असर इस बाजार पर भी होने लगा है। पिछले कुछ दिनों से खारी बावली बाजार में मसाला के दाम आसमान छूने लगे हैं। इस बाजार में जीरा के भाव में सबसे ज्यादा तेजी आई है। जीरा अब तक के सबसे अधिक मूल्य पर बिक रहा है।

खारी बावली के दुकानदारों का कहना है कि बारिश की वजह से जीरे की पैदावार पर असर पड़ा है। साथ ही जीरा भारत से बाहर भी कई देशों में भेजा जाता है।

खारी बावली से मसाला और सूखे मेवा खरीद कर दिल्ली के अन्य इलाकों में बेचने वाले कारोबारी नरेश कुमार कहते हैं, खाखारी बावली में जीरे की कीमतों में इतना उछाल पहले कभी नहीं देखा। पिछले साल भी जीरा इस सीजन में 400 रुपये प्रति किलो तक मिल जाया करता था, लेकिन अभी 850 से 900 रुपये प्रति किलो थोक में ही मिल रहा है। इसी तरह सूखी मिर्च पिछले साल 300 रुपये प्रति किलो तक थोक में मिला करता था, लेकिन यहां के दुकानदार इस बार 500 रुपये से कम में देने को तैयार नहीं है। आपको बता दें कि खारी बावली दालों, मसाला और सूखे मेवों की सबसे बड़ी मंडी है। यहां एक लाइन में हजारों ड्राई फ्रूट्स और मसालों के दुकान हैं।

# रिलायंस जियो ने दो अरब डॉलर का कर्ज जुटाया

मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और इसकी इकाई रिलायंस जियो इन्फोकॉम ने विदेशी मुद्रा में दो अरब डॉलर का कर्ज जुटाया है। सूत्रों ने कहा कि ये कर्ज सर्वाधिक प्रतिस्पर्धी दरों पर विदेशी मुद्रा सुविधा के तहत जुटाया गया है। आरआईएल ने इससे पहले देश के सबसे बड़े सिंडिकेट ऋण के तहत तीन अरब डॉलर जुटाने के लिए समझौता किया था। यह वित्तपोषण 31 मार्च को पूरा हुआ था और इसके बाद दो अरब डॉलर जुटाए गए हैं। इस सौदे से जुड़े बैंकिंग सूत्रों ने कहा कि यह पिछले पांच वर्षों में किसी भारतीय कॉरपोरेट द्वारा जुटाया गया सबसे बड़ा सिंडिकेट सावधि ऋण है। इस सिंडिकेट में 55 ऋणदाता शामिल हैं। इनमें लगभग दो दर्जन ताइवानी बैंकों के साथ ही बैंक ऑफ अमेरिका, एचएसबीसी, एमयूएफजी, सिटी, एसएमबीसी, मिझुहो और क्रेडिट एग्रिकोल जैसे वैश्विक दिग्गजों शामिल हैं।

# निवेशकों को पैसा कमाने का मौका दे रहा आरबीआई

नई दिल्ली। अगर आप एक निवेशक है, तब आपके लिए एक सुनहरा मौका आने वाला है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 6 अप्रैल को एक नए पांच वर्षीय सरकारी बॉन्ड की नीलामी करने जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य फंड इकट्ठा करना है। इसलिए, अगर एक सुरक्षित निवेश की योजना बना रहे हैं, तब ये बॉन्ड में निवेश एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

आरबीआई द्वारा जारी बॉन्ड 2028 में मैच्योर होने वाले हैं, जिसके जरिए आरबीआई 8,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। इसके अलावा, 2033 और 2052 में मैच्योर होने वाले बॉन्ड को भी बाद के समय में लाया जाना है और तीनों बॉन्ड की नीलामी करके आरबीआई कुल 33,000 करोड़ रुपये जुटाने का इरादा रखती है। साथ ही, भारत सरकार के पास प्रत्येक सुरक्षा के लिए 2,000 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त सदस्यता बनने का विकल्प होगा।

पांच वर्षीय सरकारी बॉन्ड के अलावा, मोदी सरकार ने हाल ही में इलेक्टोरल बॉन्ड की 26वीं खेप जारी करने की मंजूरी भी दे दी है। 3 अप्रैल से इसकी बिक्री शुरू कर दी गई है और राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले नकद चंदे के विकल्प के रूप में इलेक्टोरल बॉन्ड पेश किया गया। बिक्री के 26वें चरण में 3 से 12 अप्रैल तक 29 अधिकृत शाखाओं के माध्यम से इलेक्टोरल बॉन्ड जारी करने और भुनाने के लिए अधिकृत किया गया है।

बता दें कि इलेक्टोरल बॉन्ड का आखिरी चरण 19 से 28 जनवरी, 2023 के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था और बॉन्ड जारी होने की तारीख से 15 दिनों के लिए वैध होगा। इसके बाद जम होने वाले बॉन्ड पर किसी भी राजनीतिक दल को कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

# सोने, चांदी में भारी उछाल

नई दिल्ली। घरेलू बाजार में बुधवार को सोने-चांदी की कीमतों में तेजी रही। सोने की कीमतें 61,000 रुपए के स्तर के ऊपर पहुंच गयीं। यह अब तक की सबसे ज्यादा कीमत है। इसके अलावा चांदी के दाम भी 75000 रुपए के ऊपर पहुंच गये। कमोडिटी एक्सचेंज मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर आज सोने और चांदी दोनों ही लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। सोना 61108 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। यह 61113 रुपए के शीर्ष स्तर पर रहा है जबकि यह 60958 रुपए के निचले स्तर पर पहुंचा। सोने में कारोबार की शुरुआत 61024 रुपए पर हुई थी। सोने के ये दाम इसके जून वायदा के लिए हैं।

दूसरी ओर एमसीएक्स पर चांदी की कीमतें 400 रुपए से ज्यादा ऊपर आकर कामकाज कर रही है। चांदी के दाम 412 रुपए करीब 0.55 फीसदी की बढ़त के साथ 75030 रुपए प्रति किलो पर है। ये उच्च स्तर पर 75175 रुपए प्रति किलो और निचले स्तर पर 74905 रुपए पर है। चांदी के ये दाम इसके मई वायदा के लिए हैं।

# ऑनलाइन ऑर्डर पर घटिया सामान मिला तो करें 1915 पर शिकायत

नई दिल्ली। आजकल ऑनलाइन ऑर्डर पर माल मंगवाना आम बात हो गई, लेकिन खराब माल की डिलेवरी होती है तो अब उपभोक्ताओं को निराश होने की आवश्यता नहीं, उन्हें 1915 नंबर पर कॉल करने की आवश्यकता है। रोजमर्रा की लाइफ में सभी लोग कुछ न कुछ सामान ऑनलाइन या ऑफलाइन खरीदते हैं। कई बार खरीदारी करते समय दुकानदार कुछ ऐसे प्रोडक्ट ग्राहक को बेच देते हैं, जो या तो घटिया क्वालिटी के होते हैं या उनकी एक्सपायरी डेट खत्म हो चुकी होती है। इन सामनों को जब वापस करने जाओ तो कंपनी उस प्रोडक्ट को वापस लेने से भी मना कर देती है। लेकिन उपभोक्ता के पास उनके अधिकार हैं। जिससे कंपनी इन डिफेक्टिव प्रोडक्ट्स को वापस लेने या बदलने से मना नहीं कर सकती है। सरकार ने उपभोक्ताओं को समस्याओं के निवारण के लिए कई अधिकार दिए हैं। उपभोक्ताओं को जागरूक और धोखाधड़ी से निपटने के लिए नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन पोर्टल की भी शुरुआत की गई थी। अगर आपको भी ऐसा लगता है आपके साथ कोई सामान खरीदते समय किसी ने धोखाधड़ी या फर्जीवाड़ा करने की कोशिश की है, तो आप शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उनसे हजानां मांगने के साथ घटिया प्रोडक्ट की जगह नया उत्पाद भी ले सकते हैं। उपभोक्ता मामलों के विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ग्राहकों को हेल्पलाइन नंबर 1915 मुहैया कराता है। इस राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के जरिये कोई भी शिकायत सुबह 8 बजे से रात 8 बजे के बीच दर्ज करा सकते हैं।

इसके लिए नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन यानी एनसीएच का ऐप भी है, जिससे शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उमंग मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से भी उपभोक्ता अपनी कंप्लेन रजिस्टर करा सकते हैं। आप चाहें तो 8800001915 पर एसएमएस करके भी अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। इसके अलावा कंज्यूमर अफेयर मिनिस्ट्री झाजागो ग्राहक जागोझ नाम से एक ट्विटर अकाउंट भी चलाता है। इसके जरिये भी आप अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# ये देसी कारें, सेफ्टी के मामले में विदेशी कंपनियों से आगे

नई दिल्ली। 2014 में ग्लोबल एनसीएपी ने सुरक्षा मूल्यांकन में कई भारतीय वाहन लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। भारतीय कारों का आकलन शुरू करने के बाद, वाहनों में सुरक्षा पर अधिक ध्यान दिया गया है। हम आपको इस क्रैश टेस्ट में टॉप सेफ्टी रेटिंग वाली टॉप 5 सबसे सुरक्षित एसयूवी कारों के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

टाटा पंच इस लिस्ट में सबसे सेफ कारों में से एक है इसे अडल्ट सेफ्टी में संभावित 17 (5 स्टार) में से 16.45 अंक मिले।एसयूवी को चाइल्ड सेफ्टी के लिए 4-स्टार रेटिंग मिली।इसके लिए कार को 49 में से 40.89 अंक मिले। महिन्द्रा एक्सयूवी300 एक आकर्षक सब्कॉम्पैक्ट उपस्थिति वाली एक कॉम्पैक्ट एसयूवी है जो चिकना और सुरुचिपूर्ण है।2019 में लॉन्च होने के बाद से 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग के साथ, एक्सयूवी300 भारत में सबसे सुरक्षित वाहनों में से एक है।यह एक बंधनेवाला स्टीयरिंग कॉलम, कॉर्नर ब्रेक, 7 एयरबैग, एबीएस और ईबीडी से सुसज्जित है।इसके अलावा, एक्सयूवी300 में ईएसपी डब्ल्यू6 मॉडल से शुरू होकर उपलब्ध है।एक्सयूवी300 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग के साथ भारत की सबसे सुरक्षित कारों में से एक है।इसने बाल रहने वालों के लिए 4-स्टार रेटिंग प्राप्त की। ग्लोबल एनसीएपी से बहुप्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग प्राप्त करने वाली भारत में निर्मित पहली कार टाटा नेक्सान थी। एजेंसी ने नेक्सान का क्रैश टेस्ट किया और इस एसयूवी को वयस्क रहने वालों के लिए श्रेणी में अधिकतम 17 में से 16.06 अंक प्राप्त करने के बाद 5-स्टार रेटिंग प्राप्त हुई।साथ ही, टाटा नेक्सान को चाइल्ड ऑक्युपेंट कैटेगरी के लिए संभावित 49 में से 25 की रेटिंग मिली है।अल्ट्रोज की तरह ही नेक्सान को भी चाइल्ड ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन के लिए केवल तीन स्टार (25/49) मिले थे। मारुति सुजुकी ब्रेजा भारत में सबसे सुरक्षित मारुति कारों में से एक है।2018 के ग्लोबल एनसीएपी परीक्षण में, इसने 12.51 के स्कोर के साथ वयस्क सुरक्षा के लिए 4-स्टार रेटिंग हासिल की।

यह नोट किया गया कि चालक और यात्री को प्रदान की जाने वाली सिर और गर्दन की सुरक्षा अच्छी थी, और ब्रेज्जा के बॉडीशेल का मूल्यांकन स्थिर और अतिरिक्त भार का सामना करने में सक्षम के रूप में किया गया था।ऑफ-रोड कारों की बात करें तो इस मामले में भारत की पसंदीदा महिंद्रा थार है।महिंद्रा थार को संभावित 17 अंकों में से 12.52 के साथ जीएनसीएपी से 4-स्टार रेटिंग प्राप्त हुई।परीक्षण से पता चला कि थार ने चालक और यात्री दोनों के लिए पर्याप्त छाती की सुरक्षा प्रदान की।

# गोल्ड की तरह म्यूचुअल फंड भी गिरवी रखने की हुई शुरूआत

नई दिल्ली। अब लोन लेने के ?लिए गोल्ड की तरह म्यूचुअल फंड को भी गिरवी रखने की शुरुआत हो गई है। देश की अग्रणी इंवेस्टमेंट सर्विसेज कंपनियों में से एक जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज की सहायक कंपनी और एनबीएफसी जियोजित क्रेडिट्स ने म्यूचुअल फंड के बदले लोन की शुरुआत करने का ऐलान किया है। निवेशक पूरी तरह से डिजिटल तरीके से काफी कम समय में बिना किसी परेशानी के 10 हजार रुपये से ज्यादा की रकम का लोन ले सकते हैं। लोन अगेंस्ट म्यूचुअल फंड्स का जरिए निवेशक अपने म्यूचुअल फंड निवेश को गिरवी रखकर कुछ समय की अपनी लिक्विडिटी से जुड़ी जरूरत पूरी करने के लिए जियोजित ऑनलाइन क्रेडिट्स फैसिलिटी के जरिए तत्काल फंड जुटा सकते हैं।

निवेशक घर बैठे अपनी सुविधा के अनुसार म्यूचुअल फंड्स के बदले लोन ले सकते हैं और तत्काल डिस्बर्सल पा सकते हैं। म्यूचुअल फंड्स का स्वामित्व निवेशकों के पास ही रहेगा और वे उन पर रिटर्न प्राप्त करना जारी रखेंगे लेकिन लोन चुकाए बिना उन्हें रिडीम नहीं कर पाएंगे। निवेशक किसी भी समय लोन ले सकते हैं और लोन की राशि कुछ घंटों के भीतर उनके रजिस्टर्ड बैंक अकाउंट में क्रेडिट हो जाएगी।

इसमें निवेशक बिना किसी प्री-पेमेंट या फोरक्लोजर चार्ज के अपने लोन का भुगतान कर सकते हैं। निवेशक द्वारा खर्च की गई रकम पर लोन की अवधि का ही ब्याज लिया जाएगा। एलएएमएफ के लॉन्च के बारे में जियोजित क्रेडिट्स के बिजनेस हेड बेजॉय अंथ्रापर ने कहा ?कि थोड़े समय के लिए रुपयों की जरूरत बढ़ रही है क्योंकि मांग रफ्तार पकड़ रही है और डिजिटल ट्रांजैक्शन का विस्तार तेजी से हो रहा है। लोन अगेंस्ट म्यूचुअल फंड जैसे हमारे नए डिजिटल प्रोडक्ट से निवेशकों को बड़ी मदद मिलेगी।

# टैक्नो जल्द लांच करेगी शानदार फोल्डेबल फोन

**कम कीमत और चकाचक फीचर देख ग्राहक खुश**

नयी दिल्ली। बाजार में अब एक और कंपनी अपना नया फोल्डेबल फोन लाने के लिए तैयार है। टैक्नो अपने शानदार फोल्डेबल फोन टैक्नो फैंटम वी फोल्ड को लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। बताया जा रहा है कि ये सैमसंग के गैलेक्सी ज़ेड फोल्ड 4 और ओप्पो फाइंड एन2 फ्लीप जैसे फोन को कड़ी टक्कर दे सकता है.स्मार्टफोन को बार्सिलोना, स्पेन में आयोजित मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस के दौरान पेश किया गया था।कंपनी ने अब पुष्टि की है कि फोन भारत में आने के लिए तैयार है, और सबसे अच्छी बात यह है कि इसे भारत में ही बनाया जा रहा है।यानी कि ये मेड इन इंडिया फोन होगा।टेक्नो ने इस फोन को इसी महीने 11 अप्रैल को लॉन्च करने की प्लानिंग की जा रही है।कहा जा रहा है कि नए फोल्डेबल फोन में 7.65 इंच का बड़ा फोल्डेबल डिस्प्ले मिलेगा।साथ ही इसमें मीडियाटेक डाइमेंसिटी 9000+ एसओसी, और 5,000 एमएएच बैटरी जैसे फीचर्स मिलने की भी बात सामने आई है.फोन में 10एचडीआर-120एचडीआर का रिफ्रेश रेट वाला 6.42-इंच एफएचडी + एलटीपीओ आउटर अमोलेड डुअल डिस्प्ले मिलता है।इसकी मेन स्क्रीन अल्ट्रा-फ्लैट है और इसमें डुअल-हाई ब्राइटनेस और डुअल-हाई कलर है, जो एक इमर्सिव व्यूइंग एक्सपीरिएंस प्रदान करती है।इसके अलावा इसमें इसी रिफ्रेश रेट के साथ 7.65-इंच का 2के एलटीपीओ अमोलेड डिस्प्ले मिलता है।

टैक्नो फैंटम वी फोल्ड में ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप दिया जाएगा, जिसमें 50 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा, 13 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड-एंगल सेंसर और 50 मेगापिक्सल का 2 गुणा पोर्ट्रेट लेंस शामिल है।बाहरी स्क्रीन पर इसमें 32 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा है, और अंदर के डिस्प्ले पर इसमें 16 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा मिलता है।स्मार्टफोन मीडियाटेक डायमेंसिटी 9000+ चिपसेट से लैस होगा, जिसे 12जीबी तक रैम और 512जीबी की इंटरनल स्टोरेज के साथ पेश किया गया है। पावर के लिए फोन में 5,000 एमएएच की बैटरी दी जाएगी, जो कि 45डब्ल्यू तक फास्ट चार्जिंग के साथ आएगी।खास बात ये है कि आने वाले नए स्मार्टफोन की कीमत लिमिटेड ड्राम के लिए 77,777 रुपये होगी।

वहीं दूसरी तरफ सैमसंग के गैलेक्सी ज़ेड फोल्ड 4 की कीमत देखें तो ये करीब 1.5 लाख रुपये में आता है, और ओप्पो फाइंड एन2 फ्लीप की कीमत लगभग 90 हजार रुपये है।बता दें कि कंपनी ने शुरुआत में घोषणा की थी कि फोन की कीमत 12जीबी और 256जीबी वेरिएंट के लिए 89,999 रुपये होगी, जबकि 12जीबीऔर 512जीबी वेरिएंट के लिए 99,999 रुपये होगी। बता दें कि फोल्डेबल फोन भले ही हर कोई न खरीद पाता हो, लेकिन इसे लेकर हर तरफ चर्चा जरूर रहती है।ओप्पो और सैमसंग ऐसी कंपनियां है जो बाजार में मुड़ने वाले फोन की पेशकश करती हैं।

# शिक्षा के साथ-साथ संस्कार होना जरूरी

**स्कूल चलो अभियान**

### पूर्व विधायक ने हरी झंडी दिखाकर स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की


कार्यक्रम को सम्बोधित करते पूर्व विधायक दिनेश चौधरी

**मुफ्तीगंज।** प्राथमिक शिक्षा से ही बच्चों का भविष्य तय होता है। यह बच्चे बड़े होकर देश की दशा एवं दिशा तय करते है जिसकी राष्ट्र निर्माण में महती भूमिका होती है। उक्त बातें स्थानीय बाजार स्थित कम्पोजिट विद्यालय में पुस्तक वितरण एवं स्कूल चलो अभियान रैली में केराकत के पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि कही।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी केराकत नेहा मिश्रा ने अपने सम्बोधन में कहा कि बच्चों में सर्वांगीण विकास के साथ साथ उनके अभिभावकों को चाहिए कि बच्चे का जिस भी क्षेत्र में मन लगे उसी क्षेत्र में भेजने का प्रयास करना चाहिए। बच्चों में शिक्षा के साथ ही संस्कार भी होना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने बच्चों को पुस्तक वितरण के साथ ही स्कूल चलो अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली स्कूल से बाजार होते हुए ब्लॉक तक लगभग एक किलोमीटर का सफर तय करते हुए वापस विद्यालय परिसर में आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर खण्ड शिक्षाधिकारी नीरज श्रीवास्तव ने आये हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर आभार जताया। कार्यक्रम में शिक्षक संघ के जिला मंत्री सतीश पाठक, महेंद्र गुप्ता, रामचन्द्र राय, रणजीत सिंह, हरिओम सहाय, प्रियंका राय, ममता गुप्ता, कविता, रमेश सिंह, अनिल सिंह आदि ब्लॉक के शिक्षकगण एवं अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष राम दुलार यादव ने किया।

# डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव को शिक्षा भूषण सम्मान

जनसंदेश न्यूज



शिक्षा भूषण सम्मान प्राप्त करती डा. जाह्नवी

**जौनपुर।** हिन्दी केंद्रीय विभाग, त्रिभुवन विश्वविद्यालय कीर्तिपुर काठमाण्डू, शिक्षक, शिक्षा विभाग, राम सुहाग तिलक कॉलेज ऑफ एजुकेशन जहानाबाद, बिहार तथा हिमालिनी कृष्ण चंद्र मिश्र पब्लिकेशन काठमांडू के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन तीन और चार अप्रैल को किया गया। कार्यक्रम त्रिभुवन विश्वविद्यालय सिनास भवन के जनक सभागार में सम्पन्न हुआ।

संगोष्ठी का विषय वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा, साहित्य, संस्कृति और समाज की भूमिका थी। इस संगोष्ठी में प्रतिभाग करने से वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय व्यावहारिक मनोविज्ञान की सहायक प्रोफेसर डॉक्टर जाह्नवी श्रीवास्तव को शिक्षा भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्होंने वैश्विक परिदृश्य संस्कृति और समाज की भूमिका को विस्तार से समझाया और बताया कि भारत की संस्कृति के अनुरूप किस तरह से समाज को संगठित किया गया। उन्होंने भारतीय संस्कृति के आधार पर समाज की संरचना की व्याख्या की और कहा कि सैकड़ों वर्षों तक आक्रांताओं के रहने के बाद भी भारतीय समाज नहीं टूटा इसके मूल में भारतीय संस्कृति ही थी। डॉक्टर जाह्नवी श्रीवास्तव के शिक्षा भूषण सम्मान से सम्मानित होने पर विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. राजकुमार, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉ. रसिकेश, डॉ. मनोज पांडेय, डॉ. अनु त्यागी, डॉ. मंगला प्रसाद, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिव्येंदु मिश्र आदि ने बधाई दी है।


## संक्षेप

### भक्त प्रहलाद की कथा सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रोता



**शाहगंज।** नगर के नयी आबादी मोहल्ला स्थित महादेव मंदिर के सामने अहाते में संगीतमयी श्रीराम कथा का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील अग्रहरि टप्पू ने किया। संगीतमयी श्री राम कथा के द्वितीय दिवस में राम कथा वाचक व्यास अखिलेश मिश्र द्वारा भक्तों को प्रहलाद का वर्णन करते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान जय श्री राम के नारों से पूरा कथा पण्डाल गुंजायमान हो उठा। इसके पश्चात मौके पर मौजूद मातृ शक्ति ने आरती कर कथा का समापन किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से राकेश पत्रकार, अशर्फी यादव, सियाराम अग्रहरि, अमित त्रिपाठी, दिव्यांशु यादव, वीरेंद्र अग्रहरि, किशन अग्रहरि, चिंताहरण शर्मा, ज्ञानचंद अग्रहरि, अमित श्रीवास्तव, कुलदीप, कालीप्रसाद, राजेश कुमार, निखिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### हरिश्चंद्र अध्यक्ष, जयप्रकाश बने मंत्री



**सुइथाकला।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के निर्देश में बुधवार को स्थानीय ब्लाक इकाई की बैठक में जहां हरिश्चंद्र यादव अध्यक्ष तो वहीं जय प्रकाश मौर्य मंत्री बने। जिसे लेकर लोगों में हर्ष का माहौल था। बुधवार को खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन श्रीवास्तव की उपस्थिति में हरिश्चंद्र यादव को सर्वसम्मति से अध्यक्ष तो जय प्रकाश मौर्य को मंत्री चुन लिया गया। साथ ही सिम्मी सिंह उपाध्यक्ष तथा राजकुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। जिसे लेकर लोगों में हर्ष का माहौल था। बतौर मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी ने संगठन की शक्ति का पाठ पढ़ाते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। बैठक की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजेश सिंह ने की। बैठक में सचिव उगेश पाठक, जितेंद्र शाह, राम कृष्ण पाल समेत आदि लोग शामिल रहे।

### एबीएसए ने मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालकों के साथ की बैठक

**सुजानगंज।** खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पांडेय ने बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालकों के साथ बैठक की। यूडायस प्लस फीडिंग में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि सभी विद्यालय संचालक इस कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करें कार्य अति महत्वपूर्ण है गंभीरता से लें। फीडिंग के दौरान समस्या आने पर बीआरसी से संपर्क करें। वित्तविहीन प्रबंधक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मंगला प्रसाद गिरि ने खंड शिक्षा अधिकारी को बताया की यूडायस प्लस फीडिंग के दौरान कुछ बच्चों का नाम परिषदीय विद्यालयों में शो कर रहा है, जबकि वह बच्चा किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में पढ़ रहा हैं। जब तक परिषदीय विद्यालयों से उनका नाम नहीं डिलीट होगा, तब तक उस बच्चे की फीडिंग उस विद्यालय में नहीं हो पायेगी। इस प्रकार की समस्याओं का निस्तारण होना अति आवश्यक है। जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद पांडेय ने आश्वस्त करते हुए बताया कि जो बच्चा जहां पर पढ़ रहा है, उनका यूडायस प्लस फीडिंग वहीं पर होगा। इस अवसर पर क्षेत्र के मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालक मौजूद रहे।

### मंगल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**गोपीगंज।** नगर के पश्चिम मोहाल स्थित एक लान में नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ मंगल कलश शोभायात्रा के साथ किया गया। कलश शोभायात्रा कथा स्थल से धूमधाम के साथ निकली गई। शोभायात्रा मे शामिल नर नारी कलश के साथ पूरे नगर पश्चिम मोहाल, अंजही मोहाल, खरहट्टी मोहाल, मिजार्पुर रोड, कबूतर नाथ मंदिर, जी टी रोड का भ्रमण किया। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सायं चार बजे से रात आठ बजे तक कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा के पूर्व कृष्ण मुरारी बरनवाल, गोविंद मुरारी बरनवाल, मोहन मुरारी बरनवाल, दिनेश अग्रहरि एकल विद्यालय के ज्योति नारायण के सहयोग से भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल महिलाओं भक्ति भाव के बीच सर पर कलश लेकर नगर के खड़हट्टी, अंजही, पश्चिम मुहाल, सदर मुहाल होते हुए कथा स्थल पर पहुची जहाँ विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया।

### मोहल्ला कसाई टोला स्थित मस्जिद में तरावीह हुई मुकम्मल, हाफिज की मिली मुबारकबाद



**भदोही।** माहे रमजान कि 13वी शब को मोहल्ला कसाई टोला स्थित मस्जिद में हाफिज हाफिज मो. अबू लैस ने तरावीह मुकम्मल कि। तरावीह मुकम्मल होते ही मुक्तदियों ने हाफिज मो. अबू लैस को फूल माला पहनाते हुए गले मिल कर मुबारकबाद दी। इस मौके पर हर मुक्तदियों को जहां तबरुर्कात से नवाजा गया। वहीं तरावीह मुकम्मल होने के बाद मौलाना फैसल हुसैन अशरफी ने रमजान की फजीलत पर तकरीर किया। उन्होंने मस्जिद में खेताब करते हुए कहा कि कम उम्र में हाफिजे कुरआन होना अल्लाह कि सबसे बड़ी नेअमत है। कहा कि ये एक अच्छे और नेक माँ-बाप के परवरिश का नतीजा है कि जिसके आँगन में मजहबे इस्लाम का फूल खिल कर आज अल्लाह के मुकद्दस किताब कुरआन से दुनिया को महकाता हुआ नजर आ रहा है। कहा कि जिनके बच्चे हाफिजे कुरआन होते है वे दुनिया में भी सुरखुरु होते है और उनकी आखेरत भी संवर जाती है। मौलाना ने तकरीर करते हुए कहा कि ये तरावीह पूरा कुरान सुनने की मुकम्मल हुई है। तरावीह की नमाज पूरे रमजान माह में अदा करनी है। मस्जिद खाली नहीं रहनी चाहिए जैसे आज भरी-भरी दिखाई दे रही है ऐसे ही पूरे माह भरी रहनी चाहिए। उन्होंने मस्जिद की तामीर में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए नसीहत की। इस दौरान तरावीह की नमाज मुकम्मल होने पर फूल माला पहना कर इस्तकबाल करने वालों में शकील कुरैशी, याकूब कुरैशी, वकील कुरैसी, मुमताज कुरैशी, आरजू आलम, अंसार कुरैशी, हबीबुल्लाह, अनीस अहमद, मो इकराम, पप्पू कुरैशी, नीलू कुरैशी आदि रहे।

# परिषदीय विद्यालयों में नामांकन अभियान का हुआ शुभारंभ

जनसंदेश न्यूज



**सुजानगंज।** क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय मतरी में आयोजित नामांकन रैली को सम्बोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने परिषदीय विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन के लिए अभिप्रेरित किया।

प्राथमिक विद्यालय मिश्रमऊ में संचारी रोग नियंत्रण तथा स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डेय, एआरपी शिक्षक संकुल एवं शिक्षकों द्वारा विभिन्न मजरों में नामांकन हेतु व्यापक जन सम्पर्क किया गया। ईंट भट्ठों पर कार्यरत श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के अनुक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने स्वयं बच्चों का नामांकन तथा माल्यार्पण किया और उनके माता पिता को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, मिष्ठान व टाफी प्रदान की। इस अवसर पर डा. विनोद कुमार, अतुल सिंह, विवेक सिंह, ग्राम प्रधान रियासत, प्रधानाध्यापक कौसेन राम, अवध पाल, अजय सिंह, प्रभाकर शुक्ल, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, प्रमोद सिंह, चन्द्रमणि अरविंद पाल, राजीव मणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश चौरसिया, राजेश जायसवाल, दिनेश प्रताप सिंह समेत अनेक शिक्षकों ने प्रत्येक परिवार तक पहुँच को सुनिश्चित करते हुए एक भी बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं रहने देने के संकल्प को दुहराया।

# अवकाश को निरस्त कर महापुरुषों को अपमानित किया गया : अवधनाथ पाल

**जयंती**

### सपा कार्यालय पर मनायी गयी महर्षि कश्यप व महाराजा निषादराज की जयंती


महर्षि कश्यप व महाराजा निषादराज की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते सपाजन

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सृष्टि निर्माता महर्षि कश्यप व श्रृंगवेरपुर राजा महाराजा निषादराज की जयंती जिलाध्यक्ष डा. अवधनाथ पाल की अध्यक्षता में मनाई गई।

इस अवसर पर डॉ. पाल ने कहाकि महर्षि कश्यप का अखण्ड तप, अलौकिक ज्ञान, धर्मनिष्ठा, परोपकारिता, अद्भुत तेज आदि समस्त लोकों में गुंजायमान था व बाल सखा श्रृंगवेरपुर राजा महाराजा ने प्रभु श्रीराम से मित्रता को युगों-युगों के लिए सार्थक किया। वहीं आज भाजपा सरकार ने इस देश में ऐसा राजा बनाया है जो अपने मित्र अडानी को मजबूत बनाने के लिए देश की प्रजा के हक अधिकार सरकारी संपत्ति को उन्हें बेचकर उनसे मित्रता निभाने का काम कर रहें हैं। ऐसे में समाजवादी लोगों की जिम्मेदारी है कि ऐसी मित्रता को जो देश को बेचकर निभाते हैं उस राजा को देश से हटाकर सही मित्रता वाले दोस्त को बैठाया जाये। डॉ. पाल ने कहा कि अखिलेश यादव ने ही महर्षि कश्यप व महाराजा निषादराज गुह्य जी के जयंती पर अवकाश घोषित किया था। भाजपा सरकार ने अवकाश को निरस्त कर महापुरुषों को अपमानित करने का काम किया। कार्यक्रम में चित्र के समक्ष जाति जनगणना कराने की मांग की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजनरायन बिन्द, लालबहादुर यादव, यशवता यादव, डा. जितेंद्र यादव, राजन यादव, श्याम बहादुर पाल, राजेन्द्र यादव, राहुल त्रिपाठी, राजकुमार बिन्द, पूनम मौर्या, महेन्द्र यादव, श्रवण जायसवाल, हीरालाल विश्कर्मा, दीपचंद राम, रुक्सार अहमद, सैयद मोहम्मद आरिफ, अनवारुल हक आदि उपस्थित रहे।

### नेत्र परीक्षण अधिकारी के निधन पर शोक सभा

**सुइथाकला।** संविदा पर तैनात नेत्र परीक्षण अधिकारी रविशंकर सिंह के असामयिक निधन पर बुधवार को स्थानीय सीएचसी पर शोक सभा का आयोजन किया गया। अधीक्षक डाक्टर एसपी यादव की अध्यक्षता में सभी ने श्री सिंह के निधन पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान डाक्टर विक्रांत गुप्ता, गंगा सागर चौरसिया, रितेश राय, घनश्याम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### नव निर्वाचित सदस्यों को सीएमओ ने दी शुभकामनाएं



**गोपीगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ भदोही के चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद पहुंचे चिकित्सकों का ढोल ताशा के साथ जोरदार स्वागत और माल्यार्पण किया गया। बुधवार को देर शाम ज्ञानपुर सीएमओ ऑफिस में प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ भदोही का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें गोपीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात अधीक्षक डॉ. आशुतोष पांडेय जहां निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुने गए वहीं सचिव पद का दायित्व डॉ. एस एस यादव को मिला, उपाध्यक्ष पद पर डॉ. मोहम्मद असलम अंसारी व डॉ. देवेश पांडे को चुना गया, वही कोषाधिकारी का दायित्व डॉक्टर विजय गौतम को मिला। कोषाधिकारी के पद के लिए दो दावेदार मैदान में रहे जिसमें डॉक्टर विजय गौतम 21 मत वहीं डॉ. शशांक श्रीवास्तव को 11 मत मिला। नव निर्वाचित सदस्यों को सीएमओ संतोष कुमार चक ने शुभकामनाएं दी। इस दौरान निर्वाचित सभी चिकित्सकों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कैंपस में पहुंचने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा जोरदार माल्यार्पण व स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान प्रमुख रूप से डॉ. समीर उपाध्याय, डॉ मोहम्मद अनीस, डॉ. आलोक पाण्डेय, नितेश, संतोष, विमल कुमार, आजाद विश्वकर्मा, गयादीन, ओम प्रकाश, राकेश विश्वकर्मा, सुमन पाण्डेय, सुशीला, अभय दुबे समेत स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज, सलाम दुआ में आई तेजी

**गोपीगंज।** नगर में निकाय चुनाव के लिए अध्यक्ष पद और वार्ड सदस्यों का आरक्षण आ चुका है। आरक्षण ने चुनावी सभी रास्ते लगभग साफ कर दिए हैं। निकाय चुनाव में आदर्श आचार संहिता लागू होने में अभी कुछ समय लग सकते हैं, लेकिन चुनावी तैयारियां और सरगर्मियां अभी से तेज हो गई हैं। संभावित प्रत्याशियों ने आरक्षण देखकर अभी से अपने अपने कागजात जुटाने में लग गए है। घर के बिजली पानी हाउस टैक्स का बिल भरने में लग गए हैं। जिसके बाद सरकारी विभागों से नोड्यूज प्राप्त कर रहे हैं। जिससे नामांकन के दौरान कोई परेशानी न हो और भागदौड़ से बच सकें। नगर में निकाय चुनाव जहां पर अपनी पसंद का आरक्षण नही आया है, कई निकायों में अध्यक्ष पद के समीकरण बिगड़ गए हैं तो अधिकांश में सदस्यों के समीकरण बिगड़े हैं। हालांकि वार्ड आरक्षण में कुछ ऐसे भी वार्ड है जो पिछले दो बार से महिला वार्ड रहे है, दुबारा फिर महिला हो जाने से परेशानी हो रही है। वोटबैंक को मजबूत करने के लिए संपर्क साधने लगे है, और आवासों पर जमघट लगनी शुरू हो गई है, अपनी अपनी रणनीती बनाने में लग गए है। वही अपने आदमियों के द्वारा दूसरे प्रत्यासियों की कमजोरी को देखकर उकसाने में लगकर उसकी छवि भी बिगाड़ने का प्रयास करते देखे गए है। अभी से चुनाव जीतने के लिए साम, दाम, दंड का प्रयोग कर चुनाव जीतने का प्रयास जारी है। इससे साफ है कि नगर की राजनीति से जुड़े लोग अपने सभी कामकाज छोड़कर अब निकाय चुनाव में जुट गए हैं। चाय पान की दुकानों पर चुनावी चचाएं तेज हो गई है। चुनाव टलने से जो दोवा सलाम बंद हो गया था दुबारा चालू हो गया है।

### ओबीटी कम्पनी को मिला उत्कृष्ट निर्यात के लिए प्रथम पुरस्कार



**गोपीगंज।** भदोही के कालीन निर्यातकों ने एक बार फिर राज्य निर्यात पुरस्कार प्राप्त कर जिले का गौरव बढाया है। इस बार भदोही की ओबीटी प्राइववेट लिमिटेड कम्पनी को यूपी में निर्यात के लिए प्रथम पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो उत्तर प्रदेश द्वारा वर्ष 2021-22 के उत्कृष्ट निर्यात के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है। 31 मार्च शुक्रवार को लखनऊ के लोक भवन ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कम्पनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेण्ट सुधीर कुमार राय को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# 9.86 लाख की बकाया वसूली के साथ 66 लोगों की बत्ती गुल

**कार्रवाई**

### बिजली चोरी रोकने व बकाया वसूली को लेकर बिजली विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

### विजलेंस के जांच अभियान से नगर में मचा रहा हड़कम्प

### विजलेंस ने पांच बकायदारों के विरुद्ध दर्ज की प्राथमिकी

जनसंदेश न्यूज


मशाल रोड पर जांच करते विजलेंस प्रभारी दीपक श्रीवास्तव व अवर अभियंता प्रमोद चौहान

**भदोही।** बिजली चोरी रोकने व बकाया वसूली को लेकर बिजली विभाग की ओर से अभियान चलाया गया है। विभाग द्वारा बुधवार को अलग अलग टीमों ने अलग अलग क्षेत्रों में जांच की। इस दौरान कुल 154 उपभोक्ताओं को चेक किया गया। 9.85 लाख की बकाया वसूली की गई। जबकि पैसा जमा करने में आनाकानी करने वाले 66 लोगों की बत्ती गुल कर दी गई। बिजली चोरी करते पकड़े गए पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। साथ ही कुछ उपभोगताओं का लोड भी बढ़ाया गया।

टाउन फीडर के अवर अभियंता प्रमोद चौहान के नेतृत्व में विजलेंस प्रभारी दीपक श्रीवस्तव व अवर अभियंताआ विजलेंस कुलदीप शर्मा की संयुक्त टीम द्वारा शहर के मशाल रोड, अजीमुल्ला चौराहा, पिपरिस आदि मोहल्ले में जांच की गई। विजलेंस व विद्युत विभाग के संयुक्त जांच में 23 बकायेदारों की लाइन काटा गया। साथ ही 4.45 लाख वसूली के गई। और विद्युत चोरी करते पकड़े गए पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई। जांच में विजलेंस उपनिरीक्षक ओम प्रकाश राय, दिवान असद उस्मानी व रविन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे। जिन क्षेत्रों में विजलेंस का जांच अभियान चला उस क्षेत्र के अधिकतर लोगों ने दुकान व मकान का शटर व दरवाजा बंद कर कुछ देर के लिए खिसकने में ही भलाई समझी। इंद्रामिल फीडर के अवर अभियंता ज्योति प्रकाश के नेतृत्व में जांच टीम रजपुरा कालोनी, नेशनल तिराहा, गंगापुर व बरइला में चेकिंग में 23 बकायेदारों के लाइन काटने के साथ 2.75 लाख की वसूली की। इसी तरह कार्पेट सिटी फीडर के अवर अभियंता मनोज कुमार की टीम ने शहर के घमहापुर व नुरखानपुर में जांच के दौरान दस बकायदारों के लाइन काटने के साथ ही 55 हजार की बकाया वसूली भी की। नई बाजार फीडर के अवर अभियंता सुजीत पटेल के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम ने सिधवन व नई बाजार में जांच अभियान चलाया जिसमे दस बकायेदारों की बत्ती गुल करने के साथ ही 2.10 लाख की वसूली भी किया। साथ ही कुछ उपभोगताओं का लोड भी बढ़ाया गया। जांच अभियान से नगर में हड़कंप की स्थित बनी रही।

# विजय मिश्रा गैंग के सक्रिय सदस्य सुरेश केशरवानी की दो मंजिला ईमारत कुर्क

**कार्रवाई**

### कुर्क किये गए दो मंजिला भवन की कुल अनुमानित कीमत 2 करोड़ 20 लाख रुपये

**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित संगठित अपराध की रीढ पर प्रहार नीति के तहत भदोही पुलिस व प्रशासन द्वारा संगठित पेशेवर अपराधियों के विरूद्ध लगातार कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में कुख्यात गैंगस्टर अभियुक्तों की अवैध सम्पत्ति जब्तीकरण के क्रम में मु.अ.सं. 109/2022 धारा-3(1) उ.प्र गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी किया-कलाप (निवारण) अधिनियम थाना गोपीगंज जनपद भदोही से सम्बंधित चिन्हित सफेदपोश माफिया गैंग लीडर अभियुक्त विजय कुमार मिश्र गैंग के सक्रिय सदस्य सुरेश केशरवानी पुत्र देवी प्रसाद निवासी नारेपार सीतामढ़ी थाना कोइरौना जनपद भदोही द्वारा आधुनिक सुविधाओं से युक्त दो मंजिला भवन का निर्माण कराया गया है। ताकि अपने अवैध धन को वैध रूप दे सके, जिसकी कुल अनुमानित कीमत दो करोड़ बीस लाख रुपए अर्जित किया गया है। आपराधिक कृत्यों के अर्जित धन से क्रय की गई, उक्त सम्पत्ति को जिला मजिस्ट्रेट भदोही, गौरांग राठी द्वारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत राज्य सरकार के पक्ष में कुर्क करने का आदेश पारित किया गया है। सुरेश केशरवानी उपरोक्त वर्ष 2006 से अपराध जगत में सक्रिय रहकर अपराध कारित करता रहा है। गैंग लीडर कुख्यात माफिया विजय मिश्रा का दाहिना हाथ बनकर उसके अवैध कारोबार एवं राजनैतिक कार्यों में सहयोग करता रहा है तथा प्रभाव का प्रयोग कर अवैध धन अर्जित किया है। गैंगलीडर चिन्हित माफिया के विरुद्ध हत्या, लूट, अपहरण, बलात्कार, मारपीट, सम्पत्ति हड़पने, जालसाजी, रंगदारी सहित गम्भीर अपराधों के कुल 83 अभियोग पंजीकृत हैं।

# दूसरी बच्ची के जन्म पर भी महिलाओं को मिलेगा लाभ

**बदलाव**

### अगले हफ्ते खुल जाएगा पीएम मातृ वंदना योजना का पोर्टल

### तीन किस्त की जगह अब दो किस्तों में होगा पूरा भुगतान

**भदोही।** पहली बार मां बनने पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत मिलने वाली राशि पांच हजार रुपए अब दूसरे जन्मे बच्ची पर भी मिल सकेगी। साथ ही यह राशि अब दो किस्तों में मिलेगी। जबकि पहले यह राशि तीन किस्तों में मिलती थी और पहली बार मां बनने पर ही मिलती थी।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सन्तोष कुमार चक ने एक बैठक में बताया कि हर गर्भवती के बेहतर स्वास्थ्य के लिए यह अति महत्वाकांक्षी योजना है। इससे लाभान्वित करने के लिए विभाग हर स्तर से प्रयास कर रहा है। जिले में यह योजना एक जनवरी 2017 से संचालित है। इस योजना के अन्तर्गत गर्भवती व धात्री माताओं को तीन चरणों में 5000 रुपए की धनराशि मानदेय के रूप में दी जाती है। अब इसको दूसरे जन्मे बच्ची पर भी लाभ दिया जाएगा। हालांकि तकनीकी वजहों से पोर्टल कुछ दिनों के लिए बंद किया गया है। अगले सप्ताह पोर्टल खुलते ही पात्र महिलाएं आवेदन कर सकेंगी। उन्होंने बताया कि हर गर्भवती के बेहतर स्वास्थ्य के लिए यह अति महत्वाकांक्षी योजना है। इससे लाभान्वित करने के लिए विभाग हर स्तर से प्रयास कर रहा है। जिले में यह योजना एक जनवरी 2017 से संचालित है। जिले में 1 जनवरी 2017 से आज तक 76937 गर्भवती महिलाओं को लाभ पहुंचाया गया है। लेकिन अब इसको दूसरे जन्मे बच्ची पर भी लाभ दिया जाएगा। फिलहाल पोर्टल कुछ दिनों के लिए बंद है। उन्होंने अपील की है कि पात्र लोग घबराएं नहीं। अगले सप्ताह से नए लाभार्थी भी इस योजना के लिए आवेदन कर सकेंगे।

### हेल्पलाइन पर संपर्क कर योजना का पाएं लाभ

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ लेने के लिए प्रथम बार गर्भधारण करने वाली पात्र महिला लाभार्थी राज्य स्तर से जारी हेल्पलाइन न. 7998799804 व क्षेत्रीय आशा एवं एएनएम से संपर्क करने और योजना का लाभ उठाएं।

### दस्तावेज आएंगे काम

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जिला कार्यक्रम सहायक अभय ने बताया कि आवेदन के लिए जरुरी दस्तावेज आधार कार्ड की फोटो कॉपी, बैक या पोस्ट ऑफिस खाता की पासबुक, आधार नंबर होने पर पहचान संबंधी पत्र जरूरी है। जानकारी हेतु प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर तैनात आशा व एएनएम से सम्पर्क कर सकते है।

# 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित गांजा तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**भदोही।** जनपद के रास्ते मादक पदार्थों की तस्करी के रोकथाम व मादक पदार्थों की बरामदगी तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में थाना औराई पुलिस टीम द्वारा गत 1 फरवरी की रात्रि में राष्ट्रीय राजमार्ग माधोसिंह अण्डर पास पर चेकिंग के दौरान पांच बोरे में कुल 38 बण्डल (वजन 01 कुन्तल 17 किग्रा) नाजायज गांजा, तस्करी में प्रयुक्त एक अदद चार पहिया वाहन कीमती करीब 22 लाख रुपए बरामद किया गया था। उक्त बरामदगी के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा बरामदशुदा गांजा के तस्करी में संलिप्त गांजा तस्करों की गिरफ्तारी हेतु 25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित किया गया। पुलिस के अनुसार उक्त निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा अथक प्रयास कर गांजा तस्करी में प्रकाश में आए वांछित 25,000 पुरस्कार घोषित अंतर्जनपदीय गांजा तस्कर प्रमोद कुमार पुत्र रामराज निवासी हथिगांहा थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज उम्र करीब 43 वर्ष को उसके निवास जनपद प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया।

# एकीकृत चिकित्सा शिक्षा के स्नातक भी सफल चिकित्सक

## आयुर्वेद को जानबूझकर गौण बनाया गया

अश्वनी कुमार श्रीवास्तव



डॉ. ओपी सिंह, नीमा के पूर्व अध्यक्ष

खास मुलाकात

राष्ट्रीय एकीकृत मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) एक भारतीय गैर सरकारी संगठन की सामान्य चिकित्सा है जिसमें आधुनिक चिकित्सा के अध्ययन और ज्ञान शामिल है, चिकित्सा और प्राचीन भारतीय चिकित्सा यानी आयुर्वेद / यूनानी / सिद्ध के वैज्ञानिक एकीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनआईएमए आधिकारिक तौर पर स्थापित किया गया था।

नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) वाराणसी इकाई के पूर्व अध्यक्ष डा.ओपी सिंह ने जनसंदेश टाइम्स से खास मुलाकात में बताया कि नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन 1948 में स्थापित एक भारतीय गैर-सरकारी संगठन है, एकीकृत चिकित्सा शिक्षा लगभग 75 साल पहले शुरू की गई थी, हालांकि इन पाठ्यक्रमों से निकलने वाले स्नातक इस देश की स्थितियों के लिए बहुत सफल चिकित्सक साबित हुए। फादर ऑफ सर्जरी महर्षि सुश्रुत को कहा गया, लेकिन अंग्रेजों के जमाने में ऋषि सुश्रुत के ग्रंथ का अंग्रेजीकरण होने के बाद आयुर्वेद का विकास नहीं होने दिया गया।

### ऐसे हुई नीमा की स्थापना

डा. ओपी सिंह ने बताया कि पहला बड़ा प्रयास 1947 में नेशनल मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की स्थापना का था, जिसने जल्द ही देश के उत्तरी राज्यों में अपनी गतिविधियों का प्रसार किया। 1953 के बाद से बॉम्बे, मैसूर और मद्रास आदि राज्यों में एकीकृत चिकित्सकों के अन्य संघ स्थापित किए गए, जिनका नाम बॉम्बे स्टेट इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (बाद में महाराष्ट्र स्टेट इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन और गुजरात स्टेट इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन) इंटीग्रेटेड एसोसिएशन था।

### 11 सौ संगठित शाखाएं

23 राज्यों में 11 सौ संगठित शाखाएं आज नीमा भारतीय चिकित्सा पद्धति के संस्थागत रूप से प्रशिक्षित और योग्य चिकित्सकों का एकमात्र अखिल भारतीय संगठन है, जिन्होंने कम से कम चार वर्षों की अवधि के लिए आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध और आधुनिक चिकित्सा का संयुक्त अध्ययन किया है।

### असाध्य रोगों में आयुर्वेद कारगर

आयुर्वेद के प्रति लोगों में बढ़ा रुझान बदलती मौसमी बयार में रोगों में बदलाव तो हुआ तो लोगों ने आयुर्वेद के तत्व को भी समझना शुरू कर दिया। आज असाध्य रोगों के लिए भी लोग आयुर्वेद का सहारा ले रहे हैं।

# गुड फ्राइडे : क्रूस पर लटकाये जायेंगे प्रभु यीशु



**फिर पढ़े जायेंगे क्रूस पर दिए गये यीशु के सात वचन**

**तीन दिन बाद पुनः जीवित हो उठेंगे प्रभु यीशु मसीह**

**सात अप्रैल को मनाया जायेगा गुड फ्राइडे**

राधेश्याम कमल

**वाराणसी। गुड फ्राइडे या पवित्र शुक्रवार ईसाई धर्म का दूसरा प्रमुख त्योहार है। इस बार यह पर्व 7 अप्रैल 2023 को मनाया जाएगा। गुड फ्राइडे की तिथि का निर्धारण ईस्टर रविवार की तिथि से तय होता है। ईस्टर रविवार से तीन दिन पहले हर साल गुड फ्राइडे मनाया जाता है। ईस्टर ईसाई धर्म में वह पवित्र दिन माना जाता है जिस दिन ईसा मसीह मृत्यु के तीन दिन बाद पुनः जीवित हो उठे थे।**

### पवित्र शुक्रवार को ईसा मसीह को मृत्यु दंड के बाद क्रूस पर लटकाया गया

ईसा मसीह को क्रूस पर क्यों लटकाया गया? इस संदर्भ में कहा जाता है कि, यहूदियों के कट्टरपंथी धर्मगुरुओं को ईसा मसीह की प्रसिद्धि से डर सताने लगा था। इसलिए वो ईसा मसीह के विरोधी हो गये थे। ईसा मसीह खुद को ईश्वर का पुत्र बताते थे लेकिन यहूदी धर्म गुरुओं को ईसा में मसीहा जैसा कुछ नहीं दिखता था। इसलिए उन धर्मगुरुओं को यह बात बहुत खलती थी कि ईसा अपने को ईश्वर का पुत्र कहते हैं। ऐसे धर्म गुरुओं ने उस समय के रोमन गवर्नर पिलातुस से ईसा मसीह की शिकायत की और ईसा को धर्म एवं राष्ट्र के लिए खतरा बताया। कट्टरपंथियों यहूदियों के क्रांति फैलाए जाने के भय से रोमन गवर्नर पिलातुस ने ईसा मसीह को सूली पर लटकाए जाने की सजा सुना दी।

### यीशु के सात वचनों को गुड फ्राइडे के दिन चर्चेज में पढ़ते हैं पादरी

तीन दिन बाद पुनः जीवित हो उठे प्रभु यीशु मृत्यु के बाद ईसा मसीह फिर तीन दिन बाद पुनः जीवित हो उठे। उन्होंने अपने शिष्यों से मिलकर उन्हें धर्म के प्रचार का संदेश दिया और फिर 40 दिन बाद स्वर्ग चले गए। ईसा मसीह 12 शिष्यों ने ईसा के जाने के बाद ईसा के संदेशों का प्रचार प्रसार किया। ईसा मसीह ने हमेशा सभी के लिए अच्छा ही चाहा। उनके लिए भी नहीं जिन्होंने उन्हें मृत्युदंड और यातनाएं दी। इसलिए उनके अनुयायी उस दिन को गुड फ्राइडे के रूप में मनाते हैं जिस दिन उन्हें सूली पर लटकाया गया था। वैसे ईसा को क्रूस पर लटकाए जाने के कारण इसे ब्लैक फ्राइडे भी कहा जाता है। गुड फ्राइडे को सेंट मेरीज महागिरजा घर में क्रूस का रास्ता और आराधना संग नाट्य का मंचन भी किया जाएगा।

### रोमन सैनिकों ने ईसा मसीह पर बरसाए कोड़े

बाइबिल में बताया गया है कि, सजा सुनाए जाने के बाद रोमन सैनिकों ने ईसा मसीह पर कोड़े बरसाए। इन्हें कई तरह की यातनाएं दी गई। उन्हें अपमानित किया गया। अंत में गुड फ्राइडे के दिन इन्हें क्रूस पर टांग दिया गया। कहते हैं इतनी पीड़ा और अपमान सहने पर भी ईसा मसीह विचलित नहीं हुए। उन्होंने अंतिम समय में भी सभी के लिए दुआएं मांगी और सभी के पापों को अपने ऊपर ले लिया। इस दौरान उन्होंने क्रूस पर सात वचन लिए।

# रामछाटपार में बच्चों ने बनायी पेंटिंग

**बाल कला दिवस**

**छोटे-छोटे 75 बच्चों ने की भागीदारी**

**राम छाटपार शिल्प न्यास भारत, महेश नगर कालोनी में आयोजन**





**वाराणसी।** काशी में गंगा के पावन तट पर स्थित राम छाटपार शिल्प न्यास संगीत, कला, साहित्य को समर्पित संस्था में बुधवार को छोटे बच्चों का बाल कला दिवस का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने अपने नन्हें हाथों से पेंटिंग बनायी। छोटे-छोटे नन्हें बच्चों की कलाकृतियों को देख कर हर कोई सम्मोहित था। हर कोई उनकी तारीफ कर रहा था। हर वर्ष बाल कला दिवस राम छाटपार शिल्प न्यास के प्रांगण में यह आयोजन किया जाता है। विगत 5 वर्षों से यह आयोजन शिल्प न्यास में आयोजित हो रहा है। बाल कला दिवस कार्यक्रम में वाराणसी के बाल विद्यालयों के बच्चों की भागीदारी अद्भुत होती है। शिल्प न्यास का प्रांगण एवं संग्रहालय की इशी गॅलरी पूरी तरह से भर गया था। बच्चे बिल्कुल नवीन तरीके से एवं पूरी तरह से स्वतन्त्र होकर चित्रों की रचना में मगन रहे। जो अपने आप में बहुत ही रोमांचक था। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. मदन लाल ने किया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक भी मौजूद थे। राम छाटपार शिल्पन्यास की स्थापना 1989 में गुरू राम छाटपार (आधुनिक) मूर्तिशिल्पी) की स्मृति में स्थापित है। न्यास के प्रथम अध्यक्ष पद्मश्री स्वर्गीय प्रो शंखो चौधुरी (वरिष्ठ मूर्तिकार) थे। गुरू राम छाटपार के कला में समर्पण की भावना से प्रेरित होकर यह संस्था आधुनिक एवं समकालीन मूर्तिकला क्षेत्र के विकास में नवीन प्रयोगों को लेकर समर्पित है। पिछले 34 वर्ष से राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों को आयोजित कर ख्याति प्राप्त कर रही है। रेत में आकृति की खोज, कला-शिलपोत्सव, स्थपनोत्सव, मासिक संगीत- पूर्णिमा एवं कला प्रदर्शिनी आदि पूरे वर्ष में 30 कार्यक्रमों को राम छाटपार शिल्पन्यास द्वारा आयोजित करने का श्रेय प्राप्त है।

# सौरभ ने किया पक्के घाट का शिलान्यास

**आगाज**

**सामनेघाट में 12.24 करोड़ की लागत से बनेगा 110 मीटर पक्का घाट**



विधायक सौरभ ने किया शिलान्यास

**वाराणसी।** कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने बुधवार को पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत 12.24 करोड़ की लागत से बनने वाले 110 मीटर लंबे पक्के घाट का शिलान्यास किया। विधायक ने सामनेघाट में पक्का घाट बनवाने के लिए प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह का हृदय से आभार ज्ञापित किया। विधायक ने कहा कि ₹प्रतिवर्ष छठ पूजा के दौरान हजारों लोगों की भीड़ सामनेघाट पर पूजा-अर्चना करती है। अन्य त्योहारों पर भी घाट पर हजारों की भीड़ उमड़ती है। पक्के घाट के अभाव में लोग अक्सर गिर जाते थे, उन्हें गंभीर चोट लग जाती थी। मैने प्रदेश के पर्यटन मंत्री से जज गेस्ट हाउस के सामने एक पक्का घाट बनवाने का निवेदन किया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर अपने विभाग को निर्देशित कर दिया। पर्यटन मंत्री काशी के प्रभारी मंत्री भी हैं। बहुत कम समय में उन्होंने काशी का चप्पा-चप्पा छान लिया है। वह काशी की आवश्यकताओं को समझते हैं और उसी अनुरूप सही निर्णय लेते हैं। विधायक ने यह भी कहा कि इस घाट का नाम 'छठी मईया घाट' या 'छठ घाट' रखने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजेंगे। विधायक ने शिलान्यास का पूजन व्यास राकेश चंद्र पांडेय से कराया। भाजपा किसान मोर्चा के महानगर महामंत्री और भगवानपुर के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अमित सिंह 'चिंटू' ने नारियल फोड़ पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर भाजपा महानगर उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, महानगर मंत्री डॉ. अनुपम गुप्ता, भाजपा स्वच्छता विभाग के महानगर सह संयोजक राजकुमार सिंह, महानगर कार्यसमिति सदस्य रितेश राय, महामना मंडल मंत्री द्वय अनूप यादव व पवन सिंह, बूथ अध्यक्ष अभय द्विवेदी, राजगृही सिंह, चंदन राय आदि कार्यकर्ताओं के साथ कपिलदेव पांडेय, ओमप्रकाश द्विवेदी, गोपाल जालान, अवधेश गिरी, जगदीश तिवारी, कृष्णानंद चतुर्वेदी, अनिल मिश्रा, राजेंद्र श्रीवास्तव और जगदीश त्रिपाठी आदि रहे।

# गेहूं क्रय केंद्रों को अन्नदाताओं का इंतजार

**बोहनी नहीं**

**विभिन्न समितियों पर पूरी तैयारी का दावा, गिने-चुने किसानों ने लिए टोकन**



**वाराणसी।** जनपद के सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर किसानों से गेहूं खरीदने की लिए सभी स्तर पर तैयार कर लिये जाने का दावा है। सहकारी साधन समितियों को खरीद के लक्ष्य भी दे दिये गये हैं। शासन के निर्देश पर आगामी 15 जून तक गेहूं की खरीद चलेगी। वर्तमान में गेहूं की कटाई और मड़ाई जारी है। उम्मीद की जा रही है कि यह कार्य समाप्त होने के बाद क्रय केंद्रों पर अन्नदाताओं की आमद शुरु हो जाएगी। पिंडरा प्रतिनिधि के अनुसार बाबतपुर स्थित सहकारी समिति के सचिव आशुतोष सिंह ने बताया कि अबकी 8.50 हजार कुं. का टार्गेट मिला है लेकिन अबतक किसी भी किसान ने नंबर नहीं लगाया है। फूलपुर स्थित समिति के सचिव इंदु प्रताप सिंह ने भी इतने की लक्ष्य की जानकारी दी। यहां भी अभी कोई अन्नदाता गेहूं बेचने नहीं पहुंचा है। समिति पर गजोखर के जितेंद्र राय व साहब दयाल मिश्र एवं मानी गांव के महेश्वरी सिंह ने अपनी उपज बेचने के लिए नंबर लगाया है।

दानगंज प्रतिनिधि के मताबिक चोलापुर स्थित समिति के क्रय पर तीन कृषकों ने टोकन लिया है। यहां किसानों के लिए आवश्यक व्यवस्था अबतक नहीं हो सकी है। सचिव ने बताया कि मौसम खराब होने के कारण ऐसा हुआ। जल्द ही जरूरी इंतजाम कर लिए जाएंगे।

चिरईगांव प्रतिनिधि के अनुसार नरायनपुर एवं जाल्हूपुर स्थित क्रय केंद्र पर बोरा व अन्य सामग्री उपलब्ध है लेकिन यहां अभी खरीद आरंभ नहीं हुई है। जंसा प्रतिनिधि के मुताबिक सेवापुरी ब्लॉक के लेढ़ुवाई, कपसेठी, तक्खू बावली और भटवली में क्रय केंद्र स्थापित हैं। कपसेठी सेंटर के प्रभारी दयाशंकर ने बताया गेहूं की खरीद अभी शुरु नहीं हुई है।

# भिखारीपुर से आज निकलेगी हनुमान ध्वजा यात्रा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** शिव की नगरी काशी में यूं तो सभी देवी देवताओं का वास है इन्हीं देवी देवताओं में एक कष्टों को हरने वाले राम भक्त हनुमान भी यहां विराजते हैं हनुमान जन्मोत्सव पर हर वर्ष काशी के विभिन्न जगहों से ध्वजायात्रा निकाली जाती है, लेकिन इस ध्वजा यात्रा में सबसे खास ध्वजायात्रा भिखारीपुर तिराहे से निकलने वाला श्री हनुमत सेवा समिति की होती है। हनुमान जयंती पर यह ध्वजा यात्रा गुरुवार 6 अप्रैल को प्रातःकाल सात बजे निकाली जायेगी। हनुमान ध्वजा यात्रा भिखारीपुर तिराहे से होकर सुंदरपुर, नरिया, लंका होती हुई संकटमोचन मंदिर पहुंचेगी जहां पर संकटमोचन हनुमान को ध्वजा अर्पित की जायेगी। कार्यक्रम संयोजक रामबलि मौर्य बताते हैं कि शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु नंगे पैर पहुंचते हैं। नंगे पांव हाथों में ध्वज और जुबां पर ₹जय श्री राम₹ का नाम संग हनुमान दरबार पहुंचकर अपने ध्वजा को हनुमान लला के श्री चरणों में अर्पित कर पुनः इस ध्वजा को अपने घरों पर लगाकर शुभता की कामना करते हैं। गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार के साथ ही काशी के पड़ोसी जिलों के ग्रामीण परिवेश की

**हजारों लेंगे भाग**

**दर्जनों आकर्षक झांकियां रहेंगी**

महिलाएं इस ध्वजा यात्रा की सबसे मुख्य आकर्षण होती है जिनकी श्रद्धा नमन योग्य होता है। शोभायात्रा में सबसे आगे मुख्य ध्वज रहेगा जिसकी लंबाई 75 फिट होगी, जो इस वर्ष का विशेष आकर्षण होगा। वही 70 फीट लंबे रथ पर सजता है राम दरबार की झांकी, मुख्य अपने आकार और सजावट के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। शोभायात्रा में दर्जनों झांकियां और कीर्तन मण्डलियां शामिल रहेगी।

### धर्मसंघ में बालाजी के हवन के साथ आज होगा धर्मशास्त्र का वितरण

वाराणसी। हनुमान प्राकट्य दिवस पर 6 अप्रैल को दुर्गाकुंड स्थित धर्मसंघ परिसर में स्थापित मेहंदीपुर बालाजी का सवामणी हवन भोग के साथ धर्मशास्त्र व धर्मशास्त्र का वितरण होगा। धर्मसंघ के महामंत्री जगजीतन पाण्डेय ने बताया गुरूवार को श्रीहनुमान प्राकट्य के अवसर धर्मसंघ में स्थापित मेहंदीपुर बाला जी का विशेष श्रृंगार व पूजन व सवामणी हवन व भोग लगाया जाएगा। इसके साथ ही1008 हनुमान भक्तों को धर्मशास्त्र व धर्मशस्त्र का वितरण किया जाएगा। बताया कि धर्मसम्राठ स्वामी श्री करपात्री जी महाराज द्वारा स्थापित धर्मसंघ शिक्षा मण्डल में बने मेहंदीपुर बालाजी हनुमान के साथ श्री भैरवबाबा व प्रेतराज सरकार के मूल विग्रह के पाषाण कृतियों का वैदिक रीति से किया जाएगा। पूजन के बाद हनुमान चालीसा पाठ के बाद श्री हनुमान चरित्र का सजीव मंचन किया जायेगा। समिति के आचार्य महेश चन्द्र मिश्र के संयोजन में बालाजी का दरबार लगाया जाएगा।

## संकटमोचन मंदिर में अर्पित की गई ध्वजा

**वाराणसी।** हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी समिति के तत्वावधान में हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी बुधवार को प्रातःकाल धर्मसंघ में क्षेत्रपालेश्वर महादेव मंदिर में पूजन अर्चन किया गया। मुख्य अतिथि रमेश कुमार चौधरी मंटू जालान, कौशल शर्मा, सुरेश तुलस्यान महेश चौधरी, अरविंद जैन मनीष गिनोडिया विश्वनाथ पोद्दार ने हनुमान जी की आरती उतारी। तत्पश्चात भक्तों को ध्वजा देकर यात्रा की शुभारंभ की। हनुमान ध्वजा यात्रा रविंद्र पुरी, दुर्गाकुंड, त्रिदेव मंदिर होते हुए संकट मोचन मंदिर पहुंची जहां भक्तों ने प्रभु के चरणों में ध्वजा अर्पण किया। यात्रा में महिलाएं पुरुष बच्चे हनुमान ध्वजा लिए चल रहे थे। रास्ते भर भक्त भजन गाते हुए चल रहे थे बोल थे। ध्वजा यात्रा मंदिर पहुंचकर प्रभु के चरणों में ध्वजा अर्पण की। तत्पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ प्रभु की आरती उतारी प्रसाद का भोग लगा, भक्तों में वितरण हुआ। संयोजन में अध्यक्ष कौशल शर्मा अरविंद जैन मनीष गिनोडिया विश्वनाथ पोद्दार, सुरेश तुलस्यान गोकुल शर्मा मनीष मरोलिया विकास अग्रवाल वेदमूर्ति शास्त्री आदि लोग शामिल थे।



# ट्रंप की कोर्ट में पेशी का क्या है संकेत

## पूर्व राष्ट्रपति ने आरोपों को मानने से किया इनकार

## अगले चुनाव को लेकर दिख रही है दोनों खेमे में पेशबंदी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गिरफ़्तारी के बाद कोर्ट में उनकी पेशी जितनी ऐतिहासिक थी उतनी ही नाटकीय भी। लेकिन लगता है कि जिन आपराधिक आरोपों का वह सामना कर रहे हैं, उससे लोगों के विचार नहीं बदलने जा रहे। महज दो सप्ताह पहले, ट्रंप ने अनुमान लगाया था कि न्यूयॉर्क सिटी में उन पर मुकदमा चलाया जाएगा। ट्रंप समेत जब हर कोई सजा के इंतजार में था, तब तरह तरह की अफवाहें उड़ रही थीं। हालांकि, उनके खिलाफ जब आरोप लगाए गए उसके बारे में लगभग हर किसी पहले से जानकारी हो चुकी थी। एडल्ट फिल्म स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को चुप रहने के लिए किए गए भुगतान को लेकर उन पर 34 गंभीर आरोप लगाये गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप के साथ कोर्टरूम में क्या हुआ और अब आगे क्या होगा? हालांकि उन पर आपराधिक साज़िश के आरोप नहीं लगे। ग्रैंड ज्यूरी की ओर से ऐसा कोई नया अपराध आरोपित नहीं किया गया है जो किसी से छुपा हो। यह कोई मुश्किल मामला नहीं था। मंगलवार सुबह जब ट्रंप मैनहैटन में जागे तब तक स्थिति काफी साफ हो चुकी थी।

### डेमोक्रेट्स ने चुप्पी रखी है साध

भले ही कुछ सबूत इस ओर की इशारा करते हैं कि पैसे का भुगतान चुनाव को प्रभावित करने के पैटर्न का हिस्सा है, जैसा कि अभियोजन पक्ष का दावा है, तब भी ये मामला हमारे लिए नया था। इससे पता चलता है कि जैसे जैसे ट्रायल आगे बढ़ेगा, पिछले कुछ दिनों से संघर्ष की जो स्थिति बन रही थी, वो होती जाएगी। ट्रंप ने जब पहली बार सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि उन पर आपराधिक आरोप लगाए जा सकते हैं, तभी से रिपब्लिकन पार्टी के नेता उनके बचाव में मजबूती से खड़े हैं अब ऐसा लगता है कि इस मामले में वह एकजुट बने रहेंगे। यहां तक कि यूटा के सीनेटर मिट रोमनी ने एक बयान जारी कर कहा, मिस्टर ब्रैग (जज) राजनीतिक एजेंडा पूरा करने के लिए ही मामले को खींच कर गंभीर अपराध के आरोप तक ले गए। उन्होंने कहा, अभियोजकों का हद पार करना, राजनीतिक विपक्षियों को अपराधी ठहराने की एक खतरनाक मिसाल है अब हमारे न्यायिक तंत्र पर जनता के भरोसे को ठेस पहुंचाने वाला है। लेकिन दिलचस्प है कि इस समय डेमोक्रेट चुप हैं अब राष्ट्रपति जब बाइडेन का इशारा पाकर इस मुकदमे के बारे में शांत हैं। मुकदमे की इस कार्यवाही पर वे चुप रहना ही चाहेंगे क्योंकि उनके उलझने से पूर्व राष्ट्रपति के राजनीतिक भविष्य का नुकसान पहुंचने की बजाए रिपब्लिकन पार्टी की अपनी लामबंदी मजबूत करने का मौका मिल जाएगा।

### आखिर क्या चाहते हैं ट्रंप

अदालत के कमरे में ट्रंप के चेहरे पर कोई भाव नहीं था। वहां उन्होंने अपने ऊपर लगाए आरोपों से इनकार किया। लेकिन उनकी सोशल मीडिया वेबसाइट अब पूरे दिन चंदा इकट्ठा करने की अपील से ऐसा लगता है कि वह इस घटना का अपने पक्ष में इस्तेमाल करना चाहते हैं। यही नहीं, उन्होंने लगातार जज मिस्ट ब्रैग अब न्यूयॉर्क सिटी के अभियोजकों की टीम के खिलाफ निशाना साधा। इसी की वजह से पीठासीन जज जुआन मर्चैन का आगे से उकसाऊ बयान देने को लेकर ट्रंप को चेतावनी तक देनी पड़ी। ट्रंप ने मर्चैन की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए अ[illegible]ए मुकदमे को मैनहैटन से ट्रांसफर कर स्टैटन आईलैंड भेजने की अपील की, जहां ज्यूरी में ट्रंप समर्थक अधिक हो सकते हैं। ये भी कहा जा रहा है कि उनके वकील मुकदमे की सुनवाई से पहले ही आरोपों को खारिज कर देने की याचिका दायर करने वाले हैं। भले ही ट्रंप इस मुकदमे को बेहद कमजोर कहते हुए खारिज कर रहे हैं लेकिन उनकी कानूनी टीम की मुसीबत का अंत सिर्फ न्यूयॉर्क में ही नहीं है। एक संघीय विशेष जांच अब जॉर्जिया डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी ट्रंप के इस मामले में अपनी स्वतंत्र जांच भी कर रहे हैं अब वह अलग से आरोप लगा सकते हैं। अब इस तरह जज ब्रैग पर इतिहास बनाने के भार को साझा सकते हैं।

### बाइडेन अमेरिका को ट्रंप से आगे कैसे ले जाएंगे

अमेरिका राष्ट्रीय स्तर पर हाई प्रोफाइल कानूनी मामले का ड्रामा देख चुका है। अब अमेरिकी जनता के सामने दोनों पक्ष हैं, साथ में भविष्य में भी बहुत कुछ छिपा है। आने वाले समय में कानूनी लड़ाई अब तीखी होगी जब एक तरफ कोर्ट में सुनवाई शुरू होगी। अब चुनावी अभियान भी तेज होंगे। अमेरिका के सबसे उथल पुथल वाले इस मामले में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप का अपना रास्ता बनाना है। संभवतया, अमेरिका के पहले रियलिटी शो वाले राष्ट्रपति रहे ट्रंप के लिए ऐसे अभूतपूर्व घटनाक्रम कोई आश्चर्यजनक बात नहीं होनी चाहिए क्योंकि ट्रंप ने पिछले आठ सालों से सारी राजनीतिक परम्पराओं में शिष्टाचार को तिलांजलि देने की आदत बना रखी है। जज मर्चैन ने ट्रंप की सुनवाई के दौरान कोर्ट में टेलीविजन कैमरा के जरिए वीडियो बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया था ताकि कोर्ट का मामला सर्कस जैसा न बना जाए, जैसी आशंका थी। लेकिन कोर्ट के बाहर मीडिया के सामने ट्रंप के समर्थकों और विरोधियों के बीच जिस तरह की नारेबाजी और प्रदर्शन चल रहे थे, आखिरकार वे सर्कस से कम नहीं थे।